आज का मौसम
28.0⁰ अधिकतम तापमान
16.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.50
सूर्यास्त 06.36

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी 01:17 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 12 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 46, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी : मोदी - 12



■ डीजल पर 55.5 और एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क - 12



■ भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे - 13




■ आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल में - 14

# वार्ता से शांति की तलाश

## इस्लामाबाद में दो घंटे तक चली पहले दौर की बैठक | ईरान ने कहा- लेबनान पर हमले तुरंत बंद किए जाएं

## दूसरे दौर की वार्ता आज, अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस | ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबफ हैं मुख्य वार्ताकार

- अमेरिका-ईरान के अधिकारियों ने आमने-सामने बातचीत की व्हाउट हाउस ने पुष्टि की
- लेबनान और इजराइल के बीच मंगलवार से प्रत्यक्ष वार्ता शुरू होगी : लेबनानी राष्ट्रपति

इस्लामाबाद, एजेंसी

इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका के बीच जारी संघर्षविराम वार्ता का पहला राउंड दो घंटे तक चला। इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। दोनों देशों के बीच अब दूसरे दौर की वार्ता रविवार को होगी।

47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

इस वार्ता का उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक स्थायी शांति समझौते पर पहुंचना है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को पंगु बना दिया है और व्यापक पैमाने पर आर्थिक व्यवधान पैदा किए हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में यह शांति वार्ता ईरान और अमेरिका द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा किए जाने के चार दिन बाद हो रही है। हालांकि, लेबनान पर इजराइल के बड़े पैमाने पर हमलों में 300 से अधिक लोग मारे गये हैं। तेहरान ने दावा किया कि हमले ने युद्धविराम समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है, वहीं अमेरिका और इजराइल ने कहा कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा नहीं था। शनिवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचने के बाद, गालिबफ ने कहा, हमारे मन में सद्भावना तो है, लेकिन अमेरिकियों पर हमें भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष वास्तविक समझौते के लिए तैयार है, तो वह तेहरान की तत्परता को देखेगा। ईरान ने वार्ता के लिए 10 सूत्री योजना रखी है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने इस्लामाबाद में ईरान के डेलिगेशन से आमने-सामने मुलाकात की है। वहीं, लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा है कि उनके देश की इजराइल के साथ प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार से शुरू होगी।





इस्लामाबाद : शांति वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ से बात करते हुए। दांए : पाकिस्तान पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस।

### प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पहुंचे गालिबाफ



तेहरान। गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

### अमेरिका ने होर्मुज को खोलना शुरू किया : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि ईरान की सेना तबाह हो चुकी है और अमेरिका होर्मुज को खोलना शुरू कर रहा है। हम अब चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जर्मनी और कई अन्य देशों समेत दुनियाभर के देशों के हित में होर्मुज को खोलने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि उनमें यह काम खुद करने का साहस नहीं है।

# छात्रसंघ समारोह में सीएम बोले युवा ही राष्ट्र निर्माण की शक्ति

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- सीएम धामी ने डीएवी कॉलेज के छात्र संघ समारोह में युवाओं को संबोधित किया
- कहा-युवाओं की सोच व ऊर्जा करती है भारत की विकास की दिशा निर्धारित

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को डीएवी पीजी कॉलेज, देहरादून में छात्रसंघ समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताया। कहा कि, युवा केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी हैं। उनकी ऊर्जा, संकल्प और नवाचार की सोच ही भारत के विकास की दिशा निर्धारित करती है। उन्होंने छात्र राजनीति को नेतृत्व विकास, संगठन क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

धामी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे संगठनों से जुड़कर युवाओं में राष्ट्र सेवा, चरित्र निर्माण और सामाजिक चेतना का विकास होता है। परिषद के कार्यकर्ता, शिक्षा संस्थानों से लेकर देश की सीमाओं तक राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण करना भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में युवाओं को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसी पहलें शामिल हैं, जिन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य सरकार उत्तराखंड को शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। 9 नए महाविद्यालयों की स्थापना, 20 मॉडल कॉलेजों का निर्माण, महिला छात्रावास, आईटी लैब एवं परीक्षा भवनों का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने डीएवी पीजी कॉलेज के अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शैक्षणिक ब्लॉक में दो अतिरिक्त तल के निर्माण की घोषणा भी की।



सीएम से युवाओं में हाथ मिलाने का खासा उत्साह दिखाई दिया।

### सीएम धामी ने की धुआंधार घोषणाएं

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को नैनीताल जिले के एक दिवसीय दौरे में कई घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने भीमताल में उप तहसील बनाने, ओखलकांडा के भीड़ापानी में आयुर्वेदिक चिकित्सालय की स्थापना करने, विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित करने, रामगढ़, धारी व ओखलकांडा में किसानों के लिए मंडी निर्माण कराने, लेटीबुंगा व सतबुंगा में कोल्ड स्टोरेज बनाए जाने और ककोड़ व दाड़िम में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस, हल्द्वानी में जनपद नैनीताल के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, वन एवं विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए स्थायी समाधान और जवाबदेही तय करने के साथ ही कई निर्देश दिए। विस्तृत पेज-3




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दिल्ली की धरती पर उतरी अयोध्या व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी जिले में तड़के 5 बजे लगे भूकंप के झटके

देहरादून। रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिले में शनिवार तड़के करीब 5 :02 बजे भूकंप के मध्यम झटके करीब 10 से 15 सेकंड तक महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 .06 मापी गयी। भूकंप का केंद्र रुद्रप्रयाग से करीब 10 किमी पूर्व में व गहराई सतह से लगभग 10 किमी नीचे दर्ज की गई। हालांकि जनहानि की कोई सूचना नहीं है। पर्वतीय राज्य में एक सप्ताह में दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# प्रौद्योगिकी अब सिर्फ प्रशासनिक सुविधा नहीं, संवैधानिक साधन है : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायिक प्रक्रिया के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन विषय पर आयोजित सम्मेलन को सीजेआई ने किया संबोधित

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी अब केवल एक प्रशासनिक सुविधा नहीं रह गई है, बल्कि यह एक संवैधानिक साधन बन गई है। यह एक ऐसा उपकरण है जो कानून के समक्ष समानता को मजबूत करता है, न्याय तक पहुंच का विस्तार करता है और न्यायपालिका को प्रक्रियात्मक रूढ़ियों से ऊपर उठने की अनुमति देता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायिक प्रक्रिया के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी न्याय प्रणाली के मूल में एक सरल लेकिन स्थायी वादा निहित है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे उसके पास कितने भी साधन या परिस्थितियां हों, निष्पक्ष, समय पर और प्रभावी तरीके से न्याय प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए।

सीजेआई ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और जितिन प्रसाद की उपस्थिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और जिला न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय प्रणाली में सुधार का माप इस बात से किया जाता है कि नागरिक, वकील और अन्य हितधारक इससे कितना सार्थक रूप से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक न्यायालय एक एकीकृत डिजिटल न्यायालय के रूप में कार्य करे, जो न केवल 'हाइब्रिड' सुनवाई सुविधाओं से लैस हो, बल्कि पूरी तरह से कागजी कार्रवाई रहित न्यायालय के रूप में भी कार्य करने में सक्षम हो। प्रौद्योगिकी एक संवैधानिक साधन बन गई है।

सीजेआई ने कहा कि उनके पास स्वाभाविक रूप से डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण है, एक ऐसा भविष्य जहां न्याय केवल एक ऐसी जगह पर नहीं मिले जहां कोई जाता है, बल्कि एक ऐसी सेवा हो जो निर्बाध, पारदर्शी और प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अब यह केवल दूर के भविष्य की आकांक्षा नहीं है बल्कि इस पर काम पहले से ही हो रहा है।

### केवल पूंजी या नीति से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता भारत

नई दिल्ली। सीजेआई सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि देश केवल पूंजी या नीति के जरिये से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है, बल्कि इसमें कानूनी प्रणाली की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण कारक होगी। उन्होंने विकसित होती अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए कानूनी ढांचे में आमूलचूल बदलाव का आह्वान करते हुए यह बात कही। सीजेआई ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वाणिज्यिक कानून में पूर्वानुमान, विशेषज्ञता और सद्भावना की संस्कृति की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऐसी पूंजी की आवश्यकता होगी, जिसमें दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं शामिल हों और जिसके लिए निवेशक का विश्वास अनिवार्य है।

# संघर्ष विराम के बीच जग विक्रम ने पार किया होर्मुज

- नार्वे के जहाज को शुक्रवार को लौटाया था वापस, यहां से निकलने वाला यह नौवां भारतीय जहाज

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद 'जग विक्रम' नामक भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज ने होर्मुज पार कर लिया है।

अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला यह पहला भारतीय जहाज है। जहाज शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरा और शनिवार दोपहर को पूर्व की ओर बढ़ते हुए, जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में स्थित था। मार्च की शुरुआत से अब तक यह फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है, जबकि लगभग 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी क्षेत्र में रुके हुए हैं और आगे बढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

यह मध्यम आकार का गैस वाहक जहाज 26,000 टन से अधिक वहन क्षमता रखता है और इसमें करीब 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के समय होर्मुज क्षेत्र में कम से कम 28 भारतीय जहाज मौजूद थे, जिनमें 24 पश्चिमी हिस्से में और चार पूर्वी हिस्से में थे।

# पीएम मोदी के दून आगमन पर लच्छीवाला टोल फ्री

- सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम होंगे, सीएम आज करेंगे समीक्षा

देहरादून। प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को प्रस्तावित देहरादून आगमन को देखते हुए सुरक्षा के उच्चस्तरीय चाक-चौबंद इंतजाम बरते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा में बड़ी संख्या में आने वाले वाहनों से शहर तथा आसपास जाम की स्थिति न बने, इसके लिए जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने लच्छीवाला टोल प्लाजा को 14 अप्रैल को प्रातः पांच बजे से रात आठ बजे तक खुला रखने के आदेश जारी किए हैं।

इस दौरान निजी, कमर्शियल और अन्य वाहनों का टोल टैक्स नहीं काटा जाएगा और करीब 15 घंटे टोल प्लाजा से वाहनों का निःशुल्क आवागमन रहेगा। इस अवधि में फास्टैग से भी किसी प्रकार का कोई टोल नहीं वसूला जाएगा। इसके अलावा, मोहंड बैरियर को भी खुला रखा जाएगा। मोदी 14 अप्रैल को गणेशपुर, सहारनपुर (उप्र) में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस हाईवे का लोकार्पण करेंगे, जिसके बाद प्रधानमंत्री का डाट काली मंदिर से शहर तक 12-14 किमी का रोड शो प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री देहरादून में जसवंत सिंह ग्राउंड गढ़ी कैंट में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। (संबंधित पेज-2)

# पिता की हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर हत्या, पुत्र गिरफ्तार

- पिथौरागढ़ में दिल दहला देने वाली वारदात से मची सनसनी

पिथौरागढ़। मामूली विवाद में युवक ने अपने पिता पर हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर दिए। रात भर लहूलुहान हालत में तड़पते रहे पिता ने सुबह अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

पुरान गांव निवासी बिशन राम (50) पुत्र चंद्र राम परिवार के साथ ऐंचोली में किराये पर रहते थे। उनका छोटा बेटा गौरव (30) पैतृक गांव में रहता है। बीते शुक्रवार बिशन राम अपने पोते के साथ पैतृक गांव गए थे। पोते को बगल में रहने वाले भतीजे सूरज कुमार के घर ठहराकर वे अपने घर आ गए थे। जहां उनका देर रात बेटे सूरज के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि बेटे ने आवेश में आकर हथौड़े से पिता के पैर और सीने पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। शनिवार सुबह पोता नाना के पास पहुंचा तो वे बुरी तरह से घायल मिले। सूचना पर परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां दोपहर दो बजे उनकी मौत हो गई। कोतवाल ललित मोहन जोशी ने बताया कि भतीजे सूरज की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ गोविंद ने बताया कि हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी व अन्य के ठिकानों पर छापे

## ईडी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ नए सिरे से शनिवार को छापे मारे। अधिकारियों के अनुसार, जिन स्थानों पर तलाशी ली गई उनमें कोलकाता स्थित चटर्जी का आवास और इस मामले में जेल में बंद कथित बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय का घर शामिल हैं।

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता चटर्जी 2011 में पार्टी के सत्ता में आने से पहले उसके महासचिव और प्रमुख रणनीतिकार रह चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग द्वारा कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षकों की भर्ती से जुड़े कथित घोटाले में पूछताछ के लिए चटर्जी के तीन बार उपस्थित नहीं होने के बाद की गई। ईडी ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में जुलाई 2022 में चटर्जी को गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली की रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी की, छह करोड़ नकदी बरामद

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली में स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी के दौरान 6.3 करोड़ रुपये नकद और 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए हैं। यह कंपनी घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रही है और वर्तमान में दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को की गई, जिसमें कंपनी 'अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड' (ईआईएल) के पूर्व निदेशकों, प्रवर्तकों और उनसे जुड़े संस्थानों के दिल्ली और गुरुग्राम स्थित 10 परिसरों पर छापे मारे गए। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, कंपनी जून 2018 से कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है।

**उपलब्धि** 50 वर्षों बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान, 11.17 लाख किमी का सफर तय किया, अब चांद पर उतरने की तैयारी में नासा

# आर्टेमिस-2' मिशन : चंद्रमा का चक्कर लगाकर लौटे 4 एस्ट्रोनॉट

- नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने कहा- चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया

वाशिंगटन, एजेंसी

तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के बीच नासा के 'आर्टेमिस-2' मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक चंद्र यात्रा पूरी करने के बाद प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतर गए। यह 50 वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान है।

नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने सैन डिएगो तट के पास शुक्रवार को (पूर्वी समयानुसार 8:07 बजे) पृथ्वी पर वापसी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया है, लेकिन आगे का काम पीछे किए गए काम से कहीं अधिक बड़ा है। इस मिशन में शामिल कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन ने दिसंबर 1972 में हुए अपोलो 17 मिशन के बाद पहली बार चंद्रमा की यात्रा की। उड़ान निदेशक रिक हेनफ्लिंग ने कहा कि आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री खुश और स्वस्थ हैं तथा ह्यूस्टन लौटने के लिए तैयार हैं। आर्टेमिस-2 पहला मानवयुक्त मिशन था जिसमें नासा के अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट और ओरियन क्रू मॉड्यूल का उपयोग किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि एजेंसी का उपकरण अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजकर सुरक्षित वापस ला सकता है। अमित क्षत्रिय ने कहा, उड़ान निदेशक जेफ रेडिगन ने बताया था कि चंद्रमा तक ढाई लाख मील की दूरी तय करने के बाद लक्ष्य साधने के लिए हमारे पास एक डिग्री से भी कम का कोण था और टीम ने इसे सटीकता से हासिल किया। यह किस्मत नहीं, बल्कि एक हजार लोगों की मेहनत का नतीजा है।





अंतरिक्ष यात्री विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच सैन डिएगो एवं नासा का ओरियन अंतरिक्ष यान।

### पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया

यह चारों अंतरिक्ष यात्रियों के लिए शानदार यात्रा रही, जिसमें चंद्रमा के उस हिस्से को भी देखा गया जिसे पहले कभी मानव ने नहीं देखा था। इसके साथ ही पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया। प्रशांत महासागर में उतरने के बाद ओरियन कैप्सूल खुलते ही टीम ने राहत की सांस ली। हेनफ्लिंग ने कहा कि जैसे ही कैप्सूल खुला, उनकी टीम ने राहत की सांस ली। उन्होंने कहा, हमने नियंत्रण कक्ष टीम से बात की और परिवारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। यह शानदार दिन था। हेनफ्लिंग ने बताया कि पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश के दौरान टीम को थोड़ी चिंता थी, लेकिन अपने प्रशिक्षण पर पूरा भरोसा था।

## स्टेट ब्रीफ

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**हरिद्वार :** हरिद्वार के थाना बहादराबाद क्षेत्र के अलीपुर गांव में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। देर रात राहुल और राजकमल मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन से उनकी आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतकों में एक युवक पूर्व ग्राम प्रधान का बेटा भी है। राहुल और राजकमल की मौत से गांव में गहरा शोक व्याप्त है।

### ट्रांजिट रिमांड पर लाए गए फरार आरोपी

**देहरादून :** प्रेमनगर क्षेत्र में मारपीट में इंजीनियरिंग के छात्र की मौत होने के मामले में फरार चल रहे नामजद 25-25 हजार के इनामी आरोपियों बिहार निवासी प्रहलाद राज सिंह (मुख्य अभियुक्त) और अंकुर सिंह को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर शनिवार को ट्रांजिट रिमांड पर देहरादून लाया गया। आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर क्राइम सीन रीक्रिएट कराया गया और घटना के संबंध में पूछताछ की गई।

### शैलजा ने की वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक

**देहरादून :** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी कुमारी शैलजा ने शनिवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के निवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रीतम सिंह, हरक सिंह रावत मौजूद रहे।

### कांग्रेस का सम्मेलन आज

**देहरादून :** कांग्रेस की मीडिया प्रभारी गरिमा मेहरा दसौनी ने बताया कि आज रविवार दोपहर 12 :30 बजे जीएमएस रोड पर ओलंपस हाईस्कूल के पास जय हिंद जय भीम सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार के साथ ही प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

### तीन बहुरूपिये बाबा पकड़े

**हरिद्वार :** पुलिस ने ज्वालापुर क्षेत्र में तीन बहुरूपिये 'बाबा' भेषधारियों को हिरासत में लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुल जटवाड़ा के आसपास तीन व्यक्ति बाबाओं का भेष धारण कर तंत्र-मंत्र और जादू-टोना जैसी गतिविधियां दिखाकर लोगों व यात्रियों को आकर्षित कर रहे थे। भिषा नाथ, अर्जुन और सेटू नाम के इन कथित बाबाओं पर कार्रवाई की जा रही है।

## व्यापारियों ने एडीबी दफ्तर पर जड़ा ताला

**देहरादून:** टिहरी के बौराडी क्षेत्र में सिटी सेंटर निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी के विरोध में शनिवार को नाराज व्यापारियों ने एडीबी प्रोजेक्ट कार्यालय पर तालाबंदी कर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

व्यापारियों का आरोप है कि निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित है और बार-बार आश्वासन देने के बावजूद भी इसे पूरा नहीं किया गया। इसकी वजह से उनके कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में तेजी लाकर व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### देहरादून में शुरू हुआ दो दिवसीय नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन, देशभर के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एवं विधिक विशेषज्ञ ले रहे भाग

# न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ और जनोन्मुख बनाने पर जोर

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ, समावेशी और जनोन्मुख बनाने की दिशा में अहम पहल के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के सहयोग से राजधानी में नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ हुआ।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित नॉर्थ ज़ोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस वर्ष सम्मेलन के केंद्रीय विषय "एनहेंसिंग एक्सेस टू जस्टिस"




देहरादून में दो दिवसीय नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते वरिष्ठ न्यायमूर्तिगण। ● अमृत विचार

(न्याय तक पहुंच बढ़ाना) की थीम "जस्टिस बियॉन्ड बैरियर्सः राइट्स, रिहेबिलिटेशन एंड रिफॉर्म फॉर द मोस्ट वल्नेरेबल" (न्याय बाधाओं से परेः सबसे कमजोर लोगों के लिए अधिकार, पुनर्वास और सुधार) है।

इस गरिमामय अवसर पर उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी, एन. कोटेश्वर सिंह एवं संदीप मेहता के साथ ही उत्तराखंड उच्च न्यायालय, नैनीताल के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, उत्तराखंड लीगल सर्विसेज कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा तथा उत्तर भारत के विभिन्न उच्च न्यायालयों से पधारे न्यायमूर्तिगण भी उपस्थित रहे।

सम्मेलन में उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष, सचिव एवं न्यायिक अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। विभिन्न सत्रों के माध्यम से 'न्याय तक पहुंच' को सशक्त बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

शनिवार को आयोजित दो प्रमुख सत्रों में, प्रथम सत्र में वन समुदायों के अधिकारों एवं वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, जिसमें वन गुज्जर समुदाय के प्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही। द्वितीय सत्र में 'जेल सुधार' पर विशेष चर्चा करते हुए बंदियों के अधिकार, न्याय तक उनकी पहुंच तथा सुधारात्मक उपायों पर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून की सचिव सीमा डुंगराकोटी ने जानकारी दी कि, यह सम्मेलन न्याय व्यवस्था को अधिक समावेशी, सुलभ एवं मानव-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य को सुदृढ़ करता है।

# प्रधानमंत्री मोदी के दून दौरे को हाई अलर्ट, कड़ी चौकसी

### सीएस और डीजीपी ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड, गढ़ी कैंट तक तैयारियों को परखा, सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखने के निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 14 अप्रैल को प्रस्तावित देहरादून आगमन



को देखते हुए पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी करते हुए कड़ी चौकसी बरती जा रही है। राजधानी से देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए युवक की एसटीएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तारी करने के बाद

सुरक्षा व्यवस्था और चेकिंग अभियान को और सख्त व प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।

मुख्य सचिव (सीएस) आनन्द बर्द्धन और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ के साथ ही शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी के उत्तराखंड दौरे की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। सीएस और डीजीपी ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड, गढ़ी कैंट तक तैयारियों को परखा। मुख्य सचिव



प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों की जानकारी लेते सीएस एवं डीजीपी।

ने सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार किए जाने की बात कही।

वहीं, मीडिया से अनौपचारिक वार्ता के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के बनने से एक ओर दिल्ली-एनसीआर से देहरादून पहुंचने का समय कम होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, चारधाम यात्रा के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा। वहीं, दूसरी ओर इससे आर्थिक गतिविधियों को भी बूस्ट मिलेगा। मुख्य सचिव ने इस दौरान डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल एवं नगर आयुक्त नमामी बंसल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

जिला प्रशासन ने पूरे रूट को 13 जोन में विभाजित करते हुए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी है। प्रधानमंत्री के भ्रमण को प्रस्तावित सड़क मार्ग के चिन्हित स्थलों पर सांस्कृतिक दलों द्वारा स्थानीय लोक संस्कृति एवं परम्पराओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों झलक भी देखने को मिलेगी।



डाट काली मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था पर एसएसपी से चर्चा करते डीजीपी।

### 13 किमी का रोड शो रहेगा खास आकर्षण

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित देहरादून भ्रमण एवं दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस हाईवे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी सविन बंसल इस वीवीआइपी भ्रमण कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर तैनात सभी जोनल, सेक्टर एवं नोडल अधिकारियों की नियमित रूप से बैठक लेते हुए समयबद्ध सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दे रहे हैं। प्रधानमंत्री एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के बाद देहरादून के गढ़ी कैंट क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां तक पहुंचने के लिए वह सड़क मार्ग का प्रयोग करेंगे इसलिए कुल 13 जोनों में पूरे मार्ग को बांटा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर डीएम बंसल प्रधानमंत्री के सम्मान में पूरे भ्रमण मार्ग पर आमजन से सहयोग प्रदान करने एवं सम्मान कार्यक्रम में स्वैच्छिक प्रतिभाग की सुगमता, समन्वय एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दे रहे है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। डीएम ने चिन्हित स्थलों पर पेयजल, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, लॉ एंड ऑडर व्यवस्था, बैरिकेडिंग, स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरे मार्ग पर चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। वहीं गढ़ी कैंट स्थित महेन्द्र ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पंडाल में लोगों के बैठने की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल, सूक्ष्म जलपान एवं मोबाइल शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं।

## कोटद्वार में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू

**देहरादूनः** उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जनपद पौड़ी के कोटद्वार उपनगर में शनिवार को स्थानीय विधायक और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण तथा क्षेत्रीय सांसद अनिल बलूनी की पहल से डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) की शुरुआत हो गई।

राज्य में अपनी तरह के इस पहले पासपोर्ट केंद्र का लोकार्पण विदेश मंत्रालय एवं भारतीय डाक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय विदेश एवं वस्त्र राज्यमंत्री पबित्र मार्धेरिटा ने सांसद बलूनी और विधायक ऋतु भूषण खंडूड़ी के साथ संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विदेश मंत्रालय द्वारा नागरिकों को पासपोर्ट सम्बंधी सेवाएं सुलभ रूप से उनके द्वार पर ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीओपीएसके का संचालन किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय द्वारा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए पिछले वर्ष ही पासपोर्ट सेवा प्रोग्राम वर्जन 2.0 को पूरे देश में लागू किया जा चुका है। आज देश में 450 से अधिक पीओपीएसके एवं 93 पीएसके नागरिकों को पासपोर्ट सम्बंधी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सांसद बलूनी ने कहा कि, विदेश मंत्रालय भारत के नागरिकों का सहयोग करता है।

# डीएवी में चाकूबाजी को पुलिस ने अफवाह बताया

संवाददाता, देहरादून

● **पुलिस का दावा, हाथ पर रेलिंग लगने से आयी थी छात्र को खरोंच**

**अमृत विचारः** डीएवी पीजी कॉलेज में एक छात्र के कथित तौर पर चाकूबाजी में घायल होने की खबर को डालनवाला पुलिस ने अफवाह बताया है।

पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि, कॉलेज में मनाए जा रहे डीएवी सप्ताह के समापन कार्यक्रम में हरियाणवी लोक गायक अजय हुड्डा एवं मासूम शर्मा के कार्यक्रम के दौरान 8 से 9 हज़ार की संख्या में छात्रों एवं अन्य लोगों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया था। कार्यक्रम के दौरान डीएवी इंटर कॉलेज का 12वीं का छात्रा गौरव कुमार पुत्र प्रभाकर निवासी गजरौला (उत्तर प्रदेश) कॉलेज प्रांगण में लगी रेलिंग के ऊपर चढ़कर कार्यक्रम देख रहा था, जो भीड़ में हुई धक्का मुक्की के दौरान धक्का लगने से रेलिंग के ऊपर गिरकर चोटिल हो गया, जिसमें उसके हाथ पर रेलिंग लगने से खरोंचे आयी, जिसे विद्यालय की डिस्पेंसरी में ही प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के संबंध में कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया में कॉलेज परिसर में चाकूबाजी होने की अफवाह फैलाई जा रही थी, जिस पर पुलिस ने पीड़ित छात्र से जानकारी ली तो उसने भी रेलिंग पर गिरने से चोटिल होने की बात कही।

# ऐतिहासिक होगा प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भाजपा ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो और जनसभा के ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होने का दावा किया है। आयोजन के मौके पर रोड शो और जनसभा में लाखों लोगों के शामिल होने जा रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

भाजपा मुख्यालय में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि, दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देवभूमि आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों के लिए हमेशा की तरह जबरदस्त उत्साह रहता है।

### घट जाएगी दिल्ली और देहरादून के बीच दूरी

प्रधानमंत्री मोदी विकास की बड़ी सौगात दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर एक्सप्रेस-वे के रूप में देने जा रहे हैं। यह परियोजना उत्तराखंड के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जिससे दिल्ली और देहरादून के बीच की दूरी महज 2.5 से 3 घंटे रह जाएगी। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य की आर्थिकी और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इस एक्सप्रेस-वे में निर्मित कॉरिडोर जंगली जानवरों की सुरक्षित आवाजाही को भी सुनिश्चित करेगा।

चूंकि इस बार प्रधानमंत्री हमें एक्सप्रेस-वे की स्वर्णिम सौगात के साथ अन्य कई योजनाओं को समर्पित करने आ रहे हैं, ऐसे में हम सबका उत्साह और उमंग से आगे बढ़ते हुए उत्सव का रूप ले रहा है। लिहाजा आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड आगमन संख्या और भव्यता की दृष्टि से अभूतपूर्व और ऐतिहासिक होने जा रहा है। चौहान ने आगे कहा कि इस दौरे में पीएम मोदी का देवभूमि में पहला रोड शो भी होने जा रहा है। जिसमें पार्टी का प्रयास रहेगा कि सांस्कृतिक गौरव और पारंपरिक भव्यता इस रोड शो में नजर आए। इसमें लगभग 12 से 14 किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो आयोजित होने जा रहा है जिसमें 'देवभूमि' की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई देगी। रोड शो के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कुमाऊंनी, गढ़वाली और जौनसारी लोक नृत्यों एवं लोक संगीत से प्रधानमंत्री का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा उत्तराखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### डाट काली मंदिर से होगी शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी अपनी देहरादून यात्रा की शुरुआत मां डाट काली के दर्शन और पूजन के साथ करने वाले हैं जिसका देहरादून और उत्तराखंड की जनता समेत समस्त सनातनियों के हृदय में विशेष स्थान है। चारधामों, आदि कैलाश आदि तमाम उत्तराखंड के पावन धामों में पूजा अर्चना कर पीएम मोदी ने सनातन आस्था और विश्वास को सम्मान देने का काम किया है। इसी क्रम में उनका मां काली के मंदिर में शीश नवाना, देवभूमि के प्रति दुनिया भर के श्रद्धा भाव को नईं ऊंचाई पर ले जाएगा। रोड शो के पश्चात प्रधानमंत्री गढ़ी कैंट देहरादून में विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे जिसमें प्रदेश भर से लाखों कार्यकर्ताओं और आम जनता के जुटने की उम्मीद है।

# चारधाम यात्रियों की सुविधा के लिए जारी होगा बुलेटिन

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचारः** चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही है और इस बार की यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए नई कवायद की जा रही है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बार चारधाम यात्रा प्रारंभ होने पर यात्रा संबंधित बुलेटिन सूचना विभाग द्वारा जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि कुछ लोग गलत वेबसाइट पर हेलीकॉप्टर बुकिंग या अन्य बुकिंग कराकर परेशान होते हैं। इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है कि जो कि आईआरसीटीसी की वेबसाइट है, वहीं से केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर की बुकिंग करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि यदि कोई उनके विभाग से संबंधित कोई भी ऐसी खबर होती है जो भ्रामक एवं झूठी है तो उसका तत्काल खंडन किया जाए। उन्होंने सभी मीडियाकर्मियों एवं आम जनमानस से अपेक्षा की है कि अगर कोई भी सूचना है तो उसको पहले संबंधित अधिकारी से प्रमाणिक कर ले तथा संबंधित का वर्जन भी जरूर लें ताकि आमजन मानस को सही जानकारी उपलब्ध हो सके।

जानकारी

### महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने की प्रेस वार्ता, नारी शक्ति को बताया देश की सबसे बड़ी ताकत

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम स्वर्णिम अध्याय : कंडवाल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023" भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है, जो करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

शनिवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने इसे ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बताते हुए कहा कि आज "नारी शक्ति" केवल एक विचार नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के कारण



मीडिया से वार्ता करतीं कुसुम कंडवाल।

महिलाओं को 'नीति की लाभार्थी' से 'नीति की निर्माता' बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। भारत का वास्तविक विकास 'महिला नेतृत्व वाले विकास' से ही संभव है और यह अधिनियम उसी विश्वास को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

आयोग अध्यक्ष ने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण को अनेक प्रभावी योजनाएं संचालित की हैं। मुद्रा योजना में 68 प्रतिशत ऋण महिलाओं को मिला तो 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर 'लखपति दीदी' बन रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं का नामांकन बढ़कर 80 .2 फीसदी तक पहुंचा है। सुकन्या समृद्धि योजना में 4 .6 करोड़ से अधिक खाते खुले हैं। उज्ज्वला योजना में 10 करोड़ गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन में 14 .45 करोड़ घरों में नल से जल की उपलब्धता तथा स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय निर्माण ने महिलाओं के जीवन में गरिमा और सुविधा सुनिश्चित की है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से 4 .27 करोड़ से अधिक महिलाओं को पोषण सहायता प्रदान की गई है, जिससे मातृ मृत्यु दर में कमी आई है।

### उत्तराखंड की प्रतिबद्धता

आयोग अध्यक्ष ने कहा कि, उत्तराखंड न केवल देवभूमि है, बल्कि नारी शक्ति की भी भूमि है। राज्य सरकार एवं महिला आयोग इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं की नेतृत्व में बढ़ती भागीदारी से विकास अधिक संतुलित, समावेशी और टिकाऊ होगा। यह अधिनियम "विकसित भारत 2047" के संकल्प को साकार करेगा।

### राजनीतिक भागीदारी का मार्ग प्रशस्त

आयोग अध्यक्ष ने कहा कि इस अधिनियम में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं तथा दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की संख्या 1952 में 22 से बढ़कर 2024 में 75 हो गई है, किंतु अभी भी अपेक्षित प्रतिनिधित्व प्राप्त करना शेष है। वैश्विक अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि महिला नेतृत्व से आर्थिक विकास को गति मिलती है और समावेशी विकास होता है। पंचायत स्तर पर 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व से शिक्षा, जल और पोषण जैसे क्षेत्रों में सुधार देखने को मिला है।

# चारधाम में नो लिमिट नीति का स्वागत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भाजपा ने चारधाम यात्री संख्या पर जनभावना अनुरूप सीमित संख्या हटाने (नो कैप नीति) के लिए मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इसे श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करने वाला और राज्य की आर्थिकी को गति देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया है, जो श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सफल, सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव देगा। लिहाजा अब किसी को भी संख्या को लेकर अफवाह और भ्रम में आने की जरूरत नहीं है। भट्ट ने प्रतिक्रिया में कहा कि देवभूमि की चार धाम यात्रा दुनिया भर के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। विगत वर्षों में भाजपा सरकार में जिस तरह सफल, सुगम और सुरक्षित यात्रा संचालित की गई, उससे यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है जिसको देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व की सरकार द्वारा एहतियातन, यात्री संख्या को लेकर कुछ नियम बनाए गए थे। अब यात्रा व्यवस्था एवं परिस्थितियों में आए सुधार और जनभावना को देखते हुए सरकार द्वारा महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव किए गए हैं जिसमें सीमित यात्रियों की सभी संभावनाओं को समाप्त करते हुए, नो लिमिट या नो कैप की घोषणा की गयी है। उन्होंने कहा कि सीएम की घोषणा अनुसार इस वर्ष यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई भी दैनिक प्रतिबंध या सीमा नहीं होगी। अब श्रद्धालु बिना किसी प्रशासनिक रोक-टोक के बाबा केदार, बद्री विशाल, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर सकेंगे। असीमित दर्शन के इस अवसर से प्रतिदिन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोई अधिकतम सीमा तय नहीं की जाएगी।

### चारधाम यात्रा प्रदेश की आर्थिक रीढ़



प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि, इस नई व्यवस्था से स्थानीय व्यवसायियों और तीर्थ पुरोहितों को बहुत लाभ होगा। चार धाम यात्रा प्रदेश की आर्थिक रीढ़ का काम करती है। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हजारों व्यापारी, कर्मचारी और स्वरोजगार करने वालों की आर्थिकी में यह निर्णय रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी करने वाला साबित होगा। श्रद्धालुओं को भी कतारों और लंबी प्रतीक्षा से मुक्ति मिलेगी।

**सिटी इंवेट्स**

- गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में लोकल क्रिकेट लीग के मुकाबले 10बजे से।
- जिला क्रिकेट एसोसिएशन की और से आयोजित जीएनजी ग्राउंड पर दो मुकाबले सुबह 10 बजे से।

**सिटी ब्रीफ**

### रामपुर रोड को दुरुस्त करने की मांग उठाई

**हल्द्वानी :** पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने पुष्कर सिंह धामी से रामपुर रोड की खस्ताहाल सड़कों को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन बिछाने के नाम पर पिछले पांच से छह माह से क्षेत्र की कई गलियों की सड़कें खोद दी गई हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गली नंबर-2, गली नंबर-6 और विष्णुपुरी गली नंबर-10 की सड़कें लंबे समय से बदहाल स्थिति में हैं। सड़कें खोदे जाने के कारण लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। वहीं बारिश और धूल-मिट्टी के कारण हालात और भी खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं। अंजलि वर्मा ने आरोप लगाया कि विष्णुपुरी गली के बाहर स्थित रामपुर रोड मुख्य मार्ग पिछले दो माह से गड्ढों में तब्दील हो गया है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त कराया जाए।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को तय होगी जिम्मेदारी : धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में वन अधिकारियों को दी हिदायत, कहा- इस समस्या का स्थायी समाधान ढूंढा जाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



काठगोदाम सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में प्रशासन, पुलिस, वन, राजस्व अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें मानव-वन्यजीव संघर्ष, आगामी पर्यटन सीजन की तैयारियां, कानून व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, सिंचाई, जमरानी बांध प्रोजेक्ट की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में सीएम धामी ने मानव वन्य जीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि इन घटनाओं को रोके जाने के लिए स्थाई उपाय करने होंगे। लोगों को जागरूक करने के साथ ही उन्हें लकड़ी आदि लेने जंगल में न जाना पड़े इस तो वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए। चेताया कि विभागीय स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने आधुनिक तकनीकी का लाभ उठाते हुए मानव वन्य जीव संघर्ष का स्थाई समाधान ढूंढने और संवेदनशील स्थानों पर सोलर फेंसिंग, खाई खुदान के निर्देश दिए। कॉर्बेट नेशनल पार्क के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित मृतक व घायलों को नियमानुसार मुआवजा वितरित किया जा चुका है। पशु हानि के मामलों में भी प्रभावित पशुपालकों को भुगतान कर दिया गया है।

सीएम ने कहा कि नैनीताल प्रदेश का प्रमुख पर्यटन केंद्र है, जहां पर्यटकों की सुरक्षा के साथ ही वन क्षेत्रों से सटे गांवों में रहने वाले लोगों की जान-माल की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संवेदनशील क्षेत्रों रामनगर, हल्द्वानी, कालाढूंगी व नैनीताल में जंगली जानवरों की रोकथाम के लिए सोलर फेंसिंग व अलर्ट सिस्टम लगाए जाएं। वन विभाग व पुलिस की संयुक्त क्विक रिस्पॉन्स टीम 24x7 अलर्ट रहे। किसी भी घटना पर त्वरित रिस्पॉन्स सुनिश्चित किया जाए।

### एक मई से जारी होंगे इनर लाइन परमिट

**हल्द्वानी :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने आगामी यात्रा सीजन की तैयारी के संबंध में बताया की आगामी आदि कैलाश यात्रा के लिए पिथौरागढ़ जिला प्रशासन एक मई से इनर लाइन पास जारी करना शुरू करेगा। यात्रा मार्ग वर्तमान में ठीक है। उन्होंने बताया कि कैंचीधाम बाईपास का निर्माण भी गतिमान है, बाईपास पर वैली ब्रिज का निर्माण प्रारंभ कर दिया है 30 मई तक मार्ग को सुचारू कर लिया जाएगा। मेट्रोपोल पार्किंग का निर्माण भी आगामी 10 दिनों में प्रारंभ कर लिया जाएगा।

सीएम ने आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सड़क मार्गों को गड्ढा-मुक्त बनाने, ट्रैफिक व पार्किंग के लिए ठोस योजना लागू करने के साथ ही शटल सेवा व वैकल्पिक पार्किंग स्थल सक्रिय किए जाने को कहा।

उन्होंने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पर्यटन स्थलों पर हुड़दंग, नशाखोरी व ओवरचार्जिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रासीजन में लगातार चेकिंग अभियान चलाने, सभी पर्यटन क्षेत्रों में क्षेत्र में 24x7 निगरानी, प्रतिदिन मॉनिटरिंग और पर्यटकों या स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाए।

सीएम ने विद्युत व पेयजल विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विद्युत स्टेशनों में आवश्यक उपकरणों के साथ ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। साथ ही गर्मियों में पेयजल किल्लत से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में कराए जा रहे सुरक्षा कार्यों की भी समीक्षा की। साथ ही यूयूएसडीए को सभी काम समय से पूरा करने को कहा। अंत में सीएम ने जनप्रतिनिधियों से भी जिले की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, विधायक डॉ.मोहन सिंह बिष्ट, दायित्व धारी दीपक मेहरा, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, डॉ.अनिल कपूर डब्बू, नवीन लाल वर्मा, ध्रुव रौतेला, मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी, सीडीओ अरविन्द पांडेय रहे।

### पश्चिम बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार : सीएम

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि इस बार वहां परिवर्तन तय है और डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। शनिवार को हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से राज्य में टीएमसी की सरकार है, जहां कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती गई है। हत्या, दुष्कर्म, महिला उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के मामलों में बढ़ोतरी ने आम जनता को परेशान कर दिया है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान भी लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों को बंधक बनाने और उनके साथ मारपीट जैसी घटनाएं सामने आ रही है, जो बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भले ही मौसम गर्म हो, लेकिन जनता का जोश उससे कहीं ज्यादा गर्म है। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरकर परिवर्तन की आवाज बुलंद कर रहे हैं, जो इस बात का संकेत है कि इस बार जनता बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जनता के आशीर्वाद से पश्चिम बंगाल में डबल इंजन की सरकार मजबूती के साथ बनेगी और राज्य में विकास व सुशासन का नया दौर शुरू होगा।

### बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने का प्रस्ताव फिर भेजें

**हल्द्वानी :** सीएम ने बिन्दुखत्ता को राजस्व गांव बनाने के संबंध में जानकारी ली। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए कुमाऊं आयुक्त एवं जिलाधिकारी नैनीताल को आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुन: प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिए।

### बांध प्रोजेक्ट से तराई-भाबर को होंगे फायदे

**हल्द्वानी :** सीएम ने जमरानी बांध प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में अनेक लाभ मिलेंगे इससे तराई, भाबर के क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर होगी। यहां का भूजल भी बढ़ेगा व बाढ़ से बचाव होगा। क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने अधिकारियों को तय समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# झील की सफाई के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन



मुख्यमंत्री को स्वरचित स्केच भेंट करते चैतन्य भट्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल झील की सफाई को लेकर जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपते हुए झील की डिसिल्टिंग कराने की मांग की।

उन्होंने बताया कि झील की अंतिम बार सफाई वर्ष 1998 में हुई थी। इसके बाद से नियमित सफाई न होने के कारण झील लगातार प्रदूषित होती जा रही है, जिससे इसके अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस दौरान जिला मंत्री मनोज भट्ट के पुत्र चैतन्य भट्ट ने मुख्यमंत्री को उनका स्वरचित स्केच भेंट किया। मुख्यमंत्री ने चैतन्य की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम में दिनेश सांगुड़ी, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, डॉ. अनिल डब्बू, गौतम मटियाली, शरद पांडे, योगेश तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।



सीएम का स्वागत करते मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला।

### नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक दिलाने की मांग

**भीमताल :** नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक दिलाने की मांग को लेकर सीएम को ज्ञापन सौंपा गया। पूर्वनगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा ने सीएम धामी को ज्ञापन सौंप कर बताया कि नगर की 90 प्रतिशत से अधिक नजूल भूमि पर बसा है। उत्तर प्रदेश की सबसे पुरानी नोटिफाइड एरिया में एक भवाली 1918 की नोटिफाइड एरिया है जो वर्तमान में नगर पालिका परिषद है। यदि नवीन नजूल नीति लागू करे हुए वर्षों से नजूल भूमि पर रह रहे सैकड़ों गरीब परिवारों न्यूनतम दरों पर भूमि भवन का मालिकाना हक दिया जाए। सभी ने कहा कि धुरंधर, धाकड़ मुख्यमंत्री धामी ही वर्षों से नजूल भूमि में रह रहे लोगों को उम्मीद है, उन्हीं के कार्यकाल में प्रदेश को सरल, न्यूनतम दरों पर नजूल नीति की सौगात मिल सकती है।

# मंत्री कैड़ा ने जताया सीएम का आभार

संवाददाता, हल्द्वानी



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक की विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति करने मांग की थी।

इस पर सीएम ने ओखलकांडा ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलकांडा व ढोलीगांव में एक्सरे मशीन लगाने, भीड़ापानी में आयुर्वेदिक अस्पताल खोलने, भीमताल ब्लॉक के भीममता में उप तहसील खोलने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने, रामगढ़ के सतबुंगा में कोल्ड स्टोर बनाने, धारी के लेटीबुंगा में कोल्डस्टोर बनाने, रामगढ़, धारी,ओखलकांडा के मध्य मंडी खोलने, रामगढ़ के दाडिम़ व ओखलकांडा के ककोड में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की। इस पर विधायक ने सीएम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भीमताल विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा।

# सफाई कर्मचारी संघ ने मांगों के समाधान को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों को पूरा करने को लेकर सीएम धामी को ज्ञापन सौंपा। इस पर सीएम ने शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह एवं प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार ने सीएम को ज्ञापन सौंप कर कहा कि 27 जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई समझौता वार्ता में कई मांगों पर सहमति बनी थी जिनका शीघ्र समाधान नहीं हुआ है। लंबित मांगों को लेकर लगातार संघ को आश्वासन ही मिल रहे है। इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा अगर सात दिन में मांगों का निस्तारण नहीं हुआ तो संघ जल्द ही सभी सफाई कर्मचारियों की बैठक बुलाकर आगे की रणनीति पर विचार करेगा। स्पष्ट किया कि अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई चाहिए। कई बार मौखिक वार्ता की गई लेकिन समाधान नहीं मिला। ज्ञापन देने वालों में विजय पाल, रवि चिंडालिया, जय प्रकाश चौधरी, अशोक और आशू पंडालिया मौजूद रहे।

# विधायक कैड़ा सीएम धामी के और सीएम प्रधानमंत्री के मुरीद

राकेश सनवाल, भीमताल

- मंत्री कैड़ा ने भीमताल पहुंचने पर सीएम धामी का किया स्वागत
- सीएम बोले-प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश कर रहा विकास

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भीमताल पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा ने उनके कार्यकाल की जमकर सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यकाल काफी अच्छा रहा है और उन्होंने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी वर्गों के लिए योजनाएं लागू कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें देश का प्रधानमंत्री बनने की शुभकामनाएं भी दीं। कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में राज्य हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और आम जनता को सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। कैड़ा ने कहा कि आज शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों मे भी विकास की बयार बह रही है। मंत्री कैड़ा ने कहा कि सरकार ने हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी देने के साथ ही स्वरोजगार के भी दरवाजे खोले हैं।

वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच के कारण देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और विभिन्न लाभकारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि देश के युवा ही आज के समय में देश को आगे ले जाने में सक्षम हैं। युवाओं की रचनात्मक सोच को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं लागू की गई हैं। इस दौरान विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री बनने की कामना व्यक्त करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच गुपचुप तरीके से विभिन्न प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिलीं।



भीमताल में मुख्यमंत्री का स्वागत करते ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**आयोजन** — बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस के वार्षिक उत्सव को किया संबोधित, संस्थान को एक करोड़ रुपये देने की घोषणा

# बदलते दौर में विज्ञान और तकनीक पर विशेष ध्यान दें युवा : धामी

संवाददाता, भीमताल



भीमताल स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस में छात्र-छात्राओं के साथ सीएम धामी और मंत्री राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीमताल नगर स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस में आयोजित स्पेक्ट्रम 2026 वार्षिक उत्सव का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा कि आवश्यकता प्रतिभाओं को पहचानने, उन्हें प्रोत्साहित करने और सही दिशा देने की है। इस दौरान उन्होंने कंप्यूटर एवं इंजीनियरिंग भवन का शुभारंभ भी किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान में ऊर्जा और रचनात्मकता को देखकर यह कहा जा सकता है कि देश का भविष्य प्रतिभाशाली और संकल्पशील युवाओं के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की क्षमता को पहचानते हुए डिजिटल और युवा योजनाएं लागू की हैं, जो देश को नवाचार की ओर ले जा रही हैं। प्रधानमंत्री की सोच है कि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने नई शिक्षा नीति लागू की है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कई नए कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने ब्रिटेन के साथ छात्रवृत्ति के लिए समझौता किया है। साथ ही इन्फोसिस के माध्यम से कंप्यूटर कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार 9 नए महाविद्यालय खोलने की दिशा में भी कार्य कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संस्थान में ड्रोन लैबोरेटरी और कंप्यूटर विभाग के उन्नयन के लिए 50 लाख रुपये तथा ऑडिटोरियम के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा ने रोडवेज बस स्टेशन और भीमताल बाईपास में नहर कवरिंग की मांग भी रखी। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और निदेशक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, संस्थान के निदेशक बीके सिंह, अध्यक्ष बीएस बिष्ट, कुलसचिव हेम पांडे, श्याम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, राज्य मंत्री भावना मेहरा, ध्रुव रौतेला, जिला मंत्री मनोज भट्ट, दिनेश सांगुड़ी आदि मौजूद रहे।

### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने संस्थान के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान तन्वी जोशी, आकांक्षा जोशी और हिमानी पनेरु को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### भीमताल विधानसभा के लिए कीं कई घोषणाएं

- भीमताल में उप-तहसील का निर्माण
- ओखलकांडा के भीड़ापानी में आयुर्वेदिक अस्पताल की स्थापना
- ओखलकांडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन
- भीमताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन
- धारी के लेटीबुंगा और रामगढ़ के सतबुंगा में कोल्ड स्टोरेज
- काश्तकारों के लिए मंडी निर्माण




बिरला इंस्टीट्यूटमें भवन का लोकार्ण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### सीएम आज रन फॉर ड्रग फ्री उत्तराखंड में लेंगे भाग

**हल्द्वानी :** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज सुबह 6 :30 बजे एमबी इंटर कॉलेज मैदान से नशे के खिलाफ अवेयरनेस रन फॉर ड्रग फ्री उत्तराखंड में हिस्सा लेंगे। वह हरी झंडी दिखाकर रन का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वह सुबह 7 :35 बजे एफटीआई हेलीपैड हल्द्वानी से हेलीकॉप्टर से देहरादून को प्रस्थान करेंगे।

## सिटी ब्रीफ

### प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी को अवॉर्ड

**नैनीताल :** लौंगव्यू पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं प्रेरणादायी नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन नेशनल प्रिंसिपल अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान देहरादून में आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव के दौरान आयोजित एक समारोह में दिया गया। त्रिपाठी ने लौंगव्यू पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास को नई दिशा दी है। उनकी दूरदर्शी सोच, नवाचारपूर्ण कार्यशैली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### वरिष्ठ पत्रकार गणेश कांडपाल को भातृ शोक

**नैनीताल :** वरिष्ठ पत्रकार गणेश चंद्र कांडपाल के बड़े भाई केएन कांडपाल (83) का निधन हो गया। उनके निधन पर नगर के पत्रकारों ने शोक जताया है। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर व्याप्त है। वह अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। बड़े पुत्र दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सक हैं जबकि छोटे पुत्र दिल्ली में ही अपना व्यवसाय संचालित करते हैं। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली स्थित निगम बोध घाट में किया गया, जहां परिजनों, रिश्तेदारों एवं परिचितों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

# वीकेंड पर सरोवर नगरी गुलजार

## छुट्टियों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटक, सड़कों पर लगा लंबा जाम

संवाददाता, नैनीताल


पर्यटकों की बड़ी संख्या नैनीताल पहुंचने से मार्ग में लगी वाहनों की लंबी कतार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वीकेंड के अवसर पर सरोवर नगरी नैनीताल एक बार फिर पर्यटकों से गुलजार रही। सुहावने मौसम और छुट्टियों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे। पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का आनंद लिया, जबकि कई पर्यटक नैनीताल चिड़ियाघर, केव गार्डन और बॉटनिकल गार्डन नैनीताल जैसे पर्यटन स्थलों पर पहुंचे।

पर्यटकों की भारी आमद के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात दबाव बना रहा और कई स्थानों पर जाम की स्थिति देखने को मिली। इसी दौरान विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अनुमान के अनुसार करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। नैनीताल-भवाली मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। कई स्थानों पर वाहन रुक-रुक कर चलते रहे और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस को व्यवस्था संभालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

नैनीताल शहर के भीतर भी स्थिति सामान्य नहीं रही। माल रोड पर वाहनों का भारी दबाव देखने को मिला। पार्किंग स्थल फुल होने के कारण कई पर्यटकों को अपने वाहन खड़े करने में परेशानी हुई। जानकारी के अनुसार, वीकेंड पर करीब 10 हजार से अधिक पर्यटक नैनीताल पहुंचे, जिससे पर्यटन कारोबार में उछाल दर्ज किया गया। होटल, रेस्टोरेंट और अन्य पर्यटन व्यवसायों में अच्छी रौनक देखने को मिली। होटल कारोबारियों के अनुसार, वीकेंड बुकिंग बेहतर रही जिससे कारोबार संतोषजनक रहा। इसके अलावा टैक्सी चालक, फोटोग्राफर, ठेले-फड़ विक्रेता और स्थानीय दुकानदारों की आमदनी में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

हालांकि, बढ़ती भीड़ के चलते यातायात और पार्किंग की समस्या एक बार फिर प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है।

### सरोवर नगरी में चलीं खूब तेज हवाएं

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में शनिवार को तेज हवाएं पूरे आवेग रही। धूप छांव का खेल पूरे दिन चलता रहा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण पुन: मौसम में बदलाव आया है। नगर में तेज हवाओं का चलना बीती रात से शुरू हो गया था, जो सांय चार बजे तक जारी रही। घने बादलों के चलते बारिश की आशंका बनी रही, लेकिन तेज हवा के साथ बादल आते जाते रहे। नगर का तापमान सामान्य बना रहा। हालाकि शाम के समय ठंड महसूस हुई। मौसम विभाग देहरादून के निदेशक डा सीएस तोमर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम में बदलाव आया है। जिसका असर रविवार को भी जारी रहने की संभावना है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर का अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

## संस्कृत बोर्ड परीक्षा में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**रामनगर:** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा संस्कृत बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें पंडित देवीदत्त दुर्गादत्त पांडे संस्कृत विद्यापीठ रामनगर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) में छात्र कार्तिक मंडोलिया ने 500 में से 415 अंक प्राप्त कर राज्य में छठा स्थान हासिल किया। वहीं उत्तर मध्यमा (इंटरमीडिएट) में छात्र दीपांशु बधानी ने 500 में से 410 अंक प्राप्त कर विद्यापीठ का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त पूर्व मध्यमा में प्रिंस, कुबेर पंत, हर्षवर्धन पांडे और दीपक मल जोशी तथा उत्तर मध्यमा में अंकित पांडे ने भी सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय में प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित किया गया तथा मिष्ठान वितरण भी किया गया। प्रधानाचार्य सुनीता हरबोला, पूर्व प्राचार्य डॉ. देवेंद्र हरबोला, दीपक पंत, मोहित शर्मा, अनिल उपाध्याय, लक्ष्मी आर्य, मानसी पांडे, वेद जोशी, प्रबंधक नवीन चंद तिवारी, अशोक मेहरोत्रा, राजीव मित्तल, मानसिंह अधिकारी, भास्कर गुप्ता, रीता मित्तल, अंकुर अग्रवाल एवं संजीव जोशी ने परीक्षार्थियों को बधाई दी।

# एलपीजी बिक्री प्रमुख ने किया औचक निरीक्षण


परेशान महिला को 5 किलो का सिलेंडर देते गैस एजेंसी में निरीक्षण को आए अधिकारी।

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** क्षेत्र में घरेलू एलपीजी गैस वितरण में आ रही समस्याओं को लेकर तेल कंपनियों ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में मंडल के एलपीजी बिक्री प्रमुख देहरादून स्वर्ण सिंह ने सुरुचि इंडेन गैस सर्विस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और कई शिकायतों का तत्काल निस्तारण भी कराया।स्वर्ण सिंह ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद लोग आधार कार्ड दिखाकर 5 किलो का एफटीएल (छोटू सिलेंडर) आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे खाना बनाने में आ रही दिक्कतों से राहत मिलेगी। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि प्रवासी मजदूर, बाहर से आकर काम करने वाले लोग तथा अन्य शहरों से पढ़ाई के लिए आए छात्र-छात्राएं भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में स्थानीय लोग भी छोटे सिलेंडर का उपयोग कर सकते हैं, जिससे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की पैनिक स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं के नए गैस कनेक्शन फिलहाल जारी नहीं हो पा रहे हैं, वे भी 5 किलो के छोटे सिलेंडर का लाभ ले सकते हैं। फिलहाल इन प्रयासों से उम्मीद है कि जल्द ही एलपीजी आपूर्ति सामान्य होगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

# प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया दम


रामनगर में आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी और महाविद्यालय के शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

निबंध प्रतियोगिता में एमए द्वितीय सेमेस्टर की दिव्या कनवाल ने कॉलेज छात्रों में चिंता के उभरते कारण विषय पर उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बीएड प्रथम सेमेस्टर की काजल ने द्वितीय स्थान और बीए चतुर्थ सेमेस्टर की हर्षिता चंटोला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में एमए द्वितीय सेमेस्टर की अनमोल कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। बीए छठे सेमेस्टर की सपना तड़ियाल ने द्वितीय और बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की मोनिका नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए छठे सेमेस्टर की नेहा रावत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम. सी. पांडे ने प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. गरिमा, डॉ. कृष्णा भारती, डॉ. कुसुम गुप्ता, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एस. एस. मौर्या तथा मनोविज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर अनिता जोशी सहित अन्य सदस्य रहे।

# एनसीईआरटी पुस्तकों के मूल्यों की जांच करे सरकार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एनसीईआरटी पुस्तकों के दामों में सुधार की मांग की है।



प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव अनिल अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों के साथ भेदभाव कर रही है और उनका आर्थिक शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को शिक्षा के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जबकि उत्तराखंड में उन्हीं पुस्तकों की कीमत में भारी बढ़ोतरी कर दी गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जो पुस्तक दिल्ली में 65 रुपये में उपलब्ध है, वही पुस्तक उत्तराखंड में 114 रुपये में बेची जा रही है। इस प्रकार प्रति पुस्तक 49 रुपये का अतिरिक्त भार अभिभावकों पर डाला जा रहा है। अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह बढ़ी हुई राशि किसके पास जा रही है, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यदि कोई बुकसेलर दिल्ली से समान सामग्री वाली पुस्तक लाकर उत्तराखंड में बेचने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है और उसे महंगी दरों पर पुस्तकें बेचने के लिए बाध्य किया जाता है। सरकार से अनुरोध किया कि बढ़ी हुई कीमतों पर पुस्तकें बेचने के आदेश को वापस लिया जाए, ताकि अभिभावकों और छात्रों को राहत मिल सके।

# चिंगारी से आठ बीघा गेहूं की फसल राख

- बैलपड़ाव में बिजली की चिंगारी से लगी आग

संवाददाता, कालाढूंगी


विद्युत की हाई टेंशन तारों से निकली चिंगारी के बाद गेहूं में लगी आग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र में खेतों के ऊपर से झूल रही विद्युत तारें किसानों के लिए आफत बन रही हैं। बैलपड़ाव गैबुआ में विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से एक किसान की आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

किसान पीयूष पाण्डेय, निवासी ग्राम कुंवरपुर गैबुआ, ने बताया कि शनिवार को दिन में अचानक तेज हवा चल रही थी। खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन से चिंगारी निकली, जिससे नीचे खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग कुछ ही समय में पूरे खेत में फैल गई। मदद के लिए पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर और हरे पत्तों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। करीब पौन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना पर विद्युत कर्मचारियों ने बिजली काटकर झूलती तारों को ठीक किया। किसान पीयूष ने बताया कि कुल 12 बीघा में गेहूं की फसल थी, जिसमें से आठ बीघा फसल जलकर राख हो चुकी है। क्षेत्र में झूलती तारों के कारण पहले भी कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे किसानों की फसल के साथ उनके सपने भी जलकर राख हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी मौन है। भाजपा नेता विपिन कांडपाल ने विद्युत विभाग से फसल नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

# शाइनिंग स्टार की छात्रा तुषिता का कोस्टा रिका सेंटर में चयन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** शाइनिंग स्टार स्कूल की मेधावी छात्रा तुषिता का चयन विश्वप्रसिद्ध संस्था (यूडब्ल्यूसी) के प्रतिष्ठित कोस्टा रिका सेंटर में अध्ययन हेतु हुआ है। खास बात यह है कि तुषिता को इस चयन के साथ 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप भी प्राप्त हुई है, जो उसकी प्रतिभा, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है।



बताया जाता है कि कोस्टा रिका सेंटर में प्रवेश पाना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है, क्योंकि यहां दुनिया भर से अत्यंत सीमित और प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया जाता है। इस कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक चयन प्रक्रिया को पार कर तुषिता ने अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने तुषिता की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय की शिक्षा पद्धति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक देवेंद्र रावत ने कहा कि तुषिता की यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी।

# जनगणना कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

- लालकुआं में हुए प्रशिक्षण में 100 कर्मचारियों ने लिया भाग
- 24 अप्रैल से जनगणना कार्य करेंगे ये कर्मचारी

संवाददाता, लालकुआं


प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्मिकों को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लालकुआं क्षेत्र में जनगणना करने वाले कर्मचारियों की दो टीमों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा शहर के दो वार्डों में जाकर प्रशिक्षण दिया गया। सभी कर्मचारियों ने सफलतापूर्वक जनगणना कार्य का अभ्यास किया।

आगामी 24 अप्रैल से क्षेत्र में होने वाली जनगणना से पूर्व, उक्त कार्य को संपादित करने वाले लगभग 100 कर्मचारियों की दो टीमों को मुख्य ट्रेनर खाद्य पूर्ति अधिकारी मोहित कठायत, वरिष्ठ शिक्षक आशीष बिष्ट, हरेंद्र सिंह और भुवन गुणवंत द्वारा वार्ड नंबर 3 और 4 में विभिन्न घरों एवं संस्थानों में ले जाकर जनगणना करने के तरीके तथा लोगों से प्रश्न पूछने की उनकी दक्षता की जांच की गई। इस अवसर पर तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो पंकज कुड़ाई ने बताया कि तीन दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हो गया है। सभी कार्मिकों को विस्तृत प्रशिक्षण देने के साथ-साथ आज उनका प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया, जिसमें सभी ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद लगभग 100 जनगणना कार्मिक लालकुआं, बिंदुखत्ता के साथ-साथ बरेली रोड, हल्दूचौड़, बेरीपड़ाव, मोटाहल्दू, मोतीनगर तथा कुछ क्षेत्रों में गोरापड़ाव में 24 अप्रैल से जनगणना कार्य करेंगे।

## महिलाओं को संस्थागत प्रसव की जानकारी दी

**नैनीताल:** जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु सघन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच. सी. पंत के दिशा-निर्देशों के क्रम में विभागीय टीमों द्वारा संभावित होम डिलीवरी वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर व्यापक जनसंपर्क किया जा रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को जिले के रामगढ़ ब्लॉक के बसगांव में आयोजित वीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया तथा बसगांव क्षेत्र में संस्थागत प्रसव को शत-प्रतिशत करने को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। डीएस बिष्ट, जिला आईईसी अधिकारी भावना बिष्ट, सुनीता आर्या, दया जोशी, दीपा कांडपाल, पूनम, पूजा देवी, तुलसी कांडपाल, गायत्री आर्या तथा किरण आदि रहे।

# आरक्षण नीति की समीक्षा की मांग, राष्ट्रपति को भेजा पत्र

संवाददाता, हल्दूचौड़


तहसीलदार लालकुआं को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट।

**अमृत विचार:** पूर्व प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ भट्ट व समाजसेवी हेमंत सिंह गौनिया ने देश में लागू आरक्षण नीति की संवैधानिक समीक्षा की मांग की है। उन्होंने तहसीलदार लालकुआं के माध्यम से राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित किया है। यही पत्र रजिस्ट्री डाक से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी भेजा गया है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत सभी नागरिकों को समानता, भेदभाव से संरक्षण तथा सरकारी सेवाओं में समान अवसर का अधिकार प्राप्त है। ऐसे में वर्तमान आरक्षण व्यवस्था के प्रभाव और क्रियान्वयन की निष्पक्ष समीक्षा आवश्यक है। पत्र में सुप्रीम कोर्ट के चर्चित निर्णय इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ (1992) का हवाला देते हुए आरक्षण की सीमा और संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया गया है। मांग की है कि आरक्षण नीति की समयबद्ध और निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए तथा यह आकलन किया जाए कि इसका वास्तविक लाभ वंचित वर्गों तक पहुंच रहा है या नहीं।

**श्रद्धा** | दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित भगवान शिव कथा का पारायण

# हवन-यज्ञ व महाभंडारे में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता, लालकुआं


लालकुआं में शिव कथा के पारायण के मौके पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित भगवान शिव कथा के पांचवें दिन भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर व्यास साध्वी सुश्री सोमा भारती ने कहा कि "शिव" का अर्थ कल्याण होता है। वे सदैव अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। श्री शिव कथा भगवान शिव की लीलाओं और उनके माहात्म्य से परिपूर्ण है, जिसमें ज्ञान का अतुलनीय भंडार है।

कथा के दौरान बीच-बीच में विभिन्न भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में महाआरती के साथ प्रसाद का वितरण किया गया और महाभंडारा शुरू हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कथा के आयोजक पूर्व चेयरमैन पवन कुमार चौहान, समाजसेवी राजकुमार सेतिया, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की नवजोत भारती, अनीता भारती, रितु भारती, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के उपाध्यक्ष नरेश चंद्रा, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, वरिष्ठ समाजसेवी इंद्र जैन, नरेश चौधरी, रामपाल शर्मा, बॉबी संभल, वरिष्ठ कांग्रेसी रविशंकर तिवारी, कमलेश यादव, कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडेय, हेमंत पांडेय समेत सैकड़ों श्रद्धालु रहे।

## दिव्यांग बच्चों को खाद्य सामग्री बांटे

**रामनगर :** बैसाखी उत्सव के अवसर पर लायंस क्लब काशीपुर सिटी द्वारा यूएसआर इंदू समिति के दिव्यांग विद्यालय के बच्चों को 35 हजार रुपये की खाद्य सामग्री वितरित की गई। बताया कि लायंस क्लब इंटरनेशनल के जिला 321 वी-1 के तराई क्षेत्र में यह पहला अवसर है जब लायंस क्लब काशीपुर सिटी द्वारा बैसाखी के पर्व पर इस प्रकार का पुनीत कार्य किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन समर पाल सिंह ग्रेवाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहन की आवश्यकता है। क्लब सचिव लायन जसवीर सिंह, लायन स्वतंत्र मेहरोत्रा, लायन सुखविंदर सिंह, लायन सतविंदर सिंह, लायन बलदेव सिंह, लायन शैलेंद्र मिश्रा, एडवोकेट लायन शेर जंग सिंह, लायन जगतार सिंह ढिल्लों, लायन परमजीत सिंह, लायन आनंद सक्सेना रहे।

# दर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा की आत्मा

संवाददाता, रामनगर

- निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड प्रो. वीएन खाली ने दिया व्याख्यान
- संस्कृत विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार:** भारतीय दर्शन, भारतीय ज्ञान परंपरा की आत्मा है। यह बात मुख्य अतिथि एवं निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड, प्रोफेसर वीएन खाली ने डिग्री कॉलेज में आयोजित गुरु दिवस व्याख्यानमाला में कही।

मुख्य अतिथि ने भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भारतीय दर्शनों की परंपरा को अनादिकाल से बताते हुए अंग्रेजी साहित्य के टीएस इलियट द्वारा उद्धृत ॐ शान्तिः वाक्यों को इससे प्रभावित बताया। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक व्याख्यान को महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यार्थियों को इस विषय पर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर के करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा संचालित पंचम श्रृंखला का दसवां व्याख्यान संस्कृत विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसका विषय भारतीय दर्शन की परंपरा, वैशिष्ट्य एवं स्वरूप था। मुख्य वक्ता इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशीष कुमार त्रिपाठी रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में विश्व की समस्त भाषाओं की जननी संस्कृत को विविध ज्ञान-विज्ञान से समन्वित बताते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के नैतिक मूल्यों की अमूल्य निधि कहा। उन्होंने भारतीय दर्शन की परंपरा को वैदिक काल से जोड़ते हुए इसके वैज्ञानिक तथ्यों और रहस्यों से भी परिचित कराया। प्रश्नकाल में विद्यार्थियों एवं जिज्ञासुओं की शंकाओं का भी समाधान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य एवं निदेशक प्रो. एमसी. पांडे ने गुरु दिवस की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय दर्शनों के चिंतन को समाज के विकास एवं दिशा-निर्देशन में महत्वपूर्ण बताया। आयोजक सचिव एवं प्रभारी संस्कृत विभाग डॉ. मूलचंद्र शुक्ल ने विषयवस्तु की प्रस्तावना प्रस्तुत की। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. लोतिका अमित, प्रकाश बिष्ट, प्रो. विनय विद्यालंकार, प्रो. जया तिवारी, प्रो. गीता शुक्ला, प्रो. गिरीश पंत, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य, प्रो. पुनीता कुशवाहा, डॉ. सिराज अहमद, डॉ. रंजनलता, डॉ. उमाकांत शुक्ल, डॉ. कृपाशंकर मिश्र, डॉ. डीएन जोशी आदि रहे।

## सिटी ब्रीफ

### 20 -22 अप्रैल तक होगी पुलिस हॉकी प्रतियोगिता

**हल्द्वानी :** पुलिस हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा परिसर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हल्द्वानी के हॉकी ग्राउंड में किया जाएगा, जिसे इसके लिए आरक्षित कर दिया गया है। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और प्रतिभागियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उपकरण, मैदान और अन्य सुविधाओं को समय से तैयार करने को कहा गया है, ताकि प्रतियोगिता का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों और पुलिस वाहिनियों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन से पुलिस बल में खेल भावना को बढ़ावा मिलने के साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।



उत्तराखंड में इन दिनों रामलीला मंचन के माध्यम से भी महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया जा रहा है। इस संदेश को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से गढ़वाल हो या कुमाऊं क्षेत्र, रामलीला में राम से लेकर रावण हर एक किरदार महिलाएं निभा रही हैं। खास बात है कि यह सभी महिलाएं गृहिणी हैं जो सुबह घर का कामकाज निबटाने के बाद दोपहर से शाम तक मंचन करती हैं। यहां तक कि कई मंच पर तो कई महिलाएं पर्दे के पीछे साज-सज्जा व मंचन की अन्य तैयारियों में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

### महिला रामलीला के दसवें दिन सुलोचना सती के प्रसंग ने दर्शकों को किया भावुक

# कुंभकरण व मेघनाद वध का हुआ शानदार मंचन

- समिति पदाधिकारियों ने दीप जलाकर किया शुभारंभ
- दर्शकों ने तालियों से किया कलाकारों का उत्साहवर्धन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में पुनर्नवा महिला समिति की ओर से आयोजित महिला रामलीला के चौथे वर्ष के दशम दिवस पर शनिवार को कुंभकरण वध, मेघनाद वध और सुलोचना सती प्रसंग का मंचन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंचन के दौरान दर्शकों ने महिला कलाकारों के सशक्त



रामलीला मंचन में अपना किरदार निभाते कलाकार। ● अमृत विचार

अभिनय की जमकर सराहना की। रामलीला में कुंभकरण और रावण के बीच संवाद और युद्ध के दृश्य आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं मेघनाद वध और सुलोचना सती प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। शनिवार के मंचन में राम की भूमिका सुप्रभा, लक्ष्मण की लक्षिता, हनुमान की ममता, अंगद की उर्वशी, मेघनाद की सुमन साह, कुंभकरण की दीप्ति चुफाल और रावण की भूमिका गीता ने निभाई। इसके अलावा नल-नील की भूमिका जानकी और सरिता, सुग्रीव की भावना, जामवंत की रंजना, सुलोचना की गुंजन जोशी और विभीषण के रूप में मेघा ने प्रभावशाली अभिनय किया।

राक्षस सेना में तारा, सोना तिवारी, सौम्या और तारा नेगी, जबकि वानर सेना में अक्षिता, मनस्वी, मैत्री, आन्या सहित अन्य बालिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुति भूमिका ने दी, जबकि हास्य भूमिका में रितु ने दर्शकों जमकर को गुदगुदाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे उन्होंने तालियां बजाकर महिला कलाकारों का उत्साहवर्धन और उनके प्रयासों की सराहना की।

# भागवत कथा में सुनाया महिषासुर वध का प्रसंग

- श्रद्धा और भक्ति से दानवी प्रवृत्तियों का होता है नाश : आचार्य कृष्णानंद शास्त्री

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बिठौरियाल स्थित शिवकाली धाम मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान कथा के चौथे दिन आचार्य कृष्णानंद शास्त्री ने महिषासुर वध और देवी भगवती के जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।

आचार्य शास्त्री ने कहा कि श्रद्धा और भक्ति से देवी भगवती की आराधना करने पर दानवी प्रवृत्तियों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि जब महिषासुर नामक असुर ने तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया था, तब ब्रह्मा, विष्णु और शिव के तेज से देवी भगवती का प्राकट्य हुआ और उन्हें महिषासुर वध के लिए विशेष शक्तियां प्रदान की गईं। अंततः देवी ने युद्ध में महिषासुर का वध कर अधर्म पर धर्म की विजय स्थापित की। कथा के दौरान पंडाल में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भजनों की धुन पर भावविभोर होकर झूमते और नृत्य करते नजर आए।

शनिवार सुबह आचार्य हरिओम जोशी, दीप चन्द्र जोशी और धीरज पांडे ने मंत्रोच्चारण के साथ मंडप प्रवेश, गणेश पूजन और नित्य पूजन संपन्न कराया। कथा में संगीत मंडली की ओर से प्रस्तुत भजनों में मोहित, दीपक, नीरज और रमेश ने संगत दी। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लावारिस मिला 17 क्विंटल लीसा लदा वाहन

### फर्जी नंबर प्लेट का किया इस्तेमाल और पहचान छिपाने के लिए वाहन के इंजन व चेसिस नंबर तक मिटाया

- नंधौर उप वन प्रभाग ने अवैध लीसा तस्करी का खुलासा
- टेंपो ट्रैवलर से114 टिन अवैध लीसा बरामद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नंधौर उप वन प्रभाग ने अवैध लीसा तस्करी का मामले का खुलासा किया है। तस्करों ने वन विभाग की टीम को चकमा देने के लिए शातिर तरीका अपनाते हुए टेंपो ट्रैवलर में फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया और पहचान छिपाने के लिए वाहन के इंजन व चेसिस नंबर तक मिटा दिया।

जांच के बाद काठगोदाम थाना पुलिस ने कुसुमखेड़ा निवासी आरोपी रवि भट्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। 24 दिसंबर को छकाता रेंज के अंतर्गत हैड़ाखान मार्ग पर हनुमानगढ़ी बैरियर से कुछ दूरी पर एक संदिग्ध टेंपो ट्रैवलर खड़ा मिला। वन विभाग की टीम ने जब वाहन की तलाशी ली, तो उसमें 114 टिन अवैध लीसा बरामद हुआ। मौके पर कोई मौजूद नहीं था, जिसके बाद विभाग ने वाहन और लीसा को जब्त कर वन अपराध



लीसे से लदा लावारिस ट्रक का एआई फोटो। ● अमृत विचार

दर्ज कर लिया। वाहन की जांच के दौरान टीम को एक पीयूसी प्रमाण पत्र मिला, जिस पर वाहन संख्या यूके08पीए 0061 दर्ज थी। हालांकि जब पड़ताल की गई तो पता चला कि वाहन के इंजन और चेसिस नंबर जानबूझकर मिटाए गए थे। परिवहन विभाग से जानकारी जुटाने पर सामने आया कि उक्त नंबर शिशपाल नाम के व्यक्ति के नाम दर्ज है। शिशपाल ने जांच अधिकारी के सामने पेश होकर बताया कि उसने यह टेंपो ट्रैवलर 30 सितंबर को कुसुमखेड़ा निवासी रवि भट्ट को 1.50 लाख रुपये में बेच दिया था।

जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि रवि भट्ट ने न तो वाहन अपने नाम ट्रांसफर कराया और न ही नवंबर 2024 के बाद इसका टैक्स जमा किया। गिरफ्तारी और पहचान से बचने के लिए आरोपी ने वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसे तस्करी के काम में इस्तेमाल करने लगा। उप प्रभागीय वनाधिकारी गणेश दत्त जोशी ने बताया कि आरोपी रवि भट्ट को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। अब वन विभाग ने पुलिस को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। काठगोदाम थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# चेकिंग के दौरान हथियार के साथ पकड़ा गया युवक

- शस्त्र लाइसेंस केवल यूपी के लिए मान्य निकला
- 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत काठगोदाम पुलिस की कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** काठगोदाम थाना पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" के तहत चेकिंग के दौरान एक सफेद स्कॉर्पियो से अवैध रूप से पिस्टल और कारतूस ले जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास मौजूद शस्त्र लाइसेंस केवल उत्तर प्रदेश के लिए मान्य पाया गया।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात मल्ला काठगोदाम गेट के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से आ रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो को पुलिस टीम ने रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान चालक के पास से .32 बोर की एक पिस्टल और छह कारतूस बरामद हुए।

पकड़े गए युवक की पहचान मेहर सिंह निवासी बिलासपुर, रामपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान युवक ने अपने मोबाइल में जिलाधिकारी रामपुर द्वारा जारी शस्त्र लाइसेंस की फोटो दिखाई। हालांकि, जांच में पता चला कि लाइसेंस का क्षेत्राधिकार केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित था।

एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि बिना अनुमति दूसरे राज्य में हथियार लाना शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन है। इसी आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शस्त्र जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण के लिए "ऑपरेशन प्रहार" अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि युवक किस उद्देश्य से हथियार लेकर उत्तराखंड आया था। फिलहाल आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

# बच्चों को प्रशिक्षण देंगी छात्राएं, मिलेगा मानदेय




एमबीपीजी कॉलेज में आयोजित अनुभव आधारित विज्ञान प्रशिक्षण में मौजूद छात्राएं व शिक्षक।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज के गृहविज्ञान की छात्राएं अब विज्ञान संचार को आजीविका का माध्यम बनाते हुए स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण देंगी। 'हिमवत्स' संस्था के सहयोग से आयोजित गर्ल्स इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ।

कार्यशाला में पीजी की छात्राओं को लोकप्रिय विज्ञान संचार के तहत व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्राओं ने मानव शरीर और कंकाल तंत्र जैसे विषयों पर निष्प्रयोज्य सामग्रियों से आकर्षक मॉडल तैयार करना सीखा। प्रशिक्षित छात्राएं आगामी दो माह के भीतर विभिन्न स्कूलों की जूनियर हाईस्कूल कक्षाओं में 10 कार्यशालाएं आयोजित कर बच्चों को विज्ञान का रोचक तरीके से प्रशिक्षण देंगी। खास बात यह है कि प्रत्येक कार्यशाला के लिए छात्राओं को मानदेय भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने किया। उन्होंने छात्राओं को ऐसे नवाचार कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हिमवत्स संस्था के सचिव डॉ. गोविंद बिष्ट ने बताया कि संस्था पिछले चार सालों से उत्तराखंड के विभिन्न कॉलेजों में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से इस प्रकार के इंटर्नशिप कार्यक्रम चला रही है।

गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू बिष्ट ने कहा कि इस पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। संस्था के अध्यक्ष डॉ. केके पांडे, डॉ. अर्चना, डॉ. किरण, पूनम पाठक, डॉ. दीपा सिंह मौजूद रहे।

### हल्द्वानी की खिलाड़ियों का राष्ट्रीय खेल में परचम

**हल्द्वानीः** एडवेंचर व मास्टर खेल महासंघ की ओर से आयोजित नेशनल मास्टर्स गेम्स 9 से 12 अप्रैल ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, दिल्ली में उत्तराखंड की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

शहर की चंपा नैनवाल ने 40 प्सल आयु वर्ग में ट्रिपल जंप और लॉंग जंप में प्रथम स्थान व 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है। इसी प्रतियोगिता में कालाढूंगी के अंतरराष्ट्रीय धावक दीपक नेगी ने ट्रिपल जंप, लॉन्ग जंप व 110 मीटर हर्डल रेस में स्वर्ण पदक जीते, जबकि हल्द्वानी की निरिमा नेगी बिष्ट ने लॉंग जंप, ट्रिपल जंप व 100 मीटर हर्डल में स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया।



नेशनल मास्टर्स गेम्स में सम्मानित होती चंपा नैनवाल। ● अमृत विचार



साहस होम्यो क्लीनिक के निशुल्क शिविर में मरीज की जांच करते डॉ. यश पांडे।

### साहस होम्यो क्लीनिक के शिविर में पहुंचे कई मरीज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** साहस होम्यो क्लीनिक में शनिवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का लगाया गया, जिसमें दर्जनों मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श व दवाइयां वितरित की गईं। शिविर क्लीनिक के निदेशक डॉ. यश पांडे के मार्गदर्शन में हुआ। डॉ. यश पांडे ने चर्म रोग, गैस्ट्रिक, गुर्दे, लीवर और प्रोस्टेट से संबंधित समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की। उन्होंने लगभग छह दर्जन मरीजों को परामर्श और उपचार दिया। वहीं, डेंटल सर्जन डॉ. रक्षित रोशन ने 38 मरीजों के दांतों की जांच की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से अब दांतों की जड़ों को निकालने के बजाय उसी पर नए दांत लगाए जा सकते हैं। ओम मीनाक्षी हेल्थ केयर, जज फार्म गेट मुखानी की टीम ने 66 मरीजों की शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की। इस मौके पर साहस होम्यो क्लीनिक के राम पांडे, पूरन चंद्र ओझा और भावना सहित अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 100 लोगों की जांच

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चलाया साप्ताहिक जागरुकता कार्यक्रम
- स्वास्थ्य शिविर दिया गया निशुल्क परामर्श

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से साप्ताहिक जनहितकारी कार्यक्रम चलाया गया। इस साल की थीम टूगेदर फॉर हेल्थ : स्टैंड विद साइंस के तहत स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता, जनजागरूकता अभियान और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर पॉलीशीट (काठगोदाम) व



स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम के दौरान मौजूद डॉक्टरों की टीम। ● अमृत विचार

फैमिली हेल्थ सेंटर क्षेत्र में टीम ने लोगों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण, बचाव व सावधानियों की जानकारी दी।

इसके अलावा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में करीब 100 लोगों की जांच कर उन्हें विशेषज्ञ परामर्श व निशुल्क दवाइयां दी गईं। विभागाध्यक्ष डॉ. साधना अवस्थी ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल, डॉ. ठक्कर हेमाबेन, डॉ. आशुतोष, डॉ. विनीता, डॉ. शोभना मित्तल, डॉ. राजनंदिनी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. सृष्टि, डॉ. साहिल आदि मौजूद रहे।

### बिजली कटौती से परेशान रहे लोग

**हल्द्वानीः** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को बिजली आपूर्ति बाधित रही। ऊर्जा निगम की ओर से जारी रोस्टर के तहत नहर पुनर्निर्माण व पेड़ों की छंटाई के कार्य के चलते कई फीडरों की विद्युत आपूर्ति निर्धारित समय के अनुसार बंद रखी गई।

नवाबी रोड-2 33 केवी और 11 केवी लाइनों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक शटडाउन लागू रहा, जिसके कारण उपभोक्ताओं को दिनभर बिजली संकट का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि यह कार्य विद्युत लाइनों की सुरक्षा एवं सुचारू आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पेड़ों की टहनियां बिजली लाइनों के संपर्क में आने से संभावित खतरे को देखते हुए छंटाई कार्य आवश्यक है।

# कटौती पर लगेगा ब्रेक दो नए बिजलीघर तैयार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे शहर के लोगों को जल्द राहत मिलेगी। धौलाखेड़ा में पिटकुल और डहरिया में ऊर्जा निगम के नए बिजलीघरों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

अधिकारियों के अनुसार दोनों बिजलीघरों में आवश्यक मशीनरी लगाने और लाइनों को जोड़ने का काम भी पूरा कर लिया गया है। फिलहाल टेस्टिंग का काम चल रहा है, जिसके बाद जल्द ही यहां से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। धौलाखेड़ा बिजलीघर से ग्रिड की बिजली ऊर्जा निगम के सब स्टेशनों तक पहुंचाई जाएगी, जबकि डहरिया स्थित बिजलीघर से उपभोक्ताओं तक सीधे सप्लाई को बेहतर बनाया जाएगा। शहर में लगातार बढ़ रही आबादी के कारण बिजली की मांग और आपूर्ति में अंतर बना रहता है, जिससे गर्मियों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कई बार लंबे समय तक बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एके गुप्ता ने बताया कि दोनों बिजलीघरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और जल्द ही आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। इससे शहर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है।

**शिक्षा में खेल** | सरकारी नियमों के दावे फेल, निजी स्कूलों की फीस पर मनमानी जारी

# अभिभावकों की सहमति बिन बढ़ाई फीस, नियमों की उड़ी धज्जियां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नये शैक्षणिक सत्र में निजी स्कूलों की फीस व्यवस्था एक बार फिर विवादों में आ गई है। शिक्षा विभाग की ओर से सख्त निर्देश और पारदर्शिता के दावों के बावजूद कई स्कूलों में अलग-अलग नामों से अतिरिक्त शुल्क वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। शिक्षा विभाग ने सत्र शुरू होने से पहले स्पष्ट कहा था कि कोई भी निजी स्कूल अभिभावकों की सहमति के बिना फीस में बढ़ोत्तरी नहीं करेगा और सभी शुल्कों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर मान्यता रद्द करने तक की चेतावनी




एआई जनित प्रतीकात्मक फोटो।

दी गई थी। इसके बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही दिख रही है। अभिभावकों का आरोप है कि कई स्कूलों ने बिना पूर्व सूचना के वार्षिक शुल्क में बढ़ोत्तरी कर दी है। इसके अलावा एक्टिविटी फीस, रजिस्ट्रेशन फीस और अन्य मदों के नाम पर अतिरिक्त पैसे वसूले जाने से अभिभावक असमंजस में हैं।

शैक्षणिक सत्र शुरू हुए 10 दिन हो चुके हैं, जिस दौरान अधिकांश स्कूलों में बड़ी संख्या में एडमिशन हो चुके हैं। ऐसे में अभिभावकों का कहना है कि वे अतिरिक्त शुल्क देने को मजबूर हैं। सीईओ के निर्देश पर सभी स्कूलों को फीस स्ट्रक्चर वेबसाइट पर सार्वजनिक करनी थी, लेकिन कई स्कूलों में अब भी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। सीईओ जीआर जायसवाल ने कहा कि प्राप्त शिकायतों और स्कूलों की वेबसाइटों की जांच की जा रही है। नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अभिभावक विभागीय कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय पर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाना मुश्किल हो जाएगा।

### बीईओ कार्यालय में भेजा नोटिस का जवाब

शिक्षा विभाग ने शहर के 46 स्कूलों को फीस, निर्धारित दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य करने सहित अन्य शिकायतों पर कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जिसका जवाब उन्हें शनिवार शाम 5 बजे तक बीईओ ऑफिस में मैनुअली या ईमेल के जरिये देना था। सीईओ जीआर जायसवाल ने बताया कि स्कूलों को स्पष्टीकरण देने के लिए शनिवार को आखिरी दिन था। स्पष्टीकरण की जांच सोमवार को की जाएगी।

# आर्ट एंड क्राफ्ट मेगा वर्कशॉप में निखरी छात्राओं की रचनात्मकता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय महिला पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग में पीडिलाइट कंपनी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट मेगा कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। तीन दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यशाला का संचालन नविता अग्रवाल ने किया, जिसमें छात्राओं को पुरानी बेकार पड़ी बोतलों पर जिराफ बनाना, आर्टिफिशियल ज्वेलरी तैयार करना और सनफ्लावर कोस्टर बनाना सिखाया गया।

प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक उत्पाद तैयार किए। इस



आर्ट एंड क्राफ्ट मेगा कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

मौके पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो. आभा शर्मा ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं छात्राओं की रचनात्मक क्षमता को निखारने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपनी स्किल का निरंतर विकास करें और उसे आजीविका से जोड़ें। वहीं, विभागाध्यक्ष डॉ. विद्या कुमारी ने कहा कि आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी गतिविधियां न केवल व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं, बल्कि स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करती हैं।

# महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर हुए कार्यक्रम

## जीबी पंत विश्वविद्यालय में ज्योतिराव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ, स्वयंसेवकों ने डिजिटल पोस्टर किए प्रस्तुत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जीबी पंत विश्वविद्यालय की सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई और डॉ.आंबेडकर चेयर के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती पर समानता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिराव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। साथ ही उनके सामाजिक सुधार, जाति उन्मूलन एवं महिला शिक्षा में योगदान पर संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका और फुले का समानता का दृष्टिकोण विषयों पर डिजिटल पोस्टर प्रस्तुत किए गये। वहीं एक नाटक के माध्यम से जातिगत भेदभाव, लैंगिक असमानता और अशिक्षा जैसी समस्याओं को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डॉ.अल्का गोयल ने एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की मजबूत भावना विकसित करते हैं। उन्होंने महात्मा ज्योतिराव फुले के समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के विचारों को समाज परिवर्तन की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे असमानताओं के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संध्या रानी एवं डॉ.पूजा टम्टा, सहायक प्राध्यापिका ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा करते हुए उन्हें ज्योतिराव फुले के आदर्शों के अनुरूप सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन स्वयंसेवकों ने समानता, न्याय और सभी के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने की शपथ के साथ हुआ।



कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

### महात्मा फुले के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

**सितारगंज** : भाजपा ओबीसी मोर्चा ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान वक्ताओं ने महात्मा फुले के विचारों को आत्मसात कर समाज में शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले आधुनिक भारत में महान समाज सुधारक और सामाजिक क्रांति के अग्रदूत रहें। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी महिलाओं, दलितों और पिछड़े वर्गों की शिक्षा के लिए संघर्ष किया। उनका यह योगदान सदैव समाज को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता फुले जी के 'अंत्योदय' के विचार को साकार करने के लिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब तक अंतिम व्यक्ति का उत्थान नहीं होगा, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। वहीं, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने कहा कि महात्मा फुले का "विद्या बिना मति गई" का संदेश आज भी समाज को शिक्षा के महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पिछड़े एवं वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष चंद ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, राकेश त्यागी, संदीप बाबा, जानकी गोस्वामी, अजय मौर्या, हरजीत राठी, राजेश जायसवाल, सत्यप्रकाश यादव, सचिन रस्तोगी, बलबीर कंबोज, अजीत कुमार, मुकेश राठौर, उदय ठाकुर, तीरथ शर्मा, गुरमंत सिंह, मंगल सिंह टुरना, हरदेव सिंह, शिवम रस्तोगी, सुमित्र रस्तोगी, आशा देवी, जानकी कोली, सतपाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

### महात्मा फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**काशीपुर** : डॉ. आंबेडकर स्मारक ट्रस्ट सोसायटी की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को वेस्टर्न कॉलोनी बैलजुड़ी में बैठक की अध्यक्षता जोईल मसीह और संचालन महामंत्री लईक अहमद ने किया। इस दौरान महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की 199 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसके बाद राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शफक्कत अली ने 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाए जाने की बात रखी। युवा कमेटी प्रदेश अध्यक्ष फ्रैंकलीन ने संस्था की सदस्यता ग्रहण कराने पर बल देकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। योगेश कुमार ने कहा कि कमेटी का विस्तार पूर्वक गठन कर आंबेडकर पार्कों व भवनों की कमेटियों का गठन करना चाहिए। महिला कमेटियों को बढ़ावा देने के लिए सिलाई कढ़ाई सेंटर खोले जाने पर बल दिया। इस मौके पर शिवओम, कपिल गौतम, सुशील अग्रवाल, रामचंद्र दिवाकर, राजेश कुमार, अमरजीत सिंह, अर्चना आदि मौजूद रहे।

### सामाजिक परिवर्तन की नींव आज भी प्रेरणादायक

**बाजपुर** : महान समाज सुधारक और शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर बरहैनी में ओबीसी समाज द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा ओबीसी मोर्चा काशीपुर के जिला मंत्री राजेंद्र सिंह सैनी 'राज' के प्रतिष्ठान पर हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने महात्मा फुले के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत, भेदभाव और कुरीतियों के खिलाफ उस दौर में आवाज उठाई जब यह अत्यंत कठिन था। वक्ताओं ने जोर दिया कि महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा के द्वार खोलकर उन्होंने सामाजिक परिवर्तन की जो नींव रखी, वह आज भी प्रेरणादायक है। इस अवसर पर सैनी महासभा बरहैनी के अध्यक्ष कोमल सैनी, धर्म सिंह सैनी, रामचरन सिंह सैनी, करन सिंह सैनी, दिलीप सिंह (ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा), बलवंत राणा, इंद्रपाल सैनी मौजूद रहे।

# गेहूं बेचने अब नहीं जाना होगा गांव से दूर

- सीएम के निर्देश के बाद यूसीएफ ने शिफ्ट किए केंद्र
- जनपद की मंडियों में बना दिए थे एक साथ कई क्रय केंद्र

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर जनपद के ग्रामीणों को अब गेहूं बेचने के लिए गांव से आठ किमी दूर नहीं जाना होगा। कारण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद विगत दिवस अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद यूसीएफ ने आदेश जारी कर सभी केंद्र प्रभारियों को केंद्र संबंधित गांवों में शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

यहां बता दें कि विगत दिनों शासन से खरीद नीति जारी हुई थी। इसमें कहा गया था कि प्रत्येक ग्राम में यथासंभव 8 किमी की परिधि में कम से कम एक क्रय केंद्र अवश्य खोला जाए। लेकिन इस बार बगवाड़ा मंडी में सात क्रय केंद्र खोल दिए गए। इसमें मलसा गिरधरपुर, बगवाड़ा, रुद्रपुर देहात, भगवानपुर, भमरौला, फौजी मटकोटा, किरतपुर गांव के क्रय केंद्र शामिल हैं। इसके अलावा जनपद की अन्य मंडियों में एक साथ कई क्रय केंद्र खोले गये थे। इससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

वहीं विगत दिनों किसानों ने मुख्यमंत्री से मंडी परिसरों के क्रय केंद्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में खोले जाने की मांग रखी। किसानों की समस्याओं को देखते हुए सीएम ने क्रय केंद्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में खोले जाने के निर्देश दिए। इसके बाद विगत दिवस अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम के निर्देश पर जनपद की मंडियों में एक अप्रैल को स्थापित किये गये 108 केंद्रों में से खाद्य विभाग के 18 केंद्रों को छोड़कर शेष 90 केंद्र में से जो केंद्र मंडी से 8 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित हैं को 48 घंटे में इन केंद्रों को ग्रामों में स्थापित किये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निर्देश मिलने के बाद यूसीएफ के अधिकारियों ने आदेश जारी कर तुरंत क्रय केंद्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में खोलने के निर्देश क्रय केंद्र प्रभारियों को दिए।

> विगत दिवस बैठक के बाद सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को मंडियों में खुले क्रय केंद्रों को संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में खोलने के निर्देश दिए गए हैं। सभी क्रय केंद्रों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। रविवार तक सभी क्रय केंद्र निर्धारित ग्रामों में लग जाएंगे। इससे किसानों की समस्या का समाधान होगा।
> –**त्रिलोचन पाठक**, जिला प्रबंधक, यूसीएफ

# हादसे में सिडकुल कर्मी की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** विगत दिवस रामपुर से रुद्रपुर किसी से पैसे लेने आ रहे एक सिडकुल कर्मी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 आपातकालीन वाहन से घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यहां बता दें कि स्वार रामपुर निवासी 26 वर्षीय विकास कुमार पुत्र महेंद्र कुमार सिडकुल की एक कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा है कि रुद्रपुर में उसने किसी से रुपये लेने थे। इसके लिए वह शुक्रवार दोपहर बाइक से रुद्रपुर आ रहा था। इस बीच गदरपुर रोड स्थित महतोष मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गयी और 108 आपातकालीन वाहन को सूचना दी गयी। सूचना पर एंबुलेंस 108 घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और मृतक के परिजनों को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से 12 साल के बालक की मौत

**रुद्रपुर** : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में सब्जी खरीद रहे पिता-पुत्र को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे 12 साल के बालक की मौत हो गई, जबकि पिता घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड-आठ शिवनगर निवासी धीरज कुमार अपने 12 साल के बेटे के साथ पांच अप्रैल को मुख्य मार्ग पर सब्जी खरीद रहे थे। अचानक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पिता का उपचार शुरू कर दिया था। शिकायतकर्ता का कहना था कि चालक द्वारा तेज रफ्तार वाहन का संचालन किया। जिस कारण बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश तेज कर दी है।

### मुनाफे का झांसा देकर छह लाख ठगे

**रुद्रपुरः** मोबाइल पर शेयर ट्रेडिंग के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक युवक से छह लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यहां बता दें कि गदरपुर निवासी एक युवक ने एसएसपी कार्यालय में दी तहरीर दी है। इसमें युवक का कहना है कि करीब दो माह पूर्व क्षेत्र के ही रहने वाले एक युवक ने उसे मोबाइल पर शेयर ट्रेडिंग के जरिये मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। आरोप है कि युवक ने उसके मोबाइल पर एक ऐप डाउनलोड कराया और उसमें डॉलर के रूप में निवेश दिखाने का झांसा देकर उससे छह लाख रुपये की नकदी ले ली। कुछ समय बाद रकम वापस मांगी तो युवक मुकर गया।

# पंडित उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक

- शहीद भगत सिंह मंडल की ओर से आयोजित हुई कार्यशाला
- भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री रहे मौजूद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत रुद्रपुर विधानसभा के शहीद भगत सिंह मंडल की ओर से कार्यशाला का समापन हुआ। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा टिंकू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित के निर्माण में अपना सहयोग देना चाहिए।

कार्यशाला में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के चेहरे पर झलकता उत्साह और संकल्प इस बात का प्रमाण है कि हम सेवा ही संगठन के मंत्र के साथ राष्ट्र निर्माण के पथ पर अडिग हैं। यह सामूहिक ऊर्जा अंत्योदय के लक्ष्य को सिद्ध करने में मील का पत्थर साबित होगी। समापन सत्र की अध्यक्षता किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, रेनू जुनेजा, वेद ठुकराल, तरुण दत्ता, प्रीति धीर, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रवीण तोमर, ममता, पुष्पा, अशोक नेगी समेत मातृशक्ति और मंडल के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।


कार्यशाला में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# मां के भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

- कटोरी मंदिर में हुआ मां भगवती का विशाल जागरण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रम्पुरा स्थित कटोरी मंदिर में मां भगवती के विशाल जागरण का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मुख्य ज्योति जलाकर किया। जागरण में भजन गायकों ने पूरी रात मां भगवती का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते नजर आए।

मां भगवती के जागरण शुभारंभ पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि भक्ति और जागरण के आयोजनों से मन को शांति मिलती है और समाज में धार्मिक चेतना का विस्तार होता है। उन्होंने मां भगवती से सभी नगरवासियों के कल्याण और सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इससे पूर्व आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से कांति कोली, पूरन लाल पप्पू, सिया राम, धर्मपाल, राजू गुप्ता, गोविंद, सुरेश, केरू मंडल, शिव कुमार, सुरेश, तुलाराम, मीलाल भगत, ओमप्रकाश, अरुण, दीपक समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं पूर्व विधायक ठुकराल ने शिवपुर में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन में भी प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने भक्तिभाव के साथ संकीर्तन सुना और ईश्वर से क्षेत्र की सुख समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों ने उनका स्वागत किया गया और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।


कटोरी मंदिर में मां भगवती के जागरण के दौरान मौजूद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

### ट्रांसपोर्ट स्वामी से रंगदारी मांगी

**रुद्रपुरः** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक नामी ट्रांसपोर्ट स्वामी और ''आरएस ग्रुप ऑफ कंपनी'' के मालिक ध्रुव मुंजाल को डिजिटल माध्यम से बदनाम करने और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार, कुछ अज्ञात शरारती तत्व उनके नाम और फोटो का गलत इस्तेमाल कर फर्जी व्हाट्सएप आईडी चला रहे हैं। आरोपियों द्वारा पीड़ित को अश्लील मैसेज भेजकर सामाजिक प्रतिष्ठा खराब करने की धमकी दी जा रही है और मोटी रकम की मांग की जा रही है। ध्रुव मुंजाल ने स्पष्ट किया कि उनकी असली प्रोफाइल पर कोई फोटो नहीं लगी है, जबकि साजिशकर्ता उनकी तस्वीर लगाकर जालसाजी कर रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पंत विवि को मिला लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स इंस्टेंट पुलाव का पेटेंट

- भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने 12 मार्च को प्रमाण पत्र किया स्वीकृत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के वैज्ञानिकों को एक बड़ी सफलता मिली है। विश्वविद्यालय की ओर से विकसित लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स इंस्टेंट पुलाव बनाने की प्रक्रिया को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने 12 मार्च 2026 को पेटेंट प्रमाण पत्र स्वीकृत किया गया है।

इस नवाचार को खाद्य एवं पोषण विभाग सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ.सरिता श्रीवास्तव और उनकी शोध छात्रा श्वेता जोशी ने तैयार किया है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि यह पुलाव विशेष रूप से मधुमेह (डायबिटीज) के रोगियों के लिए उपयोगी है। कारण इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स मात्र 34.12 है। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होने के कारण इसमें मौजूद शर्करा शरीर में धीरे-धीरे अवशोषित होती है। जिससे रक्त शर्करा स्तर नियंत्रित रहता है।

उन्होंने बताया कि पोषण के लिहाज से भी यह सामान्य चावल से बने पुलाव की तुलना में अधिक लाभकारी है। इस उत्पाद को सीलबंद एल्युमिनियम बैग में कमरे के तापमान पर लगभग दो महीने तक सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही यह व्रत के दौरान भी सेवन के लिए उपयुक्त है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को पेटेंट मिलने पर बधाई दी। साथ ही बौद्धिक संपदा प्रबंधन केंद्र की सीईओ डॉ.एमजीएच जैदी को भी इस पेटेंट को हासिल करने पर बधाई दी है।


डॉ.सरिता श्रीवास्तव।


छात्रा श्वेता जोशी।

साइबर अपराध | अल्मोड़ा स्कूल में शिक्षिका है पीड़िता, 58 लाख रुपये हड़पे, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

# महिला शिक्षा कर्मी को फंसाया, कस्टम अधिकारी बनकर धमकाया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में तैनात शिक्षा विभाग की महिला कर्मी को विदेशी उत्पाद और मुद्रा की तस्कर बनाकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप था कि कॉलर द्वारा धमकाया कि यदि मामला रफा दफा नहीं किया तो जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। साइबर क्राइम थाना सेल ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव खत्याड़ी अल्मोड़ा की रहने वाली प्रीति ने बताया कि वह शिक्षा विभाग में कार्यरत है। बताया कि वर्ष 2022 में फेसबुक पर डॉ.मारिया नाम की प्रोफाइल पर एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। धीरे-धीरे मैसेज के आदान प्रदान के बाद परिचय दोस्ती में बदल गई। वर्ष 2023 में व्हाट्सएप चैटिंग के माध्यम से विदेशी महिला मित्र का मैसेज आया और वह ब्रिटेन से एक गिफ्ट पार्सल कर रही है। एक नवंबर 2023 को सामान्य कॉल आयी। जब कॉल उठाई तो कॉलर खुद को कस्टम विभाग का अधिकारी बता रहा था और बोला कि जिस गिफ्ट पैकेट कस्टमर को मिला है। उसमें विदेशी उत्पाद और बड़ी तादाद में विदेशी मुद्रा रखी है।

फोन कटने के बाद दूसरी कॉल आयी जो खुद को कस्टम विभाग का बड़ा अधिकारी बताते हुए धमकाया रहा था कि तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। जल्द ही गिरफ्तारी भी होगी। साथ ही प्रस्ताव रखा कि विदेशी मुद्रा तस्करी का मामला रफा दफा करना है तो कुछ खर्च आएगा। जिसके बाद कॉलर लगातार बातचीत करने लगा। नवंबर 2023 से 23 मार्च 2026 को बताए खाते में 58 लाख रुपये ट्रांसफर हो चुके थे। बावजूद साइबर ठग बार-बार नये हथकंडे अपनाकर मोटी रकम की डिमांड करने लगे तो साइबर ठगी होने का एहसास हुआ। जिसके बाद साइबर क्राइम थाना सेल ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला कर्मी को कर दिया था भयभीत

**रुद्रपुर** : पहले खुद को कस्टम विभाग का अधिकारी बताने के बाद कॉलर ने बताया कि दोगुना टैक्स देकर अपना उपहार पाया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं करने पर आईबीआई का चार्जेज व सीमा शुक्ला देना ही पड़ेगा। नियमों का हवाला देते हुए साइबर ठग ने मनीलांडरिंग और इनकम टैक्स की छापामार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी और जेल भेजने की धमकी भी दी। साथ ही भयभीत किया कि यदि पुलिस की मदद या फिर परिवार से चर्चा की तो सामाजिक प्रतिष्ठा खराब होने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई में फंस सकती है। यहां तक कि कथित कस्टम अधिकारी ने विदेशी महिला का फोन नंबर और उपचार पर नाम लिखने की फोटो भी पीड़िता को भेजी। इससे यह साफ था कि साइबर ठगी के इस खेल में कथित विदेशी महिला मित्र की भूमिका भी संदिग्ध है।

### पिछले तीन साल तक करते रहे परेशान

**रुद्रपुर** : वर्ष 2023 को साइबर ठगों ने महिला कर्मी को जाल में फंसा लिया था, लेकिन विदेशी तस्कर बताकर भयभीत करने के बाद पहले आरोपियों ने खाता और संपत्ति जांच के नाम पर सारी जानकारी ली। फिर खुद के खातों में 58 लाख रुपये का स्थानांतरण किया। पिछले तीन सालों से आरोपी महिला को कभी जांच तो कभी कस्टम रिपोर्ट आने का झांसा देते हुए और फिर वर्ष 2026 जनवरी में ज्यादा दबाव बनाने पर यह कहकर चार खाते खुलवाने की जांच पूरी हो चुकी है और रकम वापस करनी है। जब पीड़िता ने चार खाते खुलवाये तो अभियुक्त साक्ष्य का हवाला देते हुए खातों में पुन: रकम डालने का आदेश दिया। जिसके बाद महिला को साइबर ठगी का एहसास होने लगा।

### खुद को बताया गाइनोक्लोजिस्ट

**रुद्रपुर** : शिक्षा विभाग में तैनात महिला कर्मचारी प्रीति ने बताया कि जिस वक्त फेसबुक पर ब्रिटेन मूल की रहने वाली डॉ.मोरिया की आकर्षक लगी फोटो फ्रेड रिक्वेस्ट आई तो विदेशी महिला मित्र ने बताया कि वह ब्रिटेन स्थित एक सरकारी अस्पताल में गाइनोक्लोजिस्ट के पद तैनात है। जिसने अपना नाम डॉ.मारिया बताया था। व्हाटसअप चैटिंग में जिस प्रकार विदेशी महिला मित्र मैसेज भेज भेज रही थी उसे देखकर यह लग रहा था कि कोई उसे फंसा रहा है। कारण इंग्लिश के शब्द भी ब्रिटेन की भाषा जैसे प्रतीत हो रहे थे। इसी कारण उसने बातों पर विश्वास किया।

# बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा

- 50 हजार रुपये अर्थदंड देने का फैसला सुनाया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना दिनेशपुर इलाके में एक छह वर्षीय बच्ची के साथ घिनौनी करने वाले दोषी को बीस साल कठोर कारावास की सजा हुई है, जबकि 50 हजार रुपये अर्थदंड देने का फैसला सुनाया गया।

विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि थाना दिनेशपुर की रहने वाली एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसने अपनी छह वर्षीय बेटी का कक्षा एक में दाखिला कराया था। घिनौनी घटना 13 जुलाई 2022 की है। जब गांव चंडीपुर थाना दिनेशपुर का रहने वाला 40 वर्षीय श्यामल मंडल को उसकी नाबालिग बच्ची को टॉफी देने के बहाने बुलाकर ले गया और दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। शाम के वक्त बच्ची ने घिनौनी वारदात को बयां किया था। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद चार्जशीट अदालत में पेश कर दी। प्रकरण की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एवं एफटीएससी पॉक्सो संगीता आर्या की अदालत में हुई। जहां जिला लोक अभियोजक ने आठ गवाह पेश किए। अदालत ने दुष्कर्म के दोषी श्यामल मंडल को 20 साल का कठोर कारावास और 50 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

ब्रीफ न्यूज

## दुर्घटना में युवक की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** पुरानी तहसील रोड निवासी सुहैल खान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसका भाई नावेद खान 25 मार्च को शाम अपने दोस्त नमन की बाइक पर पीछे बैठकर बनबसा से खटीमा आ रहा था। चकरपुर मन्दिर के पास सामने से आ रही कार के चालक ने टक्कर मारकर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसमें नमन की मौके पर ही मृत्यु हो गई और नावेद को दुर्घटना स्थल पर मौजूद राहगीरों ने निजी अस्पताल के बाद नावेद को सरकारी अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आसाम राइफल्स के पूर्व नायक बहादुर सिंह का निधन

**खटीमा :** आसाम राइफल्स के 67 वर्षीय सेवानिवृत नायक बहादुर सिंह



बहादुर सिंह (फाइल)।

कन्याल निवासी वार्ड संख्या 14 का हृदय रुकने से निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी मोहनी कन्याल सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका सहित नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शारदा घाट बनबसा में हुई अंत्येष्टि में उनके पुत्र चंद्रशेखर कन्याल ने मुखाग्नि दी। इस दौरान पंकज कन्याल, कृष्ण कन्याल, महेंद्र ठाकुर, कमल मेहरा, कमल सामन्त, देवेंद्र सामान, अमरजीत सिंह मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के बाद की ब्लैकमेलिंग

**खटीमा :** इंस्टाग्राम के माध्यम से एक नाबालिग किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नीरज सिंह के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने 2023 में किशोरी से दोस्ती की और दुराचार के दौरान आपत्तिजनक वीडियो बना लिए। बाद में, इन वीडियो के आधार पर वह किशोरी को बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा।

## एक साल से फरार वारंटी बदायूं से गिरफ्तार

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे आरोपी मुन्तयाज निवासी ग्राम मानकपुर (बदायूं, उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा लंबे समय से गिरफ्तारी वारंट जारी था। पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के उझानी क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को दबोचा।

# नामधारी बने किसान आयोग के उपाध्यक्ष

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड शासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बाजपुर निवासी और राष्ट्रीय सिख संगत के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र सिंह नामधारी को ''उत्तराखंड राज्य किसान आयोग'' का उपाध्यक्ष नामित किया है। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी के पुत्र सुरेंद्र नामधारी को मिली इस नई जिम्मेदारी से ऊधम सिंह नगर के किसानों और समर्थकों में उत्साह का माहौल है।



सुरेन्द्र सिंह नामधारी।

मंत्रिपरिषद विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सुरेंद्र नामधारी कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अपना दायित्व संभालेंगे। उन्हें कैबिनेट/राज्य मंत्री स्तर के निर्धारित प्रावधानों के तहत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जबकि उनके विस्तृत अधिकारों और कर्तव्यों के दिशा-निर्देश जल्द ही अलग से जारी किए जाएंगे। नियुक्ति के बाद सुरेंद्र नामधारी ने कहा, "पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। तराई क्षेत्र में किसानों की अनेक समस्याएं हैं, जिनके समाधान के लिए सभी के सहयोग से ठोस प्रयास किए जाएंगे।" वहीं, उनके पिता सुखदेव सिंह नामधारी ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी का आभार जताते हुए कहा कि युवाओं को जिम्मेदारी मिलने से उत्तराखंड को नई दिशा मिलेगी।

### 12 किसानों को 20 लाख के आर्थिक नुकसान का अनुमान, शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा आग का कारण

# लोहरी व पटिया गांव में गेहूं की फसल में धधकी आग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गंगापुर में लोहरी और गंगापुर पटिया में किसानों की करीब 34 एकड़ भूमि में तैयार गेहूं की फसल आग लगने से पूरी तरीके से स्वाहा हो गयी है। इससे किसानों को 15 से 20 लाख रुपये के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं आग लगने की सूचना पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ और किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला गंगापुर पहुंचे और जानकारी जुटाई। इस दौरान उन्होंने प्रशासन से किसानों को आर्थिक मुआवजा देने की मांग रखी।

शनिवार को दोपहर बाद अचानक गंगापुर लोहरी में गंगापुर पटिया गांव में किसानों के खेतों में आग लग गयी। आनन-फानन में किसानों ने खेतों में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। साथ ही दमकल विभाग में आग लगने की सूचना दी। सूचना पर दमकल की टीम आग बुझाने पहुंची, लेकिन तब तक किसानों के खेतों में लगी आग से तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट को बताया जा रहा है। इसमें किसान अवधेश कुमार सिंह, आदित्य कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अनुग्रह कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह और कमला सिंह की 8 एकड़ भूमि, अविनाश कुमार और सुधीर कुमार अरोरा और रजनीश अरोरा की 10 एकड़, अरविंद कुमार सिंह और विनय कुमार सिंह की 11 एकड़ भूमि में तैयार गेहूं की फसल में आग लग गयी। इसी तरह और गंगापुर पटिया में हरविंदर सिंह की 5 एकड़ भूमि पर लगी गेहूं की फसल में आग लग गयी है। वहीं आग लगने की सूचना पर गंगापुर के पटवारी विक्रम चौहान घटना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सभी किसानों से उनके खेत के रकबे के साथ नुकसान की अन्य जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि करीब 12 किसानों की 34 एकड़ भूमि में खड़ी गेहूं की फसल को आग से नुकसान हुआ है। इससे किसानों को करीब 15 से 20 लाख रुपये का नुकसान का अनुमान है। हालांकि अभी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। वहीं किसान विक्रम जीत सिंह विर्क ने शासन-प्रशासन से किसानों के हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है।



गंगापुर के लोहरी गांव में खेत में लगी आग के बाद राख हुई फसल।



किसानों का हाल जानने पहुंचे किच्छा विधायक बेहड़ व पूर्व विधायक शुक्ला।

# जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल...

### साजना दिवस पर निकाला भव्य नगर कीर्तन, गुरुग्रंथ साहिब की पालकी बनी आकर्षण का केंद्र



दिनेशपुर में निकले नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारे। ● अमृत विचार



नगर कीर्तन में हैरतअंगेज करतब दिखाती गतका पार्टी। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** साजना दिवस पर जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल के उद्घोष से वातावरण गूंज मन हो उठा। नगर कीर्तन में संस्कृत झांकियां व गतका पार्टियों ने हैरतअंगेज करतब, रणकौशल का शानदार प्रदर्शन किया। नगर कीर्तन का फूल वर्षा के साथ जगह-जगह स्वागत किया गया।

शनिवार को गुरुद्वारा सिंह सभा अर्जुनपुर से गुरुपंथ के दास बाबा गुरजंट सिंह के निर्देशन में पंच प्यारों की अगवाई में नगर कीर्तन निकाला। नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह सभा अर्जुनपुर से रायपुर, विजयनगर, नेतानगर, दुर्गापुर, चंदनगढ़ होते नगर में पहुंची। नगर कीर्तन देर शाम मुख्य बाजार होते हुए गुरुद्वारा माता साहिब कौर में समाप्त हुआ। नगर कीर्तन में गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब, रणकौशल का शानदार प्रदर्शन किया। सोमवार से गुरुद्वारा माता साहिब कौर में दो दिनी धार्मिक दीवान सजेगा। नगर कीर्तन का संचालन जत्थेदार बाबा गुरदेव सिंह व डॉ. बलवंत सिंह ने किया।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, युवा किसान नेता बलविंदर साहू, पंजाबी सभा अध्यक्ष केके गावा, जयनगर प्रधान प्रतिनिधि जगदीप सिंह विर्क, प्रधान प्रतिनिधि गगन सिंह रंधावा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, चेतन सुखीजा, अशोक कालड़ा, दीपक मक्कड़, हजारा सिंह मनेश, दर्शन सिंह, ऋषिपाल सिंह, अजमेर सिंह, अभय अजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, अरमानदीप सिंह, गुरजीत सिंह उर्फ बब्बू, सिमरन पांडे, सागर सिंह, कुलवंत सिंह गुराया, नवाब सिंह, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, मानसिंह कोरंगा आदि मौजूद रही।



गुरुग्रंथ साहिब की पालकी के आगे सड़क पर झाड़ू लगातीं कारसेवक।

# महिला ने प्रेमी संग की अपने ही घर में चोरी

● दिनदहाड़े 12 लाख की चोरी के मामले में पुलिस का खुलासा

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** पुलिस ने शक्तिफार्म में जलाभिषेक करने मंदिर गए परिवार के घर में दिनदहाड़े 12 लाख रुपये की चोरी करने के मामले का खुलासा किया है। वहीं, मामले में पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

7 अप्रैल को नगर पंचायत शक्तिगढ़ के आजाद वार्ड निवासी निशिकांत हालदार ने पुलिस को उसके घर से 12 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर एसएसपी अजय गणपति ने सीओ बीएस धौनी के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाल सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की गहनता से जांच की। संदिग्धता पाए जाने पर पुलिस ने निशिकांत की बहू अमिता हालदार (28) से पूछताछ की। पूछताछ में यह सामने आया कि अमिता ने नानकमत्ता निवासी अपने प्रेमी सोमनाथ के साथ मिलकर घर में चोरी की। उसने कबूला कि 6 अप्रैल को उसने अपने घर की अलमारी से रुपये और जेवरात चुराकर सोमनाथ को दिए थे। बताया कि जनवरी और फरवरी में भी उसने अलमारी से एक- एक लाख रुपये चुरा कर सोमनाथ को दिए थे। उसने बताया कि पांच महीने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान सोमनाथ से हुई थी। जो बाद में प्रेम प्रसंग में बदल गई। वहीं, पुलिस ने 9 अप्रैल को सोमनाथ हालदार (33) को उसके घर नानकमत्ता से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 4.98 लाख रुपये और गहने बरामद कर लिए हैं। पूछताछ में सोमनाथ ने बताया कि अमिता से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। 6 अप्रैल को अमिता ने ही उसे फोन कर शक्तिफार्म बुलाया था। वहां उसे रुपये और गहने से भरा थैला दिया था। इसके अलावा उसने पहले दिए दो लाख रुपयों में से 1.57 लाख की बाइक और शेष रुपयों को इलाज में खर्च करने की बात कबूल किया है। वहीं, पुलिस ने चोरी के रुपयों से खरीदी गई बाइक को भी कब्जे में ले लिया है।



गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज चकरपुर में आयोजित शिविर में शामिल बच्चे।

## चकरपुर में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर विधिक शिविर

**खटीमा :** राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज चकरपुर में प्रधानाचार्य पंचदेव की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता एमसी भट्ट ने बताया कि भारत में हर साल 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। आज के दिन गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुरक्षित प्रसव और देखभाल के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु समय-समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा ऐसे जागरूकता कैंप आयोजित किए जाते हैं ताकि महिलाओं को समय मिलते ही सुरक्षित और मुक्त चेकअप किया जा सके। आरबी सिंह राणा ने छात्र-छात्राओं को गुड टच बेड टच, मौलिक अधिकार एवं नशे के दुष्परिणामों सहित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर माया देवी, पिंकी राणा, प्रकाश जोशी, मंजू देवी और 80 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शिव शक्ति क्लब ने जीता उद्घाटन मैच

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर श्यामलाल वर्मा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय पूर्व खिलाड़ी धीरज वर्मा मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शनिवार देर शाम शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने पूर्व खिलाड़ी धीरज वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खेलों को सामाजिक सद्भाव और विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में यूपीसीएल और शिव शक्ति क्लब के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें शिव शक्ति क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूपीसीएल को सीधे सेटों में 25-23 और 25-19 से हराकर 2-0 से जीत दर्ज की। मैच का आंखों देखा हाल नेशनल कॉमेंटेटर लकी चुफाल ने सुनाया। इस दौरान गुलशन सिंधी, राजेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, ग्राम प्रधान तारा मोहन पांडे, पूर्व प्रधान बीना वर्मा, सैनिक संगठन अध्यक्ष लाल सिंह कोरंगा, हेमंत नरूला, मुन्ना उर्फ खीमानंद त्रिपाठी, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा (सेवानिवृत्त), प्रताप सिंह कोरंगा, मोहन सिंह कोरंगा उर्फ लक्खा उपस्थित रहे।



वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

## आज विद्युत आपूर्ति बाधित

**दिनेशपुर :** 33/11 केवी विद्युत उपसंस्थान उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लि. दिनेशपुर में 10 केवीए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 12.5 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगने पर रविवार को प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। नगर के साथ पांच फीडर प्रभावित होंगे। शनिवार को अवर अभियंता महताब अली ने बताया कि क्षेत्र में विद्युत लोड (भार) बढ़ने से विद्युत उपसंस्थान में लगे 10 केवीए ट्रांसफॉर्मर को बदलकर 12.5 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। रविवार को प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत उपसंस्थान से नगर टाउन, कालीनगर ग्रामीण, चक्कीमोड़ ग्रामीण, शिवपुर ग्रामीण, गूलरभोज ग्रामीण को दी जाने वाली विद्युत सप्लाई फीडर बंद रहेंगे।



खटीमा में सिल्वर मेडल विजेता जिशान के साथ प्रबंधन। ● अमृत विचार

## राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में नोजगे स्कूल के जिशान ने जीता सिल्वर मेडल

**खटीमा :** पटियाला में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में नोज़गे पब्लिक स्कूल के नवीन के छात्र मोहम्मद जिशान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। उन्होंने 64 किलोग्राम से 67 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभाग कर यह सफलता हासिल की है। जिसके आधार पर जिशान का चयन इंडिया कैंप के लिए किया गया है। यह कैंप 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित होगा जिसमें देशभर के चयनित खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जीशान की इस उपलब्धि पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य एचसी पंत ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और कोच ललित चंद्र पांडे को बधाई दी है।

पहल

### शासन से मिले 9 नए कूड़ा वाहनों से बदलेगी तस्वीर

# शक्तिगढ़ नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था होगी चाकचौबंद

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** नगर पंचायत शक्तिगढ़ में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नौ नए कूड़ा वाहनों की सौगात मिली। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।

नगर पंचायत शक्तिगढ़ में सफाई व्यवस्था के लिए नए संसाधनों के जुड़ने से क्षेत्र में कूड़ा संग्रहण और निस्तारण व्यवस्था को नई गति मिलेगी। बड़े कूड़ा वाहन मुख्य मार्गों और अधिक कचरा उत्पन्न होने वाले इलाकों में कार्य करेंगे, जबकि ई-रिक्शा के माध्यम से संकरी गलियों और वार्डों में घर-घर कूड़ा एकत्र किया जाएगा। जिससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर होगी। नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्य जनता पर कोई उपकार नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि शक्तिगढ़ लंबे समय तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा है, जिसे अब प्राथमिकता के साथ विकसित किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं, नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने नए वाहनों की उपलब्धता के लिए कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्वच्छता अभियान को नई रफ्तार मिलेगी और लोगों को बेहतर साफ-सफाई का लाभ मिलेगा। साथ ही, सफाई व्यवस्था पहले से अधिक मजबूत और नियमित होगी। इस दौरान अजय जायसवाल, कार्तिक राय, गोविंद तालुकदार, संजय बाछाड़, के.पी. मंडल, देबू मंडल, गोविंद सरकार, सुनीता सरकार, विक्रम भंडारी, सुबीर सरकार, राजा हालदार, मुकेश रावत, पीयूष कन्नौजिया, देवाशीष पोद्दार, रजत बाछाड़, सोनू विश्वास, हर्षवर्धन सिंह, गुड्डू सिंह आदि मौजूद रहे।



नए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व चेयरमैन सुमित मंडल। ● अमृत विचार

# संन्यासियों ने किया नगर भ्रमण

● भिक्षाटन के बाद तारकेश्वर धाम में किया महाअविष्य

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** चैत्र माह में आस्था, त्याग और तप की परंपरा को जीवंत करते हुए शनिवार को हजारों भगवा वस्त्रधारी संन्यासियों ने बाजार संन्यास के तहत नगर भ्रमण किया।

पवित्र चैत्र माह शिव भक्तों के लिए तप एवं आस्था का माह माना जाता है। सुरेंद्रनगर स्थित बाबा तारकेश्वर धाम, बैकुंठपुर स्थित शिव मंदिर के साथ-साथ क्षेत्र के तमाम शिव मंदिरों से हजारों के तादाद में भगवा वस्त्रधारी संन्यासियों ने नगर भ्रमण के अंतिम दिन, घर-घर एवं प्रत्येक प्रतिष्ठानों में पहुंचकर भिक्षा मांगी। इसके पश्चात शाम को सभी संन्यासी बाबा तारकेश्वर धाम एवं क्षेत्र के तमाम शिवालयों में पहुंचे, जहां महाअविष्य जैसे जटिल धार्मिक अनुष्ठान कर, भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान "भोलेनाथ" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र माह में किया जाने वाला बाजार संन्यास, त्याग और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। बाजार संन्यास के बाद तीन दिन, संन्यासियों के लिए कठोर तप और साधना के माने जाते हैं, जिसमें वे पूर्ण रूप से शिव भक्ति में लीन रहते हैं।



बाजार संन्यास के तहत नगर भ्रमण करते भगवा वस्त्रधारी संन्यासी। ● अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

### शिक्षकों ने किया नवीन समयसारिणी का विरोध

**काशीपुर :** राजकीय शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि शासन की ओर से विद्यालयों में नवीन समय सारिणी लागू की गई है। जो उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए सही नहीं है। छात्र-छात्राओं के हित में भी उचित नहीं है। इससे पूर्व उन्होंने कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर संघ ब्लॉक अध्यक्ष हेमेंद्र पाल सिंह, ब्लॉक मंत्री अंजना राज, रईस अहमद अंसारी, मदन पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### साइबर ठगों ने उड़ाई एक लाख की नकदी

**काशीपुर :** एपीके फाइल पर क्लिक करना एक युवक को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने उसके मोबाइल को हैक कर खाते से एक लाख रुपये की नकदी साफ कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला कवि नगर निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि 8 दिसंबर 2025 को उसके व्हाट्सएप पर एक ग्रुप में एपीके फाइल प्राप्त हुई। उसके द्वारा फोन में जैसे ही उस ऐप को इंस्टाल किया गया, तो साइबर ठगों ने उसका मोबाइल हैक कर उसके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** एक व्यक्ति ने दो भाइयों पर बारात चढ़त के दौरान मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टांडा उज्जैन, शिव मंदिर के पास निवासी दौलतराम ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 मार्च को वह खड़कपुर देवीपुरा में आयोजित एक विवाह समारोह में गया था। रात करीब 11.35 बजे बरात चढ़त के दौरान उसके द्वारा बरातियों व बग्गी को सड़क पर जाम न लगे, इसलिए साइड कर रहा था। तभी कलश मंडप के पास निवासी रोहन व अमन ने पीछे से हमला कर दिया और अभद्रता करने लगे। बताया कि आरोपियों ने उस पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। बाद में आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**काशीपुर :** डंपर चालक द्वारा बाइक में टक्कर मारकर मां-बेटे को घायल करने के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला कटोराताल निवासी महबूब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 7 अप्रैल को बाइक से अपनी पत्नी नसरीन जहां व पुत्र अलीशान के साथ चैती मेला देखकर घर आ रहा था। तभी रात 11 बजे चीमा चौराहे पर डंपर चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में उसकी पत्नी व पुत्र को गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद भीड़ ने घायलों को 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पत्नी की गंभीर हालत के चलते उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी को मारी टक्कर

**बाजपुर :** सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही का कहर देखने को मिला, जहां एक बाइक ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक सवार तीन युवक मौके से फरार होने में कामयाब रहे। मोहल्ला टांडा बंजारा (सुल्तानपुर) निवासी सोहनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर शाम करीब 7 :40 बजे वह अपनी स्कूटी से बुद्ध बाजार चौराहे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अनियंत्रित स्प्लेंडर बाइक, जिस पर तीन लोग सवार थे, ने उन्हें टक्कर मार दी। पीड़ित का आरोप है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनके हाथ और पैर में काफी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद बाइक सवारों ने सहानुभूति दिखाने के बजाय दबंगई दिखाई और मौके से भाग निकले।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट और गाली-गलौज

**बाजपुर :** महेशपुरा दोराहा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को सौंपी है। पीड़िता मशीतन जहां पत्नी याकूब के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 11 बजे सात महिला-पुरुष जबरन उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें जमीन पर पटक दिया। पीड़िता का दावा है कि सभी आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके विरुद्ध पूर्व में जनपद नैनीताल के भीमताल थाने में भी मुकदमा दर्ज है।

# समावेशी और सतत भारत का निर्माण सामूहिक प्रयासों से संभव

## काशीपुर के आईआईएम में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में आईआईएम में सम्मेलन में शामिल वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन पर सतत एवं समावेशी विकास का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समावेशी एवं सतत भारत का निर्माण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

शनिवार को आईआईएम में आयोजित भारत के भविष्य के लिए सतत प्रबंधन रणनीतियां विषय पर आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन किया। तीन दिनों तक चले इस बौद्धिक रूप से समृद्ध सम्मेलन में संस्थान विचारों के एक सशक्त केंद्र के रूप में उभरा, जहां शिक्षाविदों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और नीति-निर्माताओं ने मिलकर भारत के सतत भविष्य की परिकल्पना को नई दिशा दी।

सम्मेलन के दौरान शोध पत्र प्रस्तुतियां, विषयगत चर्चाएं, मुख्य वक्तव्य तथा अकादमिक विमर्श का सशक्त समन्वय देखने को मिला। जिसने सार्थक बौद्धिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया और नवीन शोधों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। द्वितीय दिवस पर भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु के प्रोफेसर हरिथा सरंगा ने शोध एवं व्यवहार में सततता के बढ़ते महत्व पर बल दिया। उन्होंने अक्षय ऊर्जा, सतत कृषि और समन्वित नीतिगत प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

उद्योग जगत का प्रतिनिधित्व करते हुए सुब्रमण्यन चिदंबरन, कमिंस इंडिया ने विकास, उपभोग एवं दक्षता के बीच संतुलन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और कहा कि ऊर्जा दक्षता एवं उत्तरदायी उपभोग सतत विकास के मूल आधार होने चाहिए। सम्मेलन के समापन पर शिक्षाविदों, उद्योग एवं सरकार के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया तथा यह पुनः प्रतिपादित किया गया कि एक सुदृढ़, समावेशी एवं सतत भारत का निर्माण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

### स्कूली बच्चों को बांटी राशन सामग्री

**काशीपुर:** लायंस क्लब काशीपुर सिटी द्वारा बैसाखी के शुभ उत्सव पर पुनीत सेवा कार्य यूएसआर इंदू समिति पीरूमदारा के स्कूल में किया गया। क्लब ने स्कूली बच्चों के दैनिक जीवन के उपयोग के लिए आटा, दाल, राशन व अन्य सामग्री स्कूल मैनेजमेंट को सौंपी।

बता दें कि उक्त स्कूल में बच्चे ना सुन सकते हैं ना देख सकते हैं और ना ही बोल सकते हैं। कुछ बच्चे अपंग हैं, जिनकी संख्या 100 के करीब हैं। उनकी देखभाल के लिए 36 सदस्यों का स्टाफ है। उक्त पुनीत कार्य लायंस क्लब इंटरनेशनल के जिला 321 बी1 में तराई के क्षेत्र में प्रथम बार लायंस क्लब काशीपुर सिटी द्वारा बैसाखी के पवित्र उत्सव पर किया गया। साथ ही भविष्य में भी क्लब द्वारा स्कूल मैनेजमेंट को यह विश्वास दिलाया गया कि समय-समय पर इसी प्रकार के पुनीत कार्य स्कूल में किए जाएंगे। जिससे कि इस प्रकार के बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और क्लब को सेवा का मौका मिलता रहेगा। क्लब द्वारा शीघ्र ही स्कूल में मेडिकल चेकअप कैंप लगाया जाएगा। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष लायन समर पाल सिंह ग्रेवाल, क्लब सचिव लायन जसवीर सिंह, क्लब कोषाध्यक्ष लायन स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा, सुखविंदर सिंह, सतविंदर सिंह मौजूद रहे।

# मेयर बाली ने किया नौ सड़कों का शिलान्यास


काशीपुर में सड़कों का शिलान्यास करते महापौर दीपक बाली व अन्य।

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महापौर दीपक बाली ने वार्ड संख्या 39, प्रभात कॉलोनी में 60 लाख 46 हजार की लागत से 4 सड़कों और वार्ड संख्या 30, पक्का कोट में 46 लाख 62 हजार की लागत से 5 सड़को के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

महापौर ने वार्ड नंबर 39 पर्वतीय कॉलोनी में छज्जू के मकान के सामने से मुन्नी देवी के मकान तक, इसी वार्ड में पुराने खड़ंजे से कश्यप निवास तक मोहन सिंह कुम्हार के मकान से कैलाश चंद्र नैनवाल के मकान, संदीप बिष्ट के मकान से मनीष खरबंदा के मकान तक, वार्ड नंबर 30 पुष्प विहार में पुराने खड़ंजे पर अमीना के मकान से आजाद हुसैन के मकान तक, पुष्प विहार में पुराने खड़ंजे पर हमीदन के प्लाट से फुरकान के मकान तक, पुष्प विहार में ही वारिस के मकान से संजीव के मकान तक और वर्मा के मकान से गैबिया नाले तक क्षतिग्रस्त नाला निर्माण कार्य, उदल के मकान से सुमित के प्लाट तक व संलग्न दो रास्तों में सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस मौके पर पार्षद अनीता कांबोज, पार्षद सुरेश सैनी, पार्षद मोनीश आशी, पार्षद रवि प्रजापति, शक्ति केंद्र संयोजक सचिन ठाकुर, भगवत सिंह, बूथ अध्यक्ष संतन सिंह रावत, अरविंद कुमार रस्तोगी, किसान मोर्चा अध्यक्ष तरसेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# 33 लाख की स्मैक के साथ दो धरे

● आरोपियों के कब्जे से बरामद की 108 ग्राम स्मैक

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस व एसओजी की टीम ने स्कूटी सवार दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 108 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की कीमत करीब 33 लाख रुपये आंकी गई है।

शनिवार को कोतवाली आईटीआई में घटना का खुलासा करते हुए एएसपी स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि पुलिस व एसओजी की टीम ने चेकिंग के दौरान खोखरा मंदिर रोड स्थित शमशान घाट के पास से स्कूटी सवार खड़कपुर देवीपुरा निवासी सचिन कुमार से 68 ग्राम स्मैक व सुनील कुमार के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए आरोपियों का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर कोर्ट में पेश किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सचिन कुमार पर पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के पांच मामले पंजीकृत हैं।

पुलिस में टीम आईटीआई कोतवाली प्रभारी रवि सैनी, एसएसआई अरविंद बहुगुणा, एसआई पंकज कुमार, कांस्टेबल दीपक जोशी, एसओजी प्रभारी सुनील सुतेडी व हेड कांस्टेबल विनय कुमार व कांस्टेबल हरीश गोस्वामी आदि शामिल रहे।

# आंबेडकर जयंती को लेकर तैयार की रूपरेखा

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में बैठक के दौरान चर्चा करते भाजपाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिये भाजपा जिला कार्यालय काशीपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा यशपाल राजहंस के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

शुक्रवार को हुई बैठक में विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यक्रमों को भव्य एवं सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही जिला पदाधिकारियों को मंडलवार कार्यक्रमों के संयोजक की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि 13 अप्रैल को चारों विधानसभाओं के मंडलों में स्थित अंबेडकर पार्कों, सरकारी अस्पतालों, मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही शाम को दीप उत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी जिला एवं मंडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान को मत्स्य विभाग में उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अनुसूचित मोर्चा काशीपुर की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री सुशील शर्मा, मंडल महामंत्री प्रशांत, रामकिशन पासी, सांसद प्रतिनिधि विजयपाल जाटव, रमेश, नवनीत चौधरी, गगन, रुपेश, शुभम आर्य, धर्मवीर पासी, अभिषेक, मोहन, कपिल गौतम, विनोद कुमार, नरेश कुमार, प्रीतम चौहान, कार्तिक सोनकर, बाबू दिवाकर आदि मौजूद रहे।

### प्रतिमाओं की साफ सफाई कराई जाए

**काशीपुर :** नगर निगम क्षेत्र में अंबेडकर जयंती को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। महापौर दीपक बाली ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि 14 अप्रैल से पूर्व क्षेत्र में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों पर लगी प्रतिमाओं की विशेष रूप से सफाई, रंग-रोगन और आसपास के क्षेत्रों की स्वच्छता पर ध्यान दिया जाए, ताकि जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर हम सभी के लिए परम श्रद्धेय और प्रेरणा स्रोत हैं। उनके विचार और जीवन मूल्य समाज को दिशा देने वाले हैं, जिनसे हमें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।


टिनशेड का शुभारंभ करते जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

### कब्रिस्तान में टिनशेड निर्माण का शिलान्यास

बाजपुर : ग्रामीणों की सुविधा और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम मुड़िया कलां में कब्रिस्तान के भीतर टिनशेड निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शर्मा ने विधि-विधान के साथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा ने कहा कि कब्रिस्तान में टिन शेड न होने के कारण लोगों को धूप और बारिश के दौरान अंतिम संस्कार व अन्य धार्मिक क्रियाओं में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस निर्माण के बाद ग्रामीणों को मौसम की मार से राहत मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया कि जनसुविधाओं के विस्तार के लिए विकास कार्य भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान लियाकत अली, कादरी मस्जिद के इमाम अकरम अहमद, जामा मस्जिद के इमाम नूरी साबरी, कुलदीप शर्मा, शिवम शर्मा, परवेज अहमद, एहसान अली आदि मौजूद रहे।

# युवती लापता, दिल्ली में बेचने की आशंका

संवाददाता, बाजपुर

● पिता ने पुलिस को तहरीर देकर लगाई गुहार

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक 18 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से हड़कंप मच गया है। युवती के पिता ने दो महिलाओं पर अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने और उसे बेचने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है।

पीड़ित पिता के अनुसार, 10 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे उनकी पुत्री बिना बताए घर से निकली थी। छानबीन करने पर पता चला कि वह ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी दो महिलाओं के साथ दिल्ली गई है। पीड़ित का आरोप है कि शुरुआत में फोन पर उसकी पुत्री से बात कराई गई, लेकिन अब वे महिलाएं बात कराने से इनकार कर रही हैं।

पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में आशंका जताई है कि उनकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी हो सकती है या उसे किसी गिरोह को बेचा जा सकता है। पिता ने पुलिस से दोनों आरोपित महिलाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और युवती की सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग को किया बरामद

**काशीपुर:** कोतवाली काशीपुर के अंतर्गत कुंडेश्वरी क्षेत्र से पांच दिनों से लापता एक 11 वर्षीय बालिका को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। रामनगर रोड स्थित एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनकी 11 वर्षीय पुत्री बीते 5 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे घर से नाराज होकर कहीं चली गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके के लगभग 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। साथ ही डाग स्क्वायड की मदद से संभावित ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। टीम ने शुक्रवार को बालिका को गड्ढा कॉलोनी से सकुशल बरामद कर लिया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

# आईटीआई में सजेगा अप्रेंटिसशिप मेला

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उधम सिंह नगर जिले के युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक बड़ा अवसर सामने आया है। केंद्र सरकार की कौशल विकास योजना के तहत आगामी 16 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बाजपुर के परिसर में 'प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

संस्थान के प्रधानाचार्य राजीव पुष्पांकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में शैक्षिक योग्यता की कोई बड़ी बाधा नहीं है। इसमें 8वीं पास, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा धारक सभी युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले में सिडकुल और अन्य क्षेत्रों की कई नामी कंपनियां शिरकत करेंगी, जो मौके पर ही साक्षात्कार लेकर अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप और विभिन्न पदों के लिए करेंगी।

प्रधानाचार्य ने क्षेत्र के युवाओं से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। यह मेला न केवल युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें घर के पास ही बेहतर करियर शुरू करने का मंच भी उपलब्ध कराएगा।

थार विवाद — दो दिन का अल्टीमेटम, पीड़ित युवक को न्याय दिलाने की मांग

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने घेरा सीओ कार्यालय

संवाददाता, बाजपुर


सीओ कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते भीम आर्मी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आठ अप्रैल को थार कार से बछिया टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद अब बड़ा रूप लेता जा रहा है। मामले में ठोस कार्रवाई न होने से नाराज भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सड़कों पर उतरकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर सीओ कार्यालय पर धरना दिया।

शनिवार को वार्ड नंबर 4 स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर धर्मशाला में भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष लेखराज गौतम की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। इसके बाद कार्यकर्ता जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए सीओ कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने पीड़ित युवक को न्याय दिलाने के लिए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की है।

हंगामे की सूचना मिलते ही सीओ विभव सैनी, कोतवाल नरेश चौहान और एसएसआई विक्रम सिंह धामी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों और भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के बीच काफी देर तक तीखी बहस हुई। सीओ विभव सैनी ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराते हुए आश्वस्त किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। उन्होंने दो दिन के भीतर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया।

धरना-प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष एडवोकेट सौरभ गौतम, जिला सचिव प्रशांत जाटव, जिला महासचिव कमलदास, टोनी पठान, बबलू गौतम, प्रदीप सागर, अजय गौतम, राहुल आदि शामिल रहीं।

# ई-रिक्शा संचालन को लेकर छिड़ी रार

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर की बैठक में ई-रिक्शा चालकों को संबोधित करते कोतवाल नरेश चौहान।

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित ई-रिक्शाओं के पुनः संचालन की मांग को लेकर शनिवार को ई-रिक्शा चालकों ने तीखे तेवर दिखाए। चीमा पेपर मिल परिसर में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग के नेतृत्व में आयोजित बैठक में चालकों ने प्रशासन की पाबंदियों के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन का रास्ता अपनाने के संकेत दिए।

बैठक में चालकों ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र में प्रवेश पर रोक लगने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त सवारियां न मिलने के कारण वे किश्तें चुकाने और परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं। उनकी मांग है कि यातायात व्यवस्था के बीच उन्हें नगर में भी संचालन की अनुमति दी जाए। वहीं, बैठक में पहुंचे कोतवाल नरेश चौहान ने चालकों की मांगों पर स्पष्ट और सख्त रुख अपनाया। उन्होंने दो टूक कहा कि: वर्तमान में लागू यातायात व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

पुलिस किसी को बेवजह परेशान नहीं करेगी, लेकिन नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान और वाहन सीज करने की कार्रवाई निश्चित रूप से होगी। कोतवाल ने चालकों से अपील की कि वे कानून का पालन करें और निर्धारित नियमों के दायरे में रहकर ही वाहन चलाएं। चालकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला, तो वे अपने विरोध प्रदर्शन को तेज करेंगे।

# साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। शनिवार को पुलिस टीम ने इंटर कॉलेज चितई में छात्रों को साइबर अपराध और उनसे बचने के बारे में बताया। वहीं, फर्जी काल, अनजान लिंक, बैंक से संबंधित निजी जानकारी को साझा न करने को कहा।



अल्मोड़ा पुलिस ने चितई में छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया।

एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर इन दिनों जिले भर में पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में शनिवार को महिला कोतवाली पुलिस ने चितई इंटर कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। ठगों की ओर से अपने जाल में फंसाने के लिए अपनाए जाने वाले पैंतरों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। मौके पर महिला कोतवाली थानाध्यक्ष जानकी भंडारी ने बताया कि साइबर ठगों की ओर से सरकारी अधिकारी या पुलिस, सीबीआई, ईडी बनकर लोगों को फोन पर डरा-धमका रहे हैं, डिजिटल अरेस्ट कर लोगों को डराया जा रहा है। कहा कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई भी चीज नहीं होती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से खुद और अपने अभिभावकों को सर्तक रहने की अपील की। इसके अलावा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त जीवन अपनाने की अपील की गई। साथ ही विद्यार्थियों को आपातकालीन सहायता के लिए डायल 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे गृह जनपद, कार्यकर्ताओं ने सिकुड़ा से मालरोड तक निकाली स्वागत रैली

# दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल का जोरदार स्वागत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पिलख्वाल शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे। दर्जा मंत्री बनने के बाद प्रथम बार गृह जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। नगर के सिकुड़ा बैंड से मालरोड तक स्वागत रैली निकाली।

शनिवार को दर्जा मंत्री बनने के बाद गोविंद सिंह पिलख्वाल अल्मोड़ा पहुंचे। यहां सिकुड़ा बैंड के पास कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। जिसके बाद स्वागत रैली निकाली अल्मोड़ा पहुंचे। इस दौरान दर्जा


अल्मोड़ा में दर्जा राज्यमंत्री गोविंद पिलख्वाल का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत ही उन्हें आज यह पद मिला है। उन्होंने रैली के दौरान जनता का भी अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में देश और राज्य लगातार प्रगति की ओर है। वहीं, नगर के निजी होटल सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

यहां स्वागत कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जिलाध्यक्ष महेश नयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, मेयर अजय वर्मा, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख नीमा आर्या, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, जिला महामंत्री दर्शन रावत, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, किरन पंत, ललित लटवाल, कुंदन लटवाल, बिट्टू कर्नाटक, पंकज भाकुनी, प्रकाश बिष्ट, संजय बिष्ट, अमित साह मोनू, कैलाश गुरुरानी, हरीश कनवाल, नीरज सांगा, मनोज तिवारी, अमित बिष्ट, अभिषेक जोशी, प्रदीप मेहता, आनंद कनवाल, अर्जुन बिष्ट, चंदन बहुगुणा, सौरभ वर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### गल्लागांव में दस दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप

**लोहाघाट :** बाराकोट के गल्लागांव में पिछले दस दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांववासी खाली बर्तन लेकर नाराजगी जता रहे हैं और प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी ढो रहे हैं। ग्रामीण भूपाल सिंह बोहरा ने बताया कि सलना-गल्लागांव पेयजल योजना से गांव के मुख्य टैंक तक पानी पहुंच रहा है, लेकिन गांव में वितरण नहीं हो पा रहा है। जल संस्थान विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मामले में गोपाल सिंह, गलीप सिंह, दलीप सिंह, रमेश सिंह और विक्रम सिंह सहित कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी है। ग्रामीणों की मांग है कि जल संस्थान तुरंत टैंक से गांव तक की लाइन और वितरण व्यवस्था ठीक कर पानी की आपूर्ति बहाल करे। जल संस्थान के अभियंता प्रशांत वर्मा ने बताया शीघ्र पेयजल आपूर्ति बहाल कर ली जाएगी।

### गौशाला में लगी आग बचाए मवेशी

**खटीमा :** बिरिया गांव में बीती अर्धरात्रि के बाद अचानक शमशेर चंद की गौशाला में आग लग गई। गोशाला में बंधे पशुओं को निकाल लिया गया। लेकिन भूसे में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने भूसे में लगी आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की टीम में सुन्दर सिंह, मनोज कुमार, अमित नाथ रहे।

# प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण कार्यों का किया शिलान्यास

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विधि विधान के साथ किया भूमि पूजन

- करीब 1.41 करोड़ रुपये की लागत से होंगे विकास कार्य

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कुवाली गांव में आदि बद्रीनाथ मंदिर और पिपलेश्वर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि योजनाओं से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पिपलेश्वर महादेव मंदिर के लिए 51.41 लाख रुपये तथा आदि बद्रीनाथ मंदिर के लिए 89.80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। कहा कि किसी भी देश और समाज की पहचान उसकी संस्कृति और लोक जीवन से होती है। ऐसे में मंदिरों का सौंदर्यीकरण



सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

जरूरी है। उन्होंने कहा कि मंदिरों के सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

कार्यक्रम के दौरान मनचौड़ा ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, मिटारकोट ग्राम प्रधान हंसराज आर्य, मजखाली से सूबेदार जितेंद्र सिंह अधिकारी, धनखोली ग्राम प्रधान सपना आर्या, संजय आर्य, चकुनी ग्राम प्रधान मनोज सिंह सहित अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यहां दीपक बोरा, हेम पांडे, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, जिला पंचायत सदस्य दीपक कन्नू शाह, मंजू वर्मा, हिमांशु कुमार, दीपक रावत, राज अधिकारी, मिथिलेश वर्मा, जगदीश कुमार, हेमा रावत, मंडल अध्यक्ष गणेश जलाल, दीवान सिंह जलाल, नंदन सिंह बिष्ट, हर्ष सिंह बिष्ट, दिनेश वर्मा, भगवत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## महिलाओं की शिक्षित बनाने पर दिया जोर

**बनबसाः** राजकीय महाविद्यालय बनबसा, राजकीय महाविद्यालय भिकियासैंण, राजकीय मॉडल महाविद्यालय मीठीबेरी, महायोगी गुरुगोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय विध्याणी और विश्व संवाद केंद्र उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में वेबिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो. वीएन खाली और विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. स्मिता झा (विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, आईआईटी रुड़की) ने महिला अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सच्चा सामाजिक न्याय तभी संभव है, जब महिलाओं को आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर समान अधिकार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिले। कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. आनंद प्रकाश सिंह (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बनबसा) ने शिक्षा को महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बताया। प्रो. योगेश कुमार शर्मा (प्राचार्य, महायोगी गुरुगोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय विध्याणी) ने न्याय के राजनीतिक और संवैधानिक पहलुओं पर विचार रखे। प्रो. अर्चना गौतम (प्राचार्य, राजकीय मॉडल महाविद्यालय मीठीबेरी) और प्रो. शर्मिला सक्सेना ने विचार रखे।

# हिस्ट्रीशीटर पत्नी समेत गिरफ्तार, स्मैक बरामद


पुलिस और एसएसबी टीम की गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचारः** पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर हिस्ट्रीशीटर स्मैक तस्कर और उसकी पत्नी को 45 ग्राम अवैध स्मैक और 50,700 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी टनकपुर विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में एसओजी, थाना बनबसा पुलिस और एसएसबी टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। सूचना के आधार पर गाड़ीगोठ मार्ग पर ग्राम पंपापुर थाना बनबसा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान आर्टिका कार संख्या यूके-03 टीए-2607 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन सवार आरोपी और उसकी पत्नी के कब्जे से 45 ग्राम अवैध स्मैक और 50,700 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने दोनों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सूरज कश्यप उर्फ ड्रामा निवासी वार्ड नंबर-7 बनबसा और उसकी पत्नी मीनू कश्यप हैं। आरोपी सूरज कश्यप थाना बनबसा का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पूर्व में 15 मुकदमे दर्ज हैं।

उन्होंने बताया कि आरोपी पहले हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा पा चुका है और वर्तमान में जमानत पर बाहर था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुरेंद्र कोरंगा, एसआई कमलेश भट्ट, अपर एसआई गणेश सिंह, धीरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल संजय शर्मा, सरिता विश्वकर्मा, नासिर और कुलदीप शामिल रहे।

## बसों के संचालन को समय सारिणी चस्पा करने की मांग

**अल्मोड़ा :** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही धारानौला और माल रोड से संचालित होने वाली बसों की समय सारिणी चस्पा किए जाने की मांग उठाई गई।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने सैनिक स्कूल खोलने और कुमाऊं-गढ़वाल के लिए तीस फीसदी सीटें आरक्षित करने, नगर में बसों के संचालन के लिए समय सारिणी चस्पा करने, रैमजे पार्क का नाम शहीद या किसी विभूति के नाम पर रखने समेत विभिन्न मांगें उठाई गईं। वहीं, शासन-प्रशासन से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। इस मौके पर वक्ताओं ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की।

यहां बैठक में डॉ. पीसी जोशी, सीएस सिराड़, जीएस फर्त्याल, मोहन सिंह रावत, दीवान सिंह, त्रिलोक सिंह, आरपी जोशी, नवीन जोशी, एनडी पांडे, एमसी कांडपाल, रविंद्र भूषण जोशी, रमेश पंत, हरीश लाल, शेष राम, बिशन सिंह, गणेश आदि मौजूद रहे।

# तंबाकू डीलरों के खिलाफ प्रदर्शन

- शराब और तंबाकू की ओवर रेटिंग पर भड़के व्यापारी
- प्रशासन से डीलरों पर कार्रवाई की उठाई मांग, पुतला फूंका

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** शराब और तंबाकू पदार्थों की ओवर रेटिंग के खिलाफ व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को स्थानीय लोगों और छोटे व्यापारियों ने चौघानपाटा में डीलरों का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। शासन प्रशासन से डीलरों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

इस मौके पर व्यापारियों ने कहा कि शराब की दुकानों में प्रिंट रेट अधिक वसूली की जा रही है। वहीं, तंबाकू कंपनियों के डीलर सामान को प्रिंट रेट से अधिक मूल्य में दिए जा रहे हैं।


अल्मोड़ा में तंबाकू डीलरों का पुतला फूंकते व्यापारी। ● अमृत विचार

मजबूरन छोटे व्यापारियों को सामान खरीदना पड़ रहा है। कहा कि ऐसे में छोटे कारोबारियों को भी ग्राहकों को अधिक दामों में सामान बेचना पड़ रहा है। व्यापारियों ने शासन प्रशासन से शराब की ओवर रेटिंग और तंबाकू डीलरों पर कार्रवाई की मांग उठाई। जल्द कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां पुतला फूंकने वालों में राजीव गुरुरानी, राकेश जोशी, दिनेश जोशी, आशु भट्ट, सुनीता मेहता, अरुण त्रिपाठी, आयुष जोशी, गिरिश नाथ गोस्वामी समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

## दो चालक समेत तीन लोग किए गिरफ्तार

**बागेश्वरः** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बागेश्वर पुलिस ने चेकिंग के दौरान नशे में वाहन चलाते हुए मालता निवासी उमेद सिंह कनवाल को गिरफ्तार किया। साथ ही उसकी पिकअप संख्या यूके-02 सी 1066 को सीज कर दिया गया। एक अन्य मामले में पुलिस ने पिकअप संख्या यूके-02 सीए-0794 को अवैध रूप से रेता (खनन सामग्री) ले जाते हुए पकड़ा और चालक को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया। वहीं तीसरे मामले में एसओजी और कपकोट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने भराड़ी निवासी संतोष सिंह के पास से 164 ग्राम चरस बरामद की।

# टनकपुर में 900 साधकों ने किया योग अभ्यास

- विश्व योग दिवस की अधोगणना कार्यक्रम में योग के लाभ बताए

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं नवयोग सूर्योदय सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व योग दिवस 2026 की 71वीं अधोगणना के अवसर पर टनकपुर स्टेडियम में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 900 साधकों ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।

मुख्य वक्ता योग गुरु नवदीप जोशी ने कहा कि विद्वान होना पर्याप्त नहीं, बल्कि विद्यावान और गुणवान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान


टनकपुर स्टेडियम में योग करते योग साधक। ● अमृत विचार

की भक्ति और समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायक है। योग साधना से मन शांत, प्रसन्न और समर्पित बनता है। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग करने का आह्वान किया। योगाचार्य काजल ने प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम में सत्यांशु आर्य (निदेशक, जिज्ञासा इंग्लिश), आकांक्षु कश्यप (निदेशक, प्राइम एकेडमी, दिल्ली), डॉ. विक्रम सिंह (निदेशक, जेएनयू), संरक्षक डॉ. देवीदत्त जोशी, डॉ. अलका गुप्ता (अगाथ हेल्थ केयर, बैंकॉक, थाईलैंड), डॉ. नवजीत जोशी, योगाचार्य नितेश, योगाचार्य मोनिका, योगाचार्य रेखा, योगाचार्य बबिता, योगाचार्य कविता, योगाचार्य परशुराम, दिनेश रावत और चंद्रमोहन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नवनीत जोशी, प्रधानाचार्य नवयोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान ने किया।

## खेल-खिलाड़ी

### सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ के वार्षिक खेलकूद शुरू, छात्र-छात्राओं में उत्साह

# 15 सौ मीटर दौड़ में प्रिया और सुंदर कुमार ने मारी बाजी

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ का वार्षिक खेलकूद समारोह पुरड़ा मिनी स्टेडियम में शुरू हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी व खिलाड़ी तथा पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मियां ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है और क्षेत्र के कई खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्राचार्य डॉ. डीएन तिवारी ने कहा कि खेलों से जीवन में स्वास्थ्य और


दौड़ का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि नंदन सिंह अल्मियां। ● अमृत विचार

अनुशासन को बढ़ावा मिलता है। पूर्व क्रीड़ा प्रभारी डॉ. अवधेश तिवारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। प्रवक्ता डॉ. शिव प्रकाश राय ने प्रतिभागियों से अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। क्रीड़ा प्रभारी शेरराम टम्टा ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

1500 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ में प्रिया प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय और कविता तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं बालक वर्ग में सुंदर कुमार प्रथम और मुकेश द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. रेखा कुमारी, उर्वशी, डॉ. लता आर्या, डॉ. श्वेता, दीक्षा पंचपाल और डॉ. प्रियंका शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन भुवन बोरा ने किया। इस दौरान स्वतंत्र पत्रकार विपिन जोशी, पवन नगरकोटी, ताबबर, चंदन सिंह, गोपाल गिरी, गणेश नाथ, देव सिंह, गणेश जोशी, सुरेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मध्यमा में राहुल ने किया जिला टॉप

- राज्यभर में हासिल किया दसवां स्थान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद 2025 के पूर्व मध्यमा द्वितीय (हाईस्कूल) का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। परीक्षा संस्कार भारती संस्कृत विद्यालय झीपा के छात्र राहुल सत्यवली ने पूरे राज्य में दसवां स्थान हासिल किया है। राहुल सत्यवली ने 82 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

श्री कल्याणिका वेद वेदांग संस्कृत विद्यापीठ लमगड़ा के प्रधानाचार्य विवेक ने बताया कि स्कूल में उत्तर मध्यमा में सागर राणाभाट 77 फीसदी के साथ पहले, हर्ष कांडपाल 76.4 फीसदी के साथ दूसरे, समीर राणाभाट ने


झीपा स्कूल के टॉपर राहुल सत्यवली को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।

75.8 फीसदी अंकों के साथ तीसरे, पूर्व मध्यमा में हर्षित जोशी 75 फीसदी पहले और तरुण भट्ट 73 फीसदी दूसरे, हर्षित सनवाल 70 फीसदी तीसरे स्थान पर रहे। श्री शक्तिपीठाश्रम संस्कृत विद्यालय मल्ली मानिला में उत्तर मध्यमा में 82 फीसदी अंकों के साथ कौशिक खुल्बे पहले स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य डॉ. सतीश चंद्र भट्ट ने बताया कि सौरभ जोशी 78 फीसदी दूसरे और संजीव शर्मा 74.9 फीसदी तीसरे स्थान पर रहे। पूर्व मध्यमा में रोहित भतरोजी 77 फीसदी पहले, विजय पांडे 65.4 फीसदी दूसरे, शुभम नैलवाल 65.2 फीसदी तीसरे और कार्तिक जोशी 64 फीसदी चौथे स्थान पर रहे। संस्कार भारती संस्कृत विद्यालय झीपा के प्रधानाचार्य महेशानन्द सुयाल ने बताया कि पूर्व मध्यमा में स्कूल के राहुल सत्यवली ने राज्य में दसवां स्थान हासिल किया है। वहीं, स्कूल में दीपक शर्मा 75 फीसदी दूसरे और गोकुल 71 फीसदी तीसरे स्थान, उत्तर मध्यमा में नवीन चंद्र 62 फीसदी पहले, पंकज बुधानी 60 फीसदी दूसरे स्थान पर रहे।



तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुं ओर।
बसीकरन इक मंत्र है, परिहरू बचन कठोर।।

संत तुलसीदास कहते हैं, मीठे वचन से हम सब ओर सुख फैला सकते हैं। किसी को भी वश में करने के लिए मिठास भरे शब्द एक मंत्र की तरह होते हैं, इसलिए इंसान को चाहिए कि कठोर वचन छोड़कर मीठा बोलने का प्रयास करें और अनजानों को भी अपना बना ले।

# 'तुम बहुत बोल चुके... अब मैं बोलूंगी'

बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण आ गया है। केंद्रीय मंत्रीपरिषद ने इसे पारित कर दिया है। महिला आरक्षण सामाजिक समता का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इससे अथर्ववेद के एक मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ रही है। इस मंत्र में एक स्त्री कहती है, 'तुम बहुत बोल चुके। अब मैं बोलूंगी।' भारत में प्राचीन काल से ही स्त्री सम्मान रहा है। महिलाओं की खराब स्थिति का प्रचार करने वाले मिथ्या आरोप लगाते रहे हैं।

भारतीय समाज में स्त्रियां पुरुष के बराबर सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में भी स्त्री सम्मान था। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। युद्ध में उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था। ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था।

पति और पत्नी को मिलाकर दंपति बनता है। दंपति में नारी की प्रतिष्ठा है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में स्त्री सम्मान के तत्व हैं। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। जल माता का विचार डारविन के बहुत पहले वैदिक काल में ही पुष्ट हो चुका था। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'- जलमाताओं को नमस्कार किया गया है।

ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी हैं। कहा गया है, 'इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।'

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई देवी नहीं है।

विवाहित होना सम्मानीय था। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि 'यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।' यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है।

> भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।'



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे।

विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।' गार्गी ने उत्तर के बाद पूछा, 'जल किसमें आधारित हैं?' फिर पूछा गया, 'इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?' गार्गी ने पूछा, 'इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा, 'ब्रह्म किस पर आधारित हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा, 'ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत हैं।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम-सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव-पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते ततदेवता- जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं।

नारी माता हैं।

अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, 'तुम ऋक हो। मैं साम (गान) हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।'

दुनिया की प्रत्येक सभ्यता में देवतंत्र है। देवता हैं, देवियां हैं। सामाजिक विकास के क्रम में मिस्र ने प्रकृति की शक्तियों को देवता जाना और माना था। जिस समाज में देवियां होंगी उस समाज में स्त्रियों का सम्मान होगा। देवतंत्र मनुष्य के सपनों का ही विस्तार है। देवियों का आदर स्त्रियों का आदर है, इसी तरह स्त्रियों का आदर देवियों का आदर है। भारत में वैदिक काल का देवतंत्र ध्यान देने योग्य है। भारत में अनेक देवियां हैं। ऋग्वेद में वाणी की अराधना की गई है। देवियों की उपासना करने वाले समाज में स्त्री सम्मान होगा ही। इसी तरह का एक शब्द है रोदसी। रोदसी में माता पृथ्वी और पिता आकाश को संयुक्त रूप में याद किया गया है। (ऋग्वेद 2.11.15) चाहे सोम रस की बात हो या अन्य सभी अनुशासनों में। माता-पिता की जोड़ी में मां प्रथमा हैं।

वैदिक काल में अनेक स्त्रियां वेद मंत्रों की रचयिता या दृष्टा ऋषि भी रही हैं। इनमें लोमसा, लोपामुद्रा, यमी, श्रद्धा, ब्रह्मवादिनी जुहू, सूर्या, इंद्राणी, कच्छीवान की पुत्री घोषा आदि स्त्रियों की प्रतिष्ठा किसी भी विद्वान से कम नहीं थी। पूर्वजों ने मातृ शक्ति को पुरुष जैसा सम्मान दिया है। ऋग्वेद के एक सूक्त में पौलोमी सची द्वारा व्यक्त उद्‌गार देखने योग्य हैं। वे कहती हैं, 'मैं ज्ञानवती हूं। मैं मूर्धन्य हूं। मैं तेजस्वी वक्ता हूं। मैं शत्रुओं का विनाश करती हूं। पति मेरे अनुकूल व्यवहार करते हैं।

ऐतरेय ब्राह्मण में गंधर्व ग्रहीता कुमारी का विवरण है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार मैत्रेयी ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं। उनकी रुचि ब्रह्म विद्या में थी। याज्ञवल्क्य ने सन्यासी होने का निर्णय लिया। दोनों पत्नियों को बुलाया और बताया कि हमारी संपदा दोनों पत्नियां मिलकर बांट लो। इस पर मैत्रेयी ने कहा, 'मुझे धन संपदा नहीं चाहिए। आपको जो ज्ञान प्राप्त हो वही मुझे दीजिए।' कृतार्षिनी ने मीमांसा दर्शन पर ग्रंथ लिखा था।

वैदिक काल में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था थी। इनमें तमाम महिलाएं आचार्य थीं। बच्चों को पढ़ाती थीं। पाणिनी की व्याकरण के अनुसार उपाध्याय की पत्नी को उपाध्यायानी कहा गया है और जो स्त्री स्वयं अध्ययन का कार्य करे उसके लिए उपाध्याय शब्द ठीक होगा। वैदिक काल में संपत्ति पर स्त्रियों का भी अधिकार था। महिलाएं घर की प्रधान थीं।

# नेपाल में दिखने लगा है बालेन सरकार का असर

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

> दूसरे देशों में राजदूतों की नियुक्तियां प्राय: सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं। इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती हैं और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है, लेकिन क्या नए राजदूत भी जेन जी श्रेणी के होंगे?

बालेन शाह की विदेश नीति पर दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है, जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे।

बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवतः इसी उद्देश्य से हाल में उन्होंने सिंह दरबार में विदेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छः देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। अभी जिन देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान,यूके,और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नागरिक शिष्टाचार भी संविधान का अंग

किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके संविधान, कानूनों या लोकतांत्रिक संस्थाओं से नहीं होती, बल्कि उस देश के नागरिकों के व्यवहार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी से भी होती है। भारत का संविधान हमें अनेक मौलिक अधिकार प्रदान करता है, लेकिन साथ ही वह नागरिकों पर कुछ मौलिक कर्तव्यों का भी दायित्व डालता है। इन्हीं कर्तव्यों में नागरिक शिष्टाचार (Civic Sense) एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में सामने आता है।

आज भारत तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन नागरिक शिष्टाचार की कमी अक्सर इस विकास को बाधित करती दिखाई देती है। सड़क पर कचरा फेंकना, यातायात नियमों का पालन न करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी संस्थाओं में अनुशासनहीनता— ये सभी व्यवहार केवल सामाजिक समस्या नहीं हैं, बल्कि संविधान की भावना के भी विरुद्ध हैं।

संविधान के अनुच्छेद 51(क) में नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है। इसमें सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, देश की एकता और अखंडता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण करना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना जैसे कर्तव्य शामिल हैं। ये सभी कर्तव्य सीधे तौर पर नागरिक शिष्टाचार से जुड़े हुए हैं। यदि कोई व्यक्ति सड़क पर कचरा फेंकता है, तो वह केवल गंदगी नहीं फैला रहा होता, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन भी कर रहा होता है। इसी प्रकार, सार्वजनिक संपत्ति जैसे बस, ट्रेन, सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचाना संविधान की भावना के विपरीत है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

विकसित देशों की प्रगति का एक बड़ा कारण वहां के नागरिकों का अनुशासित व्यवहार और मजबूत नागरिक शिष्टाचार है। वहां लोग नियमों का पालन कानून के डर से नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में करते हैं। भारत में भी यदि नागरिक शिष्टाचार को मजबूत किया जाए, तो अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है— जैसे ट्रैफिक जाम, गंदगी, प्रदूषण और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग। नागरिक शिष्टाचार का विकास केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता। इसके लिए शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक संस्कार आवश्यक हैं। स्कूलों और कॉलेजों में नागरिक शिष्टाचार को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। परिवार भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जहां बच्चों को बचपन से ही अनुशासन और जिम्मेदारी की शिक्षा दी जा सकती है।

सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वे नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं। 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे प्रयासों ने यह दिखाया है कि यदि नागरिकों को प्रेरित किया जाए, तो वे सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। अंततः, नागरिक शिष्टाचार केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। यदि हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करे, तो भारत आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत राष्ट्र बन सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रेवड़ियों की राजनीति व बढ़ता आर्थिक संकट

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव आया है। नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है। कभी सामाजिक सुरक्षा के औजार के रूप में देखी जाने वाली ये योजनाएं अब चुनावी रणनीति का केंद्र बन चुकी हैं। नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन, महिलाओं के लिए मासिक सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी-इन सबने मिलकर एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसमें चुनाव जीतने का गणित सीधे 'सीधे लाभ' से जुड़ गया है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम? यही इस पूरे विमर्श का मूल प्रश्न है।

> भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम?

फ्रीबीज की राजनीति का सबसे बड़ा उभार 2020 के बाद देखने को मिला, जब विभिन्न राज्यों में चुनावी घोषणाओं में नकद सहायता और मुफ्त सेवाओं का अनुपात तेजी से बढ़ा। पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मीर भंडार' योजना, मध्य प्रदेश की 'लाडली बहना', तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में महिलाओं के खातों में सीधे पैसे भेजने की योजनाएं- इन सबने एक नया ट्रेंड सेट किया। अब स्थिति यह है कि चुनावी घोषणापत्र 'विकास के वादों' से ज्यादा 'सीधे पैसे और सुविधाओं' के इर्द-गिर्द घूमने लगे हैं। राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की प्रतिस्पर्धा बन गई है कि कौन ज्यादा देगा, कौन ज्यादा तेज़ी से देगा और किस वर्ग को सीधे लाभ पहुंचाएगा। इस प्रतिस्पर्धा ने लोकतांत्रिक राजनीति को 'नीतिगत बहस' से हटाकर 'आर्थिक ऑफर' की दिशा में मोड़ दिया है। फ्रीबीज की राजनीति का सबसे अहम पहलू है- महिला मतदाताओं को केंद्र में रखना। लगभग हर राज्य में महिलाओं के लिए अलग योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें हर महीने 1000 से 2500 रुपये तक की नकद सहायता दी जा रही है। इस रणनीति के पीछे स्पष्ट गणित है। कई राज्यों में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों के बराबर या उससे अधिक हो चुकी है। तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में महिलाओं का वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे में यह वर्ग चुनावी नतीजों को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकता है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

इन योजनाओं का सामाजिक असर भी दिखा है। कई गरीब परिवारों में महिलाओं के हाथ में पहली बार नियमित नकदी आई है, जिससे उनका घरेलू निर्णयों में प्रभाव बढ़ा है, लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या सिर्फ आर्थिक निर्भरता का नया रूप? फ्रीबीज की सबसे बड़ी आलोचना इसके आर्थिक प्रभाव को लेकर है। आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों में इन योजनाओं का खर्च कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसका सीधा मतलब है कि सरकारों के पास विकास कार्यों के लिए पैसा कम बच रहा है।

मध्य प्रदेश में लाडली बहना और अन्य सब्सिडी योजनाओं पर सालाना करीब 50 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। तेलंगाना में चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल लगभग एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है। पंजाब में स्थिति और गंभीर है, जहां आय और खर्च के बीच बड़ा अंतर है और बजट संतुलन बिगड़ चुका है। इसका असर यह हो रहा है कि सरकारें लगातार कर्ज ले रही हैं। कर्ज-से-जीएसडीपी अनुपात बढ़ रहा है, जिससे भविष्य में वित्तीय संकट का खतरा बढ़ जाता है। छोटे राज्यों में तो स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि वेतन और पेंशन देने में भी दिक्कत आने लगी है। जब बजट का बड़ा हिस्सा फ्रीबीज पर खर्च होता है, तो सबसे पहले असर विकास परियोजनाओं पर पड़ता है। सड़क, पुल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य- ये सभी क्षेत्र धीरे-धीरे फंड की कमी से प्रभावित होते हैं। राजस्थान जैसे राज्यों में सड़क और पानी परियोजनाओं का बजट कम करना पड़ा। महाराष्ट्र में कुछ पारंपरिक योजनाएं बंद करनी पड़ीं। इसका मतलब यह है कि तत्काल राजनीतिक लाभ के लिए दी जा रही राहत, दीर्घकालिक विकास को कमजोर कर रही है। यह स्थिति एक 'ट्रेड-ऑफ' पैदा करती है- क्या सरकारें आज राहत दें या भविष्य के लिए निवेश करें? अगर यह संतुलन बिगड़ता है, तो आने वाले वर्षों में रोजगार, औद्योगिक विकास और आर्थिक वृद्धि पर गंभीर असर पड़ सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पाप के अंत के लिए विधि को करनी पड़ती है व्यवस्था

रातों-रात धनी बनने एवं रौबदार जीवन जीने के लिए हमेशा झूठ बोलना, दूसरों को धोखा देना, चुगली-निंदा में लगे रहना तथा किसी से कुछ लेकर उसे वापस न करना, यह सब निंदनीय कार्य है। ऐसे कार्यों में लगे रहने वाला यदि धन कमा भी लेता है तो भी लोग उसे बुरी नजर से ही देखते है। उसकी बहुत जल्द बदनामी भी होने लगती है, लेकिन अपने रुआब में वह किसी की बात की परवाह नहीं करता है। प्रायः ऐसे लोग एक जबरदस्त गिरोह बना लेते हैं। लोगबाग गिरोह से मुकाबला न करने की स्थिति में चुप रहना ही उचित समझते हैं, लेकिन किसी न किसी दिन कोई ऐसा प्रकट हो जाता है जो ऐसे गिरोह को नेस्तनाबूद कर देता है। आए दिन समाज में देखने को मिलता है कि जिसके नाम से लोग थर्राते थे, उसका अंत अत्यंत बुरे ढंग से होता है। ऐसी स्थिति में इन कथित रुआबदारों का कोई साथ नहीं देता।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लिया जाए तो द्वापर युग में कृष्ण का मामा कंस था। वह अन्यायी था। जब भविष्यवाणी हुई कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसका विनाश करेगा, तब वह कांपने लगा। उसकी भरसक कोशिश यही थी कि देवकी के पुत्रों को वह मार डाले। उसने ऐसा जघन्य कार्य किया भी, लेकिन पाप का चूंकि अंत होना था, तो विधि ने ऐसी व्यवस्था की कि कृष्ण रातोंरात नन्द के घर चले गए और उनकी जगह योगमाया आ गई, जिसको जब कंस ने मारना चाहा तो योगमाया उसके हाथों से छूट कर आकाश मार्ग की ओर चली गई तथा कंस को चेतावनी देते हुए कहा, 'रे कंस, तुझे मारने वाला पैदा हो गया है।' योगमाया की इस ध्वनि को कंस ने 'काल-ध्वनि' के रूप में लिया और हर संभव कोशिश करने लगा कि कृष्ण को मार डाला जाए।

धार्मिक उद्धरणों की तरह समाज में पनपने वाले कंस सरीखे लोगों का भी यही हश्र होता है। कोई न कोई ऐसा प्रकट हो जाता है, जिसके हाथों ऐसे लोगों को सबक सिखाने का मौका मिल जाता है। अतः इंसान को चाहिए कि वह बुरी लतों से दूर रहे। वरना किसी न किसी दिन दंड मिलकर रहता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# डीपफेक: फिलहाल जागरुकता ही है बचाव का उपाय

डिजिटल युग में तो हम रमते जा रहे हैं, अब इस युग के आर्टिफिशियल इंटलिजेंस कल्चर से भी अछूते नहीं रहे। इसी कल्चर का एक हिस्सा अगर हमें प्रगति करने को स्मार्ट बना रहा है तो वहीं, दूसरा डीपफेक हमारी सिरदर्दी का बड़ा कारण बन चुका है। इस डीपफेक संस्कृति ने मानो कटाक्ष में अनैतिकता को देखकर कहे जाने वाले 'घोर कलयुग' की शब्दावली को वाकई परिभाषित कर दिया हो।



वास्तव में डीपफेक ने सत्य को ही संदेहास्पद बना दिया। अब आंखों देखी और कानो सुनी भी सत्य नहीं रहा। वीडियो, फोटो में हूबहू जिस शख्स को हम देखते हैं, विश्वास नहीं कर सकते कि वही हो। ऐसा ही आवाज के साथ है, किसी अपने की ही चिरपरिचित कॉल धोखा दे सकती है। पुरानी कहावत है, देखकर और कानो से सुनकर ही विश्वास करो। कैसे करें?

दरअसल, डीपफेक केवल मनोरंजन या चेहरे बदलने की तकनीक नहीं है। इसके खतरे विध्वंसकारी हैं। किसी लोकप्रिय नेता का भ्रामक डीपफेक बयान सामाजिक हिंसा की वजह बन सकता है। वहीं, निजी स्तर पर स्त्रियों के खिलाफ बढ़ते 'डिजिटल क्राइम' और 'वॉयस क्लोनिंग' के जरिए फाइनेंशियल-फ्रॉड ने समाज में एक अविश्वास का माहौल फैला रखा है। हकीकत यह है कि ऐसी तकनीक व्यक्ति की पहचान को ही हथियार बना रही है। हद तो यह है कि ईश्वरीय स्वरूप तक से छेड़छाड़ की जा रही है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

याद कीजिए भारतीय परिवेश में हम 'सत्यम शिवम सुंदरम' की संस्कृति को जेहन में रखकर पले-बढ़े हैं। यह वाक्यांश भारतीय दर्शन में ईश्वर के शाश्वत स्वरूप को दर्शाता है, जहां सत्य यानी अविनाशी, शिव यानी कल्याणकारी और सुंदरम् यानी सौंदर्य को एक ही परम् तत्व ब्रह्म के तीन पहलू समझा गया है। सही मायनों में सत्यम यानी सत्य का अर्थ है जो कभी न बदले, जो त्रिकालाबाधित अर्थात अतीत, वर्तमान और भविष्य में एक समान रहे। शिवम् यानि शुभ या कल्याणकारी शिव का आशय उस तत्व से है, जो सर्वोच्च शुभ है और जिसमें पूरा ब्रह्मांड समाया हुआ है। इसी तरह सुंदरम् यानी सुंदर या सौंदर्य का आशय शारीरिक सुंदरता से नहीं बल्कि परम् सत्य के साथ सामंजस्य में होने वाली सुंदरता से है। भारतीय दर्शन कहता है कि किसी भी कार्य, नीति या वस्तु की तभी स्वीकार्यता है, जब उसमें तीनों गुण- सत्य, कल्याण और सुंदरता विद्यमान हों। अब ऐसे में मौजूदा डीपफेक कल्चर, क्या हमारी पुरातन अथवा सनातनी संस्कृति के साथ घृणित मजाक नहीं?

लगता है 21वीं सदी में सत्य की परिभाषा ही बदल गई है। जिस एआई तकनीक ने हमें भविष्य के सपने दिखाए थे, उसी का एक भाग डीपफेक अब हमारे वर्तमान के लिए सिरदर्द बना हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए गए सच दिखने वाले फेक वीडियो और ऑडियो ने दिग्भ्रमित कर रखा है। यहां सवाल केवल तकनीक के दुरुपयोग का नहीं, बल्कि हमारी डिजिटल सुरक्षा और लोकतांत्रिक व निजी मूल्यों के अस्तित्व के साथ हनन का भी है।

राहत की बात यह है कि इस संकट से निपटने के लिए दुनिया अब सतर्क-सचेत हो रही है। भारत सरकार ने इस दिशा में सख्त कदम उठाए हैं। आईटी नियमों (2021) के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय हो गई है। ऐसे में 24 घंटे के भीतर आपत्तिजनक सामग्री हटानी होगी। इतना ही नहीं, इंटेल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे डिजिटल दुनिया के दिग्गज अब ऐसे डिटेक्शन टूल्स (जैसे फेक कैचर) विकसित कर रहे हैं, जो हयूमन बॉडी के सूक्ष्म जैविक संकेतों (जैसे ब्लड फ्लो) के आधार पर असली और नकली का अंतर साफ कर सकते हैं। वहीं, 'डिजिटल वॉटरमार्किंग' जैसे प्रयोग भविष्य में कंटेंट की प्रामाणिकता को प्रमाणित करने के लिए एक डिजिटल पासपोर्ट का काम करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

**ब्रीफ न्यूज**

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**खटीमा :** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। शनिवार को मेलाघाट-पूरनपुर रोड पर कुछ युवकों ने एक घायल युवक को सड़क किनारे पड़ा देखा और उसे नीजि वाहन से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां घायल युवक की पहचान उवैस (20) निवासी वार्ड संख्या आठ इस्लामनगर के रूप में हुई। अस्पताल कर्मियों ने घटना की सूचना घायल के परिजनों को दी। इधर घायल युवक की हालत गंभीर होते देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सक निशीकांत ने बताया कि घायल युवक के जबडे.व कान पर गंभीर चोट है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में वाहन चालक गिरफ्तार

**लोहाघाट :** थाना पुलिस ने सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए चलाई जा रही वाहन चेकिंग के दौरान एक शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक को पकड़ा है। बाराकोट क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान रविशंकर बलवंत सिंह निवासी ग्राम जमाडी, थाना कपकोट, जिला बागेश्वर को शराब की नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। चालक ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। उसके वाहन को सीज कर लिया गया है।पुलिस ने चालक के ड्राइविंग लाइसेंस के निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। आरोपित के विरुद्ध अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस टीम अपर उपनिरीक्षक धर्मेंद्र, हेमंत लुंठी, भुवन जोशी, गौरव दुर्गापाल शामिल रहे।

### दोस्त की बारात में गया 15 वर्षीय किशोर लापता

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दोस्त की बारात में शामिल होने गया एक 15 वर्षीय नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। किशोर के घर न लौटने से परेशान मां ने कोतवाली पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए किशोर की तलाश शुरू कर दी है। सुभाष कॉलोनी (वार्ड नंबर 2) निवासी कम्मो देवी ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र आदित्य 7 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे अपने दोस्त सोहित कश्यप के विवाह समारोह में शामिल होने गया था। दोस्त सोहित के अनुसार, आदित्य 8 अप्रैल को बारात के साथ गया था और 9 अप्रैल को सुरक्षित वापस लौट आया था। सोहित का दावा है कि 9 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे आदित्य उसके घर (नई सुनेहरी) से अपने घर के लिए निकला था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला।

# सीनियर क्रिकेट लीगः चम्पावत बागेश्वर और नैनीताल विजयी

## तीन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, हर्षित, रोहित और पृथ्वी मैन ऑफ द मैच

संवाददाता, हल्द्वानी



जीएनजी मैदान में खिलाड़ियों से साथ मुख्य अतिथि राहुल पवार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड और जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट लीग में शनिवार को तीन मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में चम्पावत, बागेश्वर और नैनीताल की टीमों ने जीत दर्ज की।

जीएनजी मैदान में खेले गए पहले मुकाबले में अल्मोड़ा और चम्पावत आमने-सामने थे। अल्मोड़ा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चम्पावत ने निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 309 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मोड़ा की टीम 36वें ओवर में 187 रन पर ऑल आउट हो गई। इस मुकाबले में हर्षित पालीवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला एमएस क्रिकेट मैदान में हरिद्वार और बागेश्वर के बीच खेला गया। बागेश्वर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 316 रन बनाए। जवाब में हरिद्वार की टीम 42वें ओवर में 215 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बागेश्वर ने यह मुकाबला 101 रन से जीत लिया। इस मैच में रोहित मनोरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

तीसरा मुकाबला कौशिकी क्रिकेट मैदान रामनगर में नैनीताल और टिहरी के बीच खेला गया। टिहरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नैनीताल ने 45 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 261 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिहरी की टीम 36वें ओवर में 158 रन पर सिमट गई और नैनीताल ने 103 रन से जीत दर्ज की। टिहरी की ओर से विवेक ने 40, लक्ष्य ने 36 और देव चड्ढा ने 30 रन बनाए। नैनीताल की ओर से रवि सिंह ने चार विकेट और पृथ्वी गैड़ा ने तीन विकेट लिए। पृथ्वी गैड़ा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

शनिवार को जीएनजी मैदान में मैच का शुभारंभ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सदस्य राहुल पवार ने टीमों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, आनंद बिष्ट, नरेंद्र अधिकारी, किशन अनेरिया आदि मौजूद रहे।

## गैस की कालाबाजारी में डिलीवरी बॉय भी संदेह के घेरे में

**रामनगरः** बीते दिनों स्थानीय प्रशासन ने गैस रिफिलिंग के अवैध धंधे का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे प्रकरण में गैस सप्लाई करने वाले डिलीवरी बॉय की संलिप्तता की भी चर्चा सामने आ रही है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों में से एक अमन ने पूछताछ में एचपी गैस एजेंसी में सिलेंडरों की होम डिलीवरी करने की बात कही थी, जबकि दूसरा आरोपी शहजाद टेंपो चालक है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि आरोपियों का बड़ा भाई इंडेन गैस एजेंसी में सिलेंडरों की होम डिलीवरी का काम करता है। इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक दीप कुमार आर्य ने बताया कि ठेकेदार के माध्यम से सिलेंडर होम डिलीवरी करने वाले कर्मचारी को हटा दिया गया है। साथ ही मामले में ठेकेदार से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से आरोपी ठेकेदार के माध्यम से सिलेंडर सप्लाई का कार्य कर रहा था। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, एचपी गैस एजेंसी के मालिक निजामुद्दीन ने बताया कि अमन उनकी एजेंसी में काम नहीं करता था। उसके पास सिलेंडर कैसे पहुंचे, इसकी जांच की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के लिए शुरू की तैयारी



नानकमता विधायक राणा के साथ चर्चा करते बिहार से आए महासंघ के पदाधिकारी।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** भारतीय थारू कल्याण महासंघ वर्ष 2027 में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन की तैयारी में जुटा है। पश्चिम चंपारण बिहार से यहां पहुंचे भारतीय थारू कल्याण महासंघ के पदाधिकारी ने महासंघ के मंत्री एवं नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा से उनके कैंप कार्यालय में महासम्मेलन एवं थारू जनजाति समाज के उत्थान पर चर्चा की।

कैंप कार्यालय में हुई चर्चा में विधायक राणा ने कहा कि थारू समाज जागरूकता के अभाव के चलते यूपी एवं नेपाल में राष्ट्र की मुख्य धारा से नहीं जुड़ सका है। उन्होंने कहा कि विहार में गोड जनजाति परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ फर्जी तरीके से गौड़ जाति के लोग ले रहे हैं। उत्तराखंड में आरक्षण के चलते दो विधायक प्रदेश सरकार में जनजातियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जबकि नेपाल में लगभग 10 से अधिक सांसद होने के बाद भी वहां जनजातियों का प्रतिनिधित्व नहीं हो पा रहा है। संगठन मंत्री विधायक राणा ने कहा कि नेपाल, उत्तराखंड व बिहार के थारू जनजातियों के रोटी बेटी के संबंध और अधिक मजबूत हों इसका प्रयास जरूरी है। इस दौरान संगठन को मजबूत कर अपने प्रतिनिधि सरकार में भेजने पर सहमति बनी ताकि अंतरराष्ट्रीय मंच पर थारू समाज की बात उठाई जा सके। बैठक में कमल प्रसाद, खूब लाल बड़घरिया मुखिया नौगांव पंचायत, हरिद्वार कुमार राणा, चंद्र मान, भागीरथ महतो आदि मौजूद रहे।

# फाटो जोन में रेस्क्यू की गई बाघिन जंगल लौटी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** तराई पश्चिम वन प्रभाग के फाटो जोन में बीते दिनों घायल मिली एक बाघिन को उपचार के बाद जंगल में छोड़ दिया गया, जबकि छोई क्षेत्र में घायलावस्था में मिली दूसरी बाघिन की उपचार के दौरान मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, फाटों जोन में भ्रमण पर आए कुछ पर्यटकों ने एक बाघिन की घायल अवस्था की तस्वीरें खींची थीं। बाघिन की गर्दन के आसपास काफी संख्या में चोट के निशान थे। इस पर वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। रेंजर कृपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार रात लगभग नौ बजे वन्यजीव चिकित्सक ने बाघिन को वन परिसर के पास स्थित वाटर हॉल में ट्रैंक्यूलाइज किया, जिसके बाद मौके पर ही उसका उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि आपसी संघर्ष में बाघिन के शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं। उपचार के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया है। बाघिन के स्वास्थ्य पर निगरानी के लिए छह कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं।

वहीं, तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने बताया कि लगभग 15 दिन पूर्व छोई क्षेत्र से घायल अवस्था में एक अन्य बाघिन को रेस्क्यू कर उपचार के लिए सेंटर में लाया गया था। यह बाघिन आपसी संघर्ष में बुरी तरह घायल थी।

## व्यापारी पर किया जानलेवा हमला

**किच्छाः** कार्यालय से घर लौट रहे इंटरनेट व्यवसायी आशीष नागपाल पर तीन युवकों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पूर्व कर्मचारी और एक प्लॉट डीलर सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशीष नागपाल के अनुसार, उनके पूर्व कर्मचारी सचिन सिंह ने लाखों की हेराफेरी की थी, जिसकी शिकायत पुलिस में की गई थी। वहीं, प्लॉट डीलर रुपेश गिरी ने 3 लाख का बयाना लेने के बावजूद जमीन किसी और को बेच दी और पैसे वापस मांगने पर धमकी दे रहा था। 9 अप्रैल की रात करीब 10 बजे धर्मशाला मोड़ पर सचिन, रुपेश और एक अज्ञात युवक ने हमला कर दिया।

# विधायक बेहड़ ने किया सड़कों का लोकार्पण

- रामलीला मैदान में शौचालय बनवाने की भी घोषणा की

संवाददाता, किच्छा





किच्छा में सड़क का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़ एवं अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा के ग्राम महाराजपुर में 19.50 लाख की लागत से निर्मित दो सड़कों का विधिवत लोकार्पण किया। जिला योजना और जिला पंचायत के बजट से बनी इन सड़कों के उद्घाटन पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत किया। बेहड़ ने शेष 400 मीटर सड़क निर्माण और रामलीला मैदान में शौचालय बनवाने की भी घोषणा की।

लोकार्पण के बाद विधायक ने सरकार और अधिकारियों पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने आरोप लगाया कि धान तुलाई में हुए बड़े घोटालों के बावजूद उन्हीं दागी केंद्रों को गेहूं खरीद का काम सौंप दिया गया है, जिससे किसानों का शोषण हो रहा है। बेहड़ ने कहा कि राजस्व विभाग में धारा-143 जैसे कार्यों के लिए बिना रिश्वत के काम नहीं हो रहे और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिकारियों की मनमानी और किसानों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजर सिंह, गुड्डू तिवारी, अरुण शुक्ला, सतीश कामरा, मुलकराज ठुकराल, राजकुमार चिलाना, अशोक चुग्घ, रवि चावला, सतीश ठुकराल, देवेंद्र सिंह, हरजिंदर सिंह, विजय साहनी, संजय मंडल, हरि प्रकाश, कृष्ण चिलाना, विशंभर बाठला आदि मौजूद रहे।

# नीता बनीं एनसीसी सेकेंड ऑफिसर





सेकेंड ऑफिसर बनीं नीता उपाध्याय को बैच लगाते एनसीसी ऑफिसर।

**खटीमाः** सिटी कॉन्वेंट स्कूल की आर्मी विंग एनसीसी की एएनओ नीता उपाध्याय को एनसीसी में सेकेंड ऑफिसर के पद पर पदोन्नत किया गया है।

यह सम्मान उन्हें 78 यूके बटालियन के तत्वाधान में आयोजित रैंक सेरेमनी के दौरान प्रदान किया गया। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पुनीत लहल, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिलाषा जोशी, तिलक उपाध्याय द्वारा उन्हें विधिवत रैंक पहनाकर सम्मानित किया गया।

## युवा संसद में की समस्याओं पर चर्चा

**खटीमाः** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पंकज कुमार पांडे और विभागाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य पांडे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के विकास के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि वाणिज्य में भविष्य में अपार अवसर हैं जिसका बच्चों को लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष की टीम गठित की है। जिन्होंने शिक्षा और कौशल, रोजगार और उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं कल्याण, शासन और डिजिटाइजेशन, सामाजिक न्याय, ग्रामीण विकास, विकसित भारत जैसे विषयों पर पक्ष रखे।

# निबंध प्रतियोगिता में संजना मंडल प्रथम

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** राजकीय पीजी महाविद्यालय सितारगंज में समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय शैक्षणिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शनिवार को महाविद्यालय में समाजशास्त्रीय परिषद की ओर से निबंध, ऐपण, पोस्टर, फोटोग्राफी और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में संजना मंडल को प्रथम, भारती कार्की को द्वितीय और खुशी खान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में भारती कार्की को प्रथम, एकता बोरा को द्वितीय और सतविंदर कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऐपण प्रतियोगिता में सतविंदर कौर को प्रथम, भारती कार्की को द्वितीय और एकता बोरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में खुशी खान को प्रथम, मुस्कान राणा को द्वितीय और यशिका राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 'उच्च शिक्षा के अंतर्गत छात्र संघ की भूमिका' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विक्रांत तिवारी ने प्रथम, नीलम ने द्वितीय और खुशी खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. कामना दीक्षित ने कराया। जबकि, डॉ. बिमला सिंह, डॉ. राजविंदर कौर और डॉ. शोभा पांडे निर्णायक रहे।

## संगोष्ठी में दी अधूरे मिशन की जानकारी

**किच्छाः** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय द्वारा "डॉ. भीमराव अंबेडकर की दृष्टि कल्पना और अधूरा मिशन" विषय पर एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में किच्छा, बलुआकोट और सतपुली महाविद्यालयों के प्राध्यापकों सहित शिक्षाविदों ने प्रतिभाग कर बाबा साहब के विचारों को साझा किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय सतपुली के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार ने डॉ. अंबेडकर को मानवीय मूल्यों का प्रतिबिंब बताया। मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. अजीत कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा को शस्त्र बनाकर सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए आजीवन संघर्ष किया।

# शव ठिकाने लगाने के मामले में दो हिरासत में

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** रुद्रपुर मार्ग स्थित इंटरार्क कंपनी के कर्मचारी रामवीर सिंह की मौत के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

बिजनौर निवासी रामवीर सिंह (42) बीते 8 अप्रैल की रात ड्यूटी के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। 10 अप्रैल को कंपनी के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि सड़क किनारे खड़े रामवीर को भूसी से लदी एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मारी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामवीर की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए शव को ट्रैक्टर में लादकर गायब कर दिया।पुलिस को जांच के दौरान घटनास्थल से रामवीर का कटा हुआ हाथ मिला, जबकि शव काफी तलाश के बाद पनचक्की फॉर्म क्षेत्र के एक नाले से बरामद हुआ। शातिर आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से टोल प्लाजा के बजाय ग्रामीण संपर्क मार्गों का सहारा लिया। मृतक के भाई यशदेव सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना में प्रयुक्त वाहन और आरोपियों के करीब पुलिस पहुंच चुकी है और जल्द ही मामले का पूर्ण खुलासा किया जाएगा। उधर लोगों में भारी आक्रोश है।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

संवाददाता शक्तिफार्म



प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद बंग भवन में दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का विशेष माहौल देखने को मिला।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। जिसका विधिवत उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शक्तिफार्म मंडल के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को नई दिशा, सोच और ऊर्जा प्रदान करते हैं। साथ ही संगठन के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, कार्यप्रणाली और जनसेवा के उद्देश्यों की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, वरुण अग्रवाल, रामपाल, गोपाल बोरा, जगदीश जोशी, गोविंद तालुकदार, विष्णु प्रमाणिक, संजय बाछाड़, शिखा हालदार, अनिमा हालदार, राजा हालदार आदि मौजूद रहे।

# शैलजा से संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा

संवाददाता, किच्छा



शैलजा को सम्मानित करते आरिफ कुरैशी।

**अमृत विचारः** उत्तराखंड मंडी परिषद के पूर्व डायरेक्टर एवं युवा कांग्रेसी नेता आरिफ कुरैशी ने कांग्रेस की उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें संगठन से जुड़ी स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। भेंटवार्ता के दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर भी प्रदेश प्रभारी से तमाम बिंदुओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड आगमन पर प्रदेश प्रभारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कांग्रेसी नेता आरिफ कुरैशी ने बताया कि वार्ता के दौरान उन्होंने प्रदेश प्रभारी को बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आम जन से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जा रहा है, जिसके चलते आम जनता लगातार कांग्रेस पार्टी से जुड़ रही है।

# हर गर्भवती तक पहुंच रही टीम

संवाददाता, हल्द्वानी



जागरूकता अभियान के दौरान मौजूद डॉक्टर व महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है।

अभियान के तहत प्रसव के दौरान और इसके बाद चिकित्सा इकाइयों में उपलब्ध निशुल्क सेवाओं, सुरक्षित प्रसव सुविधाओं व विभिन्न लाभकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव कराएं। सीएमओ डॉ. एचसी पंत के निर्देशन में टीमें संभावित होम डिलीवरी वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को जागरूक कर रही हैं।

सीएमओ ने बताया कि सभी ब्लॉकों में आशा, एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से चिन्हित क्षेत्रों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव विभाग की प्राथमिकता है। इस क्रम में रामगढ़ ब्लॉक के बसगांव में वीएचएनडी का निरीक्षण कर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि जनपद में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण कराएं।

**बिजली कंपनियां ने किया एचईआरसी का रुख**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों ने ईंधन अधिभार की वसूली से जुड़े नियमों में राहत देने की मांग करते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) का रुख किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 12 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2595, राज श्री 1980, फ़ॉर्चून कि. 2715, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2395, जय जवान 2125, सचिन 2320, सूरज 2125, अवसर 2100, उजाला 2130, गृहणी 13 kg 2160, क्लासिक (kg) 2500, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2480, स्वास्तिक 2550

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल–( प्रति कु0 )**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 9800, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10900, हरी पत्ति नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9400, गौरी प्रीमियम 10900, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4300

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280, रोज़ा 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 152300,सोना गिन्नी 148300, चांदी( पक्की) 2425 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### मारुति 2031 तक चार नए ईवी पेश करेगी

**हैदराबाद।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता मारुति सुजुकी वर्ष 2031 तक चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए आयोजित एक कार्यक्रम में एक ही दिन में ई–विटारा की 108 इकाइयां ग्राहकों को सौंपी।

# अब डीजल पर 55.5, एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क

## अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना उद्देश्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को डीजल के निर्यात शुल्क या अप्रत्याशित लाभ कर को बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। विमान ईंधन (एटीएफ) के लिए यह दर अब 42 रुपये प्रति लीटर होगी। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

इससे पहले 26 मार्च को सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया था। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ये शुल्क लगाए गए थे। इन शुल्कों का



उद्देश्य निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है।

**निर्यातकों पर पिछली बार 26 मार्च को डीजल पर 21.50 रुपये और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क लगाया था**

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू करने के बाद तेहरान की ओर से व्यापक जवाबी कार्रवाई की गई थी।

हालांकि, आठ अप्रैल को ईरान, अमेरिका और इजरायल दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हुए, जिससे पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक ऊर्जा बाजार में पैदा हुआ व्यवधान फिलहाल थमा है। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क इस समय शून्य बना हुआ है।

## दिल्ली में 'डिलीवरी' बेड़े में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में ऐप आधारित सामान तथा भोजन आपूर्ति एवं यात्रा की सुविधा मुहैया कराने वाली कंपनियों (एग्रीगेटर) के इस वर्ष से अपने बेड़े में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन शामिल करने पर रोक लगेगी जबकि 2027 से केवल इलेक्ट्रिक ऑटो–रिक्शा को ही नए पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। यह मंशा दिल्ली सरकार द्वारा जारी ईवी नीति के मसौदे में व्यक्त की गई है।

दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026–2030 के मसौदे में प्रस्ताव किया गया कि इस वर्ष एक जनवरी से एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं द्वारा संचालित दोपहिया वाहनों और हल्के मालवाहक वाहनों के मौजूदा बेड़े में पूरी तरह से पेट्रोल या डीजल पर चलने वाले किसी भी पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाहन को शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि, एग्रीगेटर को बेड़े में बीएस–6 उत्सर्जन मानक वाले दोपहिया वाहनों को शामिल करने की अनुमति 31 दिसंबर, 2026 तक होगी, जिसके बाद उन्हें अपने बेड़े को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना अनिवार्य होगा। इस नीति में ऑटो–रिक्शा सहित यात्री इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रस्ताव किया गया है। इसमें कहा गया कि नई नीति की अधिसूचना की तारीख से पहले वर्ष में 50,000 रुपये, दूसरे वर्ष में 40,000 रुपये और तीसरे वर्ष में 30,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दिया जा सके। यह प्रोत्साहन राशि पुराने सीएनजी ऑटो–रिक्शा को बदलने के साथ–साथ दिल्ली में पंजीकृत नए ऑटो–रिक्शा पर भी लागू होगी।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल माध्यम से बात की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने संघर्ष के कारण क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव को स्वीकार किया और व्यापार में सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर प्रयास करते हुए जल्द सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

- **केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री से की बात**

श्री गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र में निर्यात को समर्थन देने के लिए भारत द्वारा उठाये गये कदमों का उल्लेख किया।

दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में शीघ्र प्रगति की आशा व्यक्त की। श्री गोयल ने उम्मीद जतायी कि हाल ही में घोषित युद्धविराम से क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने हालिया संघर्ष के दौरान सऊदी अरब में हुए हमलों की निंदा की और भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए वहां की सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। इस बैठक में भारत-सऊदी अरब आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इससे पहले श्री गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत तथा बहरीन के अपने समकक्षों के साथ भी वर्चुअल माध्यम से अलग-अलग बात की थी। इन सभी बैठकों में उन्होंने पश्चिम एशिया में जल्द स्थायी शांति बहाली की कामना की, आपूर्ति श्रृंखला संबंधी बाधाओं को दूर करने में सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## बढ़ता जा रहा है अमीर और गरीब देशों के बीच का अंतर

**-संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**




अमीर-गरीब देशों के बीच बढ़ती खाई को कम करने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों में बड़े सुधार समेत जिन ऐतिहासिक फैसलों पर पिछले साल सहमति बनी थी, उनके पूरा नहीं होने से जहां समृद्ध राष्ट्र और मजबूत होते जा रहे हैं। वहीं गरीब देश विकास की दौड़ में पीछे छूटते जा रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई है।

स्पेन के सेविले में पिछले साल जून में अपनाए गए खाके का आकलन करती यह रिपोर्ट अगले हफ्ते वाशिंगटन में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की अहम बैठकों से ठीक पहले जारी की गई है। पिछले साल जून में अपनाई गई इस रूपरेखा का उद्देश्य अमीर-गरीब देशों के बीच की खाई को पाटना और 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के विकास लक्ष्यों को हासिल करना है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक विकास को गति देने की पूरी तैयारी थी, लेकिन ईरान युद्ध के कारण अब विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर अनिश्चितता के गहरे बादल छा गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक और सामाजिक मामलों के अवर महासचिव ली जुनहुआ ने चेताया कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव विकासशील देशों की

- **वाशिंगटन में आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों से ठीक पहले जारी की गई रिपोर्ट**
- **ईरान युद्ध से विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर छाए अनिश्चितता के गहरे बादल**

चुनौतियों को और गंभीर बना रहे हैं, जिससे उनके लिए वित्तीय संसाधन जुटाना पहले से कहीं अधिक कठिन होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए यह समय बेहद जोखिमभरा बनता जा रहा है, क्योंकि भू-राजनीतिक हित अब तेजी से आर्थिक संबंधों और वित्तीय नीतियों की दिशा तय करने लगे हैं।

रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि बढ़ती व्यापारिक बाधाएं और एक के बाद एक आ रही जलवायु संबंधी आपदाएं भी इस बढ़ती खाई को और चौड़ा कर रही हैं। पिछले वर्ष सेविले में आयोजित सम्मेलन में अमेरिका को छोड़कर कई देशों के नेताओं ने सर्वसम्मति से सेविले प्रतिबद्धता को अपनाया था, जिसका उद्देश्य विकास के लिए हर साल मौजूद चार हजार अरब डॉलर की वित्तीय कमी को पाटना था।

# परीक्षण के लिए एक साल में तैयार होगा वंदे भारत स्लीपर का प्रारूप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के नेतृत्व वाले संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाई जा रही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा।

आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर कंपनी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कंपनी को 120 ट्रेन





- **आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ सतीश कुमार ने दी जानकारी**

की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि सतीश कुमार ने कोई निश्चित समय नहीं बताया, लेकिन आरवीएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सलीम अहमद ने हाल ही में कहा था कि यह प्रारूप जून 2026 में पेश किया जा सकता है।

अधिकारियों के अनुसार, काम तेज गति से जारी है, लेकिन जून 2026 तक परीक्षण संभव नहीं लग रहा है और इसमें अगले वर्ष तक देरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी को देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की जोड़ी को कामाख्या और हावड़ा के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अन्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के संचालन को लेकर कई तरह की अटकलें हैं, लेकिन इस संबंध में रेल मंत्रालय ने अभी तक कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की है।

## स्टार्टअप की दुनिया

### ज्यादा संघर्ष लेकिन अपार सफलता

यह शब्द सुनने में जितनी ग्लैमरस लगता है, असल में यह उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक होता है। एक स्टार्टअप सिर्फ एक नया बिजनेस नहीं है, बल्कि यह एक अनोखे आइडिया के साथ तेजी से स्केल करने की कोशिश है। एक बिजनेस और स्टार्ट अप में कई बुनियादी अंतर होते हैं। मसलन, बिजनेस का मुख्य उद्देश्य कम या मध्यम जोखिम के साथ लाभ कमाना होता है जबकि स्टार्टअप उच्च जोखिम के साथ तेजी से विकास पर केंद्रित होता है और वैश्विक स्तर पर विस्तार की क्षमता रखता है।




### शुरुआत की बड़ी चुनौतियां

- आइडिया नहीं समस्या खोजें, क्योंकि ज्यादातर लोग ऐसा प्रोडक्ट बनाने के कारण फेल होते हैं जिसकी किसी को जरूरत नहीं होती।
- शुरू में करोड़ों खर्च कर परफेक्ट प्रोडक्ट बनाने की कोशिश गलती है, अपने आइडिया का बेसिक मॉडल बनाएं और उसे टेस्ट करें।
- आपको ऐसे पार्टनर्स चाहिए जिनकी स्किल्स आपसे अलग हों। अगर आप तकनीकी काम में अच्छे हैं तो पार्टनर सेल्स में माहिर हो।
- स्टार्टअप की दुनिया में कैश इज किंग कहा जाता है। हिसाब रखें कि आपके पास कितना पैसा है और वह कितने महीनों तक चलेगा।

### यूनिकॉर्न और डेकाकॉर्न

- यूनिकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यूएशन 1 बिलियन डॉलर यानी लगभग 8,300 करोड़ रुपये पहुंच जाती है।
- दिलचस्प तथ्य यह है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और यहां 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न्स हैं।
- डेकाकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यू 10 बिलियन डॉलर से ऊपर होती है, स्विगी इसी श्रेणी का स्टार्टअप है।

- **भारत में 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा वैल्यू वाली 125 कंपनी**

### क्या होते हैं रास्ते

- बूटस्ट्रैप्ड : जब फाउंडर अपने खुद के पैसे या मुनाफे से बिजनेस बढ़ाता है।
- फंडेड : जब बाहरी इन्वेस्टर्स पैसा लगाते हैं ताकि कंपनी तेजी से बढ़ सके।

### क्यों फेल होते हैं स्टार्टअप

- आंकड़े बताते हैं कि 90% स्टार्टअप पहले 5 सालों में बंद हो जाते हैं।
- इनमें से 42% ऐसा प्रोडक्ट बनाया जिसकी बाजार में मांग नहीं थी।
- लगभग 29% स्टार्टअप फंड खत्म हो जाने की वजह से बंद हो गए।
- फाउंडर्स में तालमेल की कमी और गलत टीम का चुनाव भी कारण।

### भारत में स्टार्ट अप

- भारत में अब 2,00,000 से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं। यह 2016 में शुरुआत के बाद एक बहुत बड़ी छलांग है।
- अब स्टार्टअप सिर्फ बेंगलुरु–दिल्ली तक सीमित नहीं हैं। 50% स्टार्टअप्स दूसरे व तीसरे दर्जे के शहरों से निकल रहे हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-समाप्त की जाएगी तुष्टीकरण की राजनीति

**जंगीपुर (प. बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को एक जनसभा के दौरान तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा किया। साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी।

मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को पश्चिम बंगाल की पहचान और भविष्य की रक्षा की लड़ाई के रूप में पेश किया, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और



पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी।

घुसपैठियों के समर्थन का आरोप लगाया।

मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद कहा कि देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा का संकल्प है कि पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने के वास्ते यूसीसी लागू किया जाये। मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने अपना पुराना नारा मां-माटी-मानुष त्याग दिया है और अब सत्ता बरकरार रखने के लिए घुसपैठियों और वोट बैंक की राजनीति पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

मोदी ने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। मोदी ने कहा कि बंगाल का इतिहास गवाह है कि जब वह बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। जिसने भी बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चकनाचूर हो गया, अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस और वामपंथियों तक... अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है। मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद तृणमूल कांग्रेस वाममोर्चा की कार्बन कॉपी बन गई है।

### पश्चिम बंगाल से तृणमूल का सिंडिकेट राज खत्म करेंगे : अमित शाह

**ओंडा/छतना (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट राज को समाप्त कर देगी। शाह ने यह भी कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। बांकुड़ा जिले के छतना में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहानुभूति बटोरने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश कर रही हैं। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी पीड़ित कार्ड खेलती हैं। कभी–कभी वह सहानुभूति पाने के लिए अपने पैर या सिर पर पट्टी बांध लेती हैं। ममता दीदी, इस चुनाव में आप चाहे अपने पैर, सिर या हाथ पर पट्टी बांध लें, बंगाल की जनता आपको वोट नहीं देगी। आरोप लगाया कि बंगाल में गुंडे और घुसपैठिए राज करते हैं। बांकुड़ा जिले के ओंडा में एक चुनावी रैली में शाह ने आलू किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी उपज को देशभर में भेजा जाएगा, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।

### तमिलनाडु: चुनाव के लिए मैदान में उतरे 4,023 उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उम्मीदवारों की संख्या तय होने के साथ ही 234 सदस्यों वाली विधानसभा को चुनने के लिए होने वाले इन बेहद रोमांचक चुनावों की बिसात साफ तौर पर बिछ गई है, जिसमें कई पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। सीटों के बंटवारे, निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान, उम्मीदवारों के नाम तय करने, नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच और नाम वापस लेने की चुनाव–पूर्व प्रक्रिया समाप्त हो गई, अब एक जोरदार चौतरफा मुकाबले के लिए मंच तैयार है। इसे बुद्धिमत्ता की लड़ाई और चुनावी मैदान में बिना किसी रोक–टोक के होने वाला मुकाबला' कहा जा रहा है। राज्य में 09अप्रैल को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख खत्म हो गयी है।

### फर्जी वोट डाला, गिरफ्तार

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए 9 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मन्नादिपेट निर्वाचन क्षेत्र में फर्जी वोट डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह व्यक्ति जवाहरलाल नेहरू सामुदायिक केंद्र स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने आया था।

## भाजपा ने भवानीपुर में मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश की: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके खिलाफ दो झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर निर्वाचन आयोग की मदद से दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उसकी यह कोशिश विफल कर दी।

बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से 90 लाख



कोशियारी में चुनावी रैली को संबाधित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

मतदाताओं के नाम जबरन हटवाने का आरोप भी लगाया। बनर्जी के सामने अपनी भवानीपुर सीट बरकरार रखने के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चुनौती है। बनर्जी ने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा कि भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन हमने उसकी साजिश नाकाम कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है, इसलिए वह फर्जी तरीकों से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रच रही है।

## महिला सशक्तीकरण और बाल कल्याण, मेरे दिल के करीब : स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी**

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई कई कल्याणकारी पहलों में से दो योजना (महिलाओं को मासिक राशि प्रदान करने से जुड़ी योजना और 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना) उनके दिल के बेहद करीब हैं।

मुख्यमंत्री ने एक साक्षात्कार में बताया कि जहां महिला सशक्तीकरण योजना, जिसे देश के अन्य राज्यों में भी अपनाया जा रहा है, इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई नाश्ता योजना के अनगिनत लाभ हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अपनी सरकार द्वारा लागू किए जा



रहे कई कल्याणकारी कार्यक्रमों में से उन योजनाओं का नाम बता सकते हैं जिनसे उन्हें अपार संतुष्टि मिली है। इसके जवाब में उन्होंने कहा–द्रविड़ मॉडल शासन में हमने जितनी भी योजनाएं लागू की हैं, वे सभी बहुत महत्वपूर्ण पहल हैं। हालांकि, मैं यह कहना चाहूंगा कि हमने कई योजनाएं लागू की हैं, लेकिन उनमें से दो योजनाएं मेरे दिल के बेहद करीब हैं। ये दो योजनाए हैं कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजनाऔर मुख्यमंत्री नाश्ता योजना। कहा–कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजना' के तहत परिवार की महिला मुखिया को प्रति माह 1,000 रुपये दिए जाते हैं। आज यह भारत में सबसे सफल ढंग से लागू की गई योजना है। उन्होंने कहा–जिन्होंने तब इसकी आलोचना की थी, वही लोग आज अपनी–अपनी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में इस योजना को लागू कर रहे हैं। अब हम इस राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये करने जा रहे हैं।

यह योजना इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा–हमने स्कूलों में नाश्ता कार्यक्रम शुरू किया ताकि कोई भी बच्चा भूखा स्कूल न जाए। बाद में, हमने इसे सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों तक विस्तारित किया। हम अगली सरकार में इसे कक्षा आठ तक विस्तारित करेंगे।

महात्मा फूले को नमन



संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले के 20वें जन्मदिन समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आदि ने उन्हें नमन किया।

# सुलह की प्रक्रिया आधुनिक न्याय प्रणाली का अभिन्न अंग

- मध्यस्थता सम्मेलन में बोलीं न्यायमूर्ति नागरत्ना

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि मध्यस्थता और सुलह आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं और इन्हें केवल पारंपरिक मुकदमा प्रक्रिया के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने दिल्ली में भारतीय मध्यस्थता परिषद द्वारा 'वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजी से जटिल और वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विवाद केवल कानूनी प्रश्न ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक, व्यावसायिक और आपसी संबंधों से जुड़े प्रश्न भी होते हैं, जिनके समाधान के लिए अदालती फैसले की बजाय स्वैच्छिक समाधान की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए, मध्यस्थता और सुलह केवल मुकदमेबाजी के विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश ने कहा कि विवाद समाधान के पारंपरिक तरीके से मध्यस्थता और सुलह जैसे विवाद समाधान तंत्रों की ओर एक स्पष्ट बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता और पक्षकारों की स्वायत्तता जैसे फायदों के कारण सीमा पार वाणिज्यिक विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता सबसे पसंदीदा विधि के रूप में उभरी है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इसके फायदे, जैसे कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता, पक्षकारों की स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के तहत निर्णयों की प्रवर्तनीयता ने इसे वैश्विक वाणिज्य में पक्षकारों के लिए अपरिहार्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क संधि द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की प्रभावशीलता को मजबूती मिली है, जिसने मध्यस्थता निर्णयों को 170 से अधिक न्यायक्षेत्रों में मान्यता देने और लागू करने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपने संबोधन में द्विपक्षीय निवेश संधियों के तहत निवेश मध्यस्थता का भी उल्लेख किया।

### मामलों के लंबित रहने के लिए केवल न्यायाधीशों को दोष न दें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने शनिवार को कहा कि भारत में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए केवल न्यायाधीशों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। न्याय में देरी अक्सर वकीलों की बहस और कानूनी प्रक्रिया के तरीके से प्रभावित होती है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि न्यायाधीश और मामले के निपटारे की दर के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। यह वकीलों पर निर्भर करता है कि वे कितनी देर तक बहस करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में देरी के लिए वकीलों और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों को भी आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबी-लंबी बहसें करना और बार-बार तारीख लेना जैसी आदतें मामलों के निपटारे में देरी का कारण बनती हैं, इसलिए इन पर विचार कर सुधार करना जरूरी है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को अपने ग्राहकों के बैंक दस्तावेजों में जालसाजी करने के आरोप में सात सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई। आरोपी ऐसा इसलिए कर रहा था ताकि वह उन्हें जो बीमा पॉलिसियां बेच रहा था, वे प्रभावी हो सकें। विजेंद्रन तानापाल (38) ने यहां एक बैंक में संपत्ति नियोजन प्रबंधक के रूप में काम करते हुए दो जापानी ग्राहकों से जुड़े जालसाजी के दो आरोपों में संलिप्तता की बात स्वीकार की। तानापाल को बृहस्पतिवार को सजा सुनाते समय उसके अन्य जापानी ग्राहकों से जुड़े ऐसे कई अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया।

### पांच दिनी यात्रा पर चीन जाएंगे स्पेन के पीएम

**बीजिंग।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के निमंत्रण पर शनिवार से पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आयेंगे। अपनी यात्रा के दौरान सांचेज़ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली और राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से मुलाकात करेंगे। सांचेज की बीजिंग की यह चौथी आधिकारिक यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन प्रधानमंत्री सांचेज़ की यात्रा के माध्यम से स्पेन के साथ रणनीतिक विश्वास को गहरा करने, सहयोग तेज करने, द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने को तैयार है।

### लेबनान में तीन दिन में 357 लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इज़राइली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्रीय प्रस्ताव, जिसे ट्रंप ने वार्ता के लिए कारगर आधार बताया है।

### इराक में निजार अमीदी चुने गए राष्ट्रपति

**बगदाद।** इराक की संसद ने शनिवार को देश की दो प्रमुख कुर्द पार्टियों में से एक के राजनीतिक अधिकारी निजार अमीदी को राष्ट्रपति के रूप में चुना। यह चुनाव पांच महीने पहले हुए संसदीय चुनाव के बाद हुआ है, जिसमें किसी भी पार्टी को निर्णायक बहुमत नहीं मिला था। उनका चुनाव ऐसे समय में हुआ है जब इराक अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए युद्ध के दुष्परिणामों से जूझ रहा है। इराक में ईरान समर्थित लड़ाकों ने अमेरिकी ठिकानों और राजनयिक सुविधाओं, महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले किए। वहीं, अमेरिका-इजराइल ने ईरान समर्थित लड़ाकों पर हवाई हमले किए।

# भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी की अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से की बातचीत

वाशिंगटन, एजेंसी



भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अपनी बैठक में परमाणु ऊर्जा और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) व एलपीजी निर्यात जैसे नए क्षेत्रों में ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी और राइट के बीच हुई चर्चा का मुख्य विषय ऊर्जा सुरक्षा को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को गहरा करना और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के नए रास्ते तलाशनाथा।

बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका, असैन्य परमाणु सहयोग के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ अमेरिका-भारत ऊर्जा सहयोग के भविष्य पर चर्चा करना अच्छा रहा। भारत द्वारा शांति विधेयक पारित किए जाने के बाद हम असैन्य परमाणु क्षेत्र के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए तैयार हैं। सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी एक्ट' (शांति अधिनियम) को भारत के असैन्य परमाणु क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है। यह कानून गत दिसंबर से लागू हुआ, जिसने इस क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया है। इसके साथ ही 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम और 2010 का परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम निरस्त कर दिए गए। शुक्रवार देर रात गोर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-ए-लागो स्थित रिसॉर्ट में मिसरी की मेजबानी की।

### वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से की मुलाकात

मिसरी मंगलवार देर रात तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रक्षा, वाणिज्य और विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। मिसरी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भी मुलाकात की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख ए पी सिंह भी अमेरिका यात्रा पर थे और वह बुधवार को कोलोराडो स्प्रिंग्स स्थित पीटरसन स्पेस फोर्स बेस गए। भारतीय वायुसेना ने एक्सपर कहा कि उन्होंने ग्रेगरी एम गिलोट (अमेरिकी उत्तरी कमान के कमांडर) के साथ अभियान संबंधी जटिल पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया, जो बढ़ती साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है। गोर ने अमेरिकी उप रक्षा मंत्री स्टीव फाइनबर्ग और सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के साथ भी चर्चा की।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच फ्रांस, जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ऊर्जा, व्यापार और रक्षा से जुड़ी उच्च स्तरीय वार्ताओं के लिए रविवार से पेरिस और बर्लिन की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा पश्चिम एशिया में जारी संकट की पृष्ठभूमि में हो रही है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो वर्तमान में बदलते और जटिल होते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच और अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। फ्रांस और जर्मनी की यह यात्रा उनकी अमेरिका यात्रा के बाद हो रही है, जहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के अलावा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। पश्चिम एशिया संकट और उसका ऊर्जा सुरक्षा पर प्रभाव पेरिस और बर्लिन में होने वाली वार्ताओं में प्रमुख मुद्दा रहेगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पेरिस में विदेश सचिव फ्रांस के विदेश मंत्रालय के महासचिव मार्टिन ब्रिएंस के साथ भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। उसने बताया कि दोनों नेता रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## आतंकी संगठन से संबंध के संदेह में युवक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** दिल्ली पुलिस ने एक आतंकवादी संगठन से संबंध होने के संदेह में भुवनेश्वर निवासी 22 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। शनिवार को आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी की पहचान गंगा नगर के यूनिट-6 क्षेत्र निवासी शेख इमरान के रूप में हुई है। इसमें बताया गया कि ओडिशा और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने युवक को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों संबंधी आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा एक सप्ताह पहले कुछ युवकों को पकड़े जाने और उनके सोशल मीडिया पोस्ट का विश्लेषण किए जाने के बाद इमरान पुलिस की जांच के दायरे में आया।

युवकों से पूछताछ और उनके सोशल मीडिया पोस्ट के विश्लेषण के आधार पर ओडिशा संपर्क का पता चला, जिसके बाद शेख इमरान को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि बेरोजगार युवक इमरान कट्टरपंथी समूह का सक्रिय सदस्य है। इमरान सोशल मीडिया पर एक ग्रुप के संपर्क में आया था जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के विरुद्ध हानिकारक कट्टर धार्मिक सामग्री साझा की जा रही थी। उसे भुवनेश्वर के उपमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे राष्ट्रीय राजधानी ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया।

## भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक की चंद्र मिशन में बड़ी भूमिका

- नासा में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं अमित क्षत्रिय

वाशिंगटन, एजेंसी



ह्यूस्टन में बचपन में रॉकेट प्रक्षेपण देखकर प्रेरित होने वाले और बाद में राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) में अभियानों की कमान संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय ने उस अंतरिक्ष एजेंसी में अहम भूमिका निभाई है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने के मिशन पर काम कर रही है।

विस्कॉन्सिन में जन्मे क्षत्रिय नासा के सह प्रशासन के रूप में एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं और प्रशासक जैरेड इसाकमैन के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। क्षत्रिय एजेंसी के 10 केंद्र निदेशकों के साथ-साथ वाशिंगटन स्थित नासा मुख्यालय में मिशन निदेशालयों के सह प्रशासकों का नेतृत्व करते हैं। वह एजेंसी के मुख्य संचालन अधिकारी की भूमिका भी निभाते हैं। क्षत्रिय के माता-पिता भारतीय मूल के हैं। क्षत्रिय ने कैलिफोर्निया के पासाडेना स्थित 'कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' से गणित में बीएससी और ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय से गणित में स्नातोकत्तर की डिग्री हासिल की है। उनका जन्म विस्कॉन्सिन के ब्रुकफील्ड में हुआ था, लेकिन वह टेक्सास के ह्यूस्टन के उपनगर केटी को अपना गृह नगर मानते हैं। अंतरिक्ष के प्रति क्षत्रिय की रुचि तब जगी, जब उन्होंने ह्यूस्टन में अंतरिक्ष प्रक्षेपण देखे। ह्यूस्टन में जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र में नासा का मिशन नियंत्रण केंद्र स्थित है।

पढ़ाई पूरी करने के बाद तेल एवं गैस उद्योग और चिकित्सा क्षेत्र में कुछ समय काम करने के बाद वह 2003 में 'यूनाइटेड स्पेस अलायंस' से जुड़े। क्षत्रिय सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर और अंतरिक्ष यान ऑपरेटर के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रोबोटिक संयोजन पर ध्यान केंद्रित किया। वह 2014 से 2017 तक अंतरिक्ष स्टेशन के उड़ान निदेशक रहे और 2017 से 2021 तक वह आईएसएस यान कार्यालय के उप प्रबंधक और फिर कार्यवाहक प्रबंधक बने।

## वायुसेना प्रमुख ने कीअमेरिकी समकक्ष से रक्षा संबंधों पर बात

- दोनों देशों की साझा रक्षा प्राथमिकताओं पर की चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी





भारतीय वायु सेना के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने की साझा प्राथमिकताओं पर अमेरिकी समकक्ष चीफ ऑफ स्टाफ जनरल केन विल्सबैक के साथ यहां चर्चा की। सिंह का आठ अप्रैल को यहां जॉइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग में पूरे सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पेंटागन में वायु सेना मामलों के मंत्री ट्रॉय मींक और विल्सबैक से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन में अपनी व्यस्तताओं के अलावा, सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए हवाई आक्रमण चेतावनी प्रणाली, हवाई क्षेत्र नियंत्रण और समुद्री चेतावनी के द्विपक्षीय उत्तरी अमेरिकी हवाई रक्षा कमान मिशन पर केंद्रित जानकारी दी गई।

अमेरिकी वायु सेना के अनुसार, भारतीय वायु सेना प्रमुख ने नेवादा स्थित नेलिस वायु सेना अड्डे का भी दौरा किया। सिंह को अमेरिकी वायु सेना युद्ध केंद्र में संबंधित जानकारी दी गई और एफ-15ईएक्स ईगल-2 की उड़ान से परिचित कराया गया। सिंह ने कहा कि ऐसे अवसर हमारी संयुक्त अंतरसंचालनीयता को विकसित करने और वायु सेनाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## वांछित गैंगस्टर को थाईलैंड से वापस ले आई सीबीआई

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित कुख्यात गैंगस्टर साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। चौहान के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी था। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने इंटरपोल के माध्यम से पता लगाया कि चौहान बैंकॉक में है और शुक्रवार को उसे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लाया गया, जहां पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने कहा कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से सीबीआई ने 10 अप्रैल को वांछित भगोड़े साहिल चौहान को थाईलैंड से वापस लाने में कामयाबी हासिल की है। चौहान हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध आग्नेयास्त्रों के इस्तेमाल से जुड़े कई आपराधिक मामलों में आरोपी था।

## लद्दाख को मिली आधार के रिकॉर्ड में अलग पहचान

- रिकॉर्ड से जम्मू-कश्मीर को हटाकर किया गया लद्दाख

लेह, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के पूर्ववर्ती राज्य से 2019 में पृथक केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर सृजन के लगभग सात साल बाद लद्दाख ने आखिरकार आधार रिकॉर्ड में अपनी एक अलग पहचान हासिल कर ली है। आधार में जम्मू कश्मीर को हटाकर लद्दाख कर दिया गया है।

लोक भवन के प्रवक्ता ने बताया कि जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को लद्दाख के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद पूरा किया गया। लद्दाख को 2019 में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में गठित किए जाने के बावजूद यहां के लोगों के आधार कार्ड के 'राज्य' वाले हिस्से में पहले के जम्मू कश्मीर राज्य का नाम ही दर्ज रहा - जिससे व्यापक परेशानी हुई और विभिन्न पक्षों से शिकायतें मिलीं। प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल ने इस मामले के लंबे समय से लंबित रहने का संज्ञान लिया और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रशासन ने इस मामले को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के समक्ष उठाया।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार को अब सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि आधार कार्ड में लद्दाख की विशिष्ट क्षेत्रीय पहचान का सही प्रतिनिधित्व हो। उपराज्यपाल ने कहा कि इस बदलाव से प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करके और सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करके लद्दाख के निवासियों को काफी लाभ होगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको कार्यक्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। योजनाएं धीरे-धीरे सफल होती दिखेंगी। आवश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें।

**तुला** – आज आपको संचार कौशल से लाभ होगा। साझेदारी या समूह कार्यों में आपके विचारों को सराहा जाएगा। संबंधों में संतुलन बना रहेगा।

**वृष** – आज का दिन आपके लिए अनुकूल प्रभाव रखता है। धन प्राप्ति के योग हैं। सामाजिक कार्यों में भागीदारी से सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज आपकी इच्छाशक्ति और लक्ष्य-प्राप्ति की क्षमता मजबूत रहेगी। पुरानी नकारात्मक स्थितियों से छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन** – आज आपका संवाद कौशल प्रभावशाली रहेगा। संचार और बातचीत से लाभ होगा। कोई पुराना निवेश लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए प्रगतिशील रहेगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान और सहयोग मिलेगा। मन में उत्साह बना रहेगा।

**कर्क** – आज मन में भावनात्मक स्थिरता बनाए रखें। खर्चों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। किसी निर्णय के प्रति दुविधा हो सकती है।

**मकर** – आज आप अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता व अनुशासन दिखाएंगे। कार्य सिद्धि के संकेत हैं। सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज आपकी मेहनत का परिणाम मिलेगा। वरिष्ठों से सहायता मिलने की संभावना है। किसी नए प्रोजेक्ट में भाग लेने के योग हैं।

**कुंभ** – आज आपके विचार अभिनव और रचनात्मक रहेंगे। प्रतियोगिता या परीक्षा से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। धनलाभ के संकेत हैं।

**कन्या** – आज अनुशासन और योजनाबद्ध कार्यों का लाभ मिलेगा। वित्तीय मामलों में आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मीन** – आज आपको शुभ समाचार मिलेगा। व्यापार में नई शुरुआत करने के अच्छी संभावना बन रही है। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 12 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 13 अप्रैल 01.16 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- श्रवण 15 .14 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |

### सुडोकू -117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | 6 | | 4 | | |
| 9 | | | | | | 5 | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 7 |
| | 3 | | | | 8 | | | 4 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | | 9 | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| | | 2 | | | 4 | | | 6 |
| | | 5 | | 7 | | | 4 | |

## निदान

### पार्किंसंस रोगियों के इलाज में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह

# डीबीएस रेफरल में देरी से सीमित हो जाते हैं उपचार के नतीजे

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों ने कहा है कि स्पष्ट नैदानिक दिशा-निर्देशों के बावजूद, भारत में पार्किंसंस रोग के कई रोगियों को डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए बहुत देर से रेफर किया जाता है, जिससे इस प्रक्रिया के संभावित लाभ सीमित हो जाते हैं।

डीबीएस पार्किंसंस की बीमारी के इलाज के लिए एक सुस्थापित शल्य चिकित्सा पद्धति है। इसकी सिफारिश सावधानीपूर्वक चयनित उन रोगियों के लिए की जाती है जो लेवोडोपा, जो इस बीमारी के प्रबंधन के लिए सबसे प्रभावी दवा है, के प्रति खराब प्रतिक्रिया देते हैं। अनुकूलित चिकित्सा उपचार के बावजूद उतार-चढ़ाव और डिस्किनेसिया जैसी अक्षम करने वाली मोटर जटिलताएं विकसित होती हैं और साथ ही अप्रत्याशित ऑन-ऑफ अवधि संबंधी विकार पैदा होते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ऑन अवधि वह समय है जब दवा से पार्किंसंस के लक्षण अच्छी तरह से नियंत्रित होते हैं, जबकि ऑफ अवधि वह समय है जब दवा का असर खत्म हो जाता है और लक्षण (जैसे अकड़न, कंपन और सुस्ती) फिर से प्रकट हो जाते हैं। दिल्ली स्थित एम्स में न्यूरोसर्जरी और गामा नाइफ विभाग के अध्यक्ष डॉ. पी. शरत चंद्र ने विश्व पार्किंसंस दिवस पर बताया कि डीबीएस से दवा की खुराक कम हो जाती है और डिस्किनेसिया (दवा के कारण शरीर में होने वाली असामान्य हरकतें), मतिभ्रम, मतली और निम्न रक्तचाप जैसी जटिलताओं से बचाव होता है। इससे कई दवाओं की खुराक कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा लेकिन वास्तविकता यह है कि रेफरल करने की परिपाटी असंगत बनी हुई है।



### मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के पूर्व करें रेफर

डॉ. शरत चंद्र ने कहा कि भारत में कई मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के बाद रेफर किया जाता है, खासतौर पर जब चलने में अकड़न और शारीरिक अस्थिरता जैसे अक्षीय लक्षण पहले ही प्रकट हो चुके होते हैं, जो कि डीबीएस के प्रति खराब प्रतिक्रिया देने वाले लक्षण माने जाते हैं। इस देरी का एक प्रमुख कारण डीबीएस को अंतिम उपाय चिकित्सा के रूप में व्यापक रूप से देखा जाना है, न कि एक ऐसे हस्तक्षेप के रूप में जिसे मोटर संबंधी जटिलताएं शुरू होने के दौरान लेकिन अपरिवर्तनीय दिव्यांगता होने से पहले शुरू करना सबसे अच्छा होता है।

## बांग्लादेश में खसरे से अब तक 145 बच्चों की गई जान

**सिलहट।** बांग्लादेश में खसरे के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों के भीतर ढाका और सिलहट में दो और बच्चों की मौत हो गई है, जिससे हताहतों की संख्या में और वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, 15 मार्च से अब तक खसरे जैसे लक्षणों के कारण कुल 145 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 24 मौतों की पुष्टि आधिकारिक तौर पर खसरे से होने के रूप में हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है।



तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी महज एक नंबर है और वह किसी भी क्रम पर उतरने के लिये तैयार हैं। मैं पिछले साल पांचवें छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा था। आखिर में तो लक्ष्य मैच जीतना होता है। प्रबंधन ने मुझ पर भरोसा करके ऊपर भेजा है।
-ध्रुव जुरेल

स्टेडियम
हल्द्वानी, रविवार, 12 अप्रैल 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
गुजरात टाइटंस
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
मुंबई इंडियंस
**समय** - शाम 7:30 बजे

# अय्यर के धमाल से पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स को छह विकेट से हराया

## आईपीएल-2026 : अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की शतकीय भागीदारी गई बेकार



शॉट लगाते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की 33 गेंद में 69 रन की नाबाद पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (57 रन) और प्रभसिमरन सिंह (51 रन) की पारियों के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' अय्यर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को दबाव में नहीं आने दिया। उनकी पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके जड़े थे। इससे टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (74 रन) के अर्धशतक और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया।

सनराइजर्स हैदराबाद के बाएं हाथ के कलाई स्पिनर शिवांग कुमार ने पंजाब किंग्स के शुरूआती तीनों विकेट अपनी झोली में डाले लेकिन पंजाब किंग्स को जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। यह हैदराबाद की लगातार दूसरी हार है। प्रियांश (पांच चौके, पांच छक्क) और प्रभसिमरन (चार चौके, चार छक्के) ने मिलकर पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में प्रियांश की पारी खत्म हुई। प्रियांश ने शिवांग की पहली ही गेंद पर डीप मिड विकेट के ऊपर से स्वीप शॉट लगाते हुए छक्का जड़ा, लेकिन जब उन्होंने लगातार दूसरी गेंद पर भी ऐसा ही करने की कोशिश की, तो गेंद सीधे क्षेत्ररक्षक के हाथों में समां गई। इस तरह दोनों के बीच 6.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 99 रन की भागीदारी का अंत भी हुआ। प्रभसिमरन ने फिर नौवें ओवर में शिवांग की गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर अगली ही गेंद पर शिवांग की गुगली पर हेनरिक क्लासेन को कैच दे बैठे। ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद को प्रभसिमरन ने आगे बढ़कर हवा में खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और लांग ऑफ पर क्लासेन ने आगे की ओर डाइव लगाते हुए एक बेहतरीन कैच लपक लिया।

शिवांग (33 रन देकर तीन विकेट) के दो झटकों से सनराइजर्स हैदराबाद को वापसी की उम्मीद जगी। फिर इसी गेंदबाज ने 11वें ओवर में कूपर कोनोली (11 रन) की पारी का अंत किया। कोनोली ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर चौका लगाया लेकिन अगली ही गेंद को मिसटाइम करके आउट हो गए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 128 रन था। इसके बाद कप्तान अय्यर ने कमाल की पारी खेली, उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर 24 गेंद में अर्धशतक जड़ा और यही दबदबा जारी रखा। 15 ओवर में पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 179 रन था और उसे जीत के लिए 30 गेंद में 41 रन बनाने थे। अय्यर ने 16वें ओवर में ईशान मलिंगा पर डीप कवर पर एक चौका तथा काउ कॉर्नर और डीप मिडविकेट पर दो छक्के जड़ दिए।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**219/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अर्शदीप बो शशांक | 74 |
| ट्रेविस हेड का बार्टलेट बो शशांक | 38 |
| ईशान किशन का यानसेन बो अर्शदीप | 27 |
| हेनरिक क्लासेन का कोनोली बो बार्टलेट | 39 |
| अनिकेत वर्मा रन आउट | 18 |
| सलिल अरोड़ा का बार्टलेट बो अर्शदीप | 09 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-50-2, बार्टलेट 4-0-42-1, यानसेन 4-0-40-0, विशाक 2-0-33-0, शशांक 3-0-20-2, चहल 3-0-33-0

**पंजाब किंग्स**

**223/4** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रेड्डी बो शिवांग | 57 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो शिवांग | 51 |
| कूपर कोनोली का वर्मा बो शिवांग | 11 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 69 |
| नेहाल वढेरा बो हर्ष दुबे | 14 |
| शशांक सिंह नाबाद | 16 |

**अतिरिक्त** : 05, **गेंदबाजी** : हर्ष दुबे 4-0-38-1, उनादकट 3-0-40-0, मलिंगा 3-0-46-0, हर्षल पटेल 2-0-39-0, शिवांग कुमार 4-0-33-3, नीतिश कुमार रेड्डी 2-0-20-0, अभिषेक शर्मा 0.5-0-7-0

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.024 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

### ऑरेंज कैप





वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान - 200 रन
हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद- 184 रन
यशस्वी जायसवाल
राजस्थान-183 रन

### पर्पल कैप



रवि विश्नोई
राजस्थान- 9 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात- 5 विकेट



## वैभव सूर्यवंशी पंद्रह बरस की उम्र में काफी परिपक्व हैं : भुवनेश्वर

गुवाहाटी, एजेंसी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की उम्र भले ही 15 साल हो लेकिन वह काफी परिपक्वता और स्पष्टता के साथ बल्लेबाजी करते हैं। सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा जिस तरह से वह शॉट्स खेलता है, वह बाकायदा क्रिकेट शॉट होते हैं। 15 वर्ष की उम्र में वह काफी परिपक्व है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, हमें उसे इसका श्रेय देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी कभी भी पूरी तरह से दबाव में नहीं थी। उन्होंने कहा यह टी20 मैच है। वह युवा है और अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह परिपक्वता से बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन हमें कभी भी यह नहीं लगा कि हम पर पूरी तरह से दबाव बन गया है।

### विराट कोहली का संदेश- प्रिय वैभव बेहतरीन प्रदर्शन

गुवाहाटी। एक युवा क्रिकेटर के लि, सुपरस्टार विराट कोहली से मिली प्रशंसा किसी वरदान से कम नहीं है और आईपीएल में एक और शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को यह मौका मिला। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद कोहली ने वैभव की कैप पर हस्ताक्षर करके खास संदेश लिखा प्रिय वैभव, शानदार प्रदर्शन। इस पारी से सूर्यवंशी आरेंज कैप भी पहन चुके हैं।

## हाईलाइट

### निशानेबाज सैन्यम का विश्व कप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज सैन्यम ने आईएसएसएफ विश्व कप के एक चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्पेन के ग्रेनाडा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पांचवां स्थान हासिल किया। जूनियर विश्व और एशियन चैंपियन रह चुकी सैन्यम ने फाइनल में 178.9 का स्कोर किया। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक भी फाइनल में पहुंचीं और सातवें स्थान पर रहीं। 24 शॉट के फाइनल में 14वें शॉट के बाद 137.9 के स्कोर के साथ वह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चीन की शेन यियाओ ने 244.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। सैन्यम ने क्वालीफिकेशन दौर में 582 का स्कोर किया और 83 निशानेबाजों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया।

### एशियाई युवा टेबल टेनिस में भारतीयों ने जीते 13 स्वर्ण पदक

**शिमला।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। यह टूर्नामेंट एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर भी है। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया।

### एफआईए इंटरनेशनल कार्ट महिला रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची अतिका

**लोनाटो (इटली)।** भारतीय रेसिंग की युवा सनसनी अतिका मीर एफआईए इंटरनेशनल कार्ट रैंकिंग में महिला वर्ग में अपनी श्रेणी में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। अतिका मोटरस्पोर्ट की विश्व संस्था एफआईए की विश्व रैंकिंग में महिला रेसर में पहले स्थान पर हैं। यह 11 वर्षीय खिलाड़ी इंटरनेशनल ओके-एनजे वर्ग (12-14 वर्ष आयु वर्ग) में पुरुष और महिला दोनों वर्ग को मिलाकर कुल सातवें स्थान पर है।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए घरेलू रिकॉर्ड चिंता का विषय

- गुजरात के खिलाफ लय पाने की करेगा कोशिश
- मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी पर रहेगी नजर

**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाएंट्स को मुकुल चौधरी के रूप में एक नया स्टार मिल गया है, लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले उसके लिए घरेलू मैदान पर खराब रिकॉर्ड बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है।

एलएसजी और गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी जिससे उसने अपना खाता भी खोला। एलएसजी ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनके मैदानों पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। हालांकि एलएसजी एकाना में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उसे अगर इसे अपना मजबूत गढ़ बनाना है तो खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### अपने गढ़ में आरसीबी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी मुंबई



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या (बाएं) और कोच महेला जयवर्धने।

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ़ में जीत की राह पर लौटने का होगा। तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरुआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। पांच बार की चैम्पियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट (माइनस 0.715) के साथ आठवें स्थान पर है।

# सैमसन के नाम आईपीएल सत्र का पहला शतक

- चेन्नई ने दिल्ली कैपिटल्स को दिया 213 रनों का लक्ष्य

**चेन्नई, एजेंसी**

विश्व कप स्टार संजू सैमसन (नाबाद 115) के आतिशी शतक से चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शनिवार को आईपीएल मुकाबले में दो विकेट पर 212 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। सैमसन ने 56 गेंदों की अपनी शतकीय पारी में 15 चौके और चार छक्के मारे।

यह आईपीएल में इस सत्र का पहला और संजू का कुल चौथा शतक है। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 113 रन की साझेदारी की। म्हात्रे 36 गेंदों में 50 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। म्हात्रे ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। शिवम दुबे 10 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ 15 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई के बहुत से लोग दो चीज़ों के दीवाने हो जाते हैं - सीएसके और रजनीकांत। तो, कोई गलती न करें, संजू सैमसन ने आज बहुत सारे नए फ़ैन कमाए होंगे। सिर्फ़ अपनी सेंचुरी के लिए ही नहीं, बल्कि लैंडमार्क तक पहुँचने के बाद पदयप्पा सैल्यूट सेलिब्रेशन के लिए भी।

बैटिंग के लिए बुलाई गई सीएसके के ओपनर्स ने पावरप्ले में टिके रहे और 61 रन बनाए, जिसमें सैमसन ने ज़्यादातर रन बनाए। जहाँ रुतुराज गायकवाड़ पावरप्ले के बाद पहले ओवर में 18 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हो गए, वहीं सैमसन और आयुष म्हात्रे ने अच्छी पेस से बैटिंग की। युवा म्हात्रे को कुछ लाइफ़ रिप्रिव मिले और सैमसन का भी 52 रन पर कैच छूट गया। यह महंगा साबित हुआ क्योंकि दोनों ने 113 रन की पार्टनरशिप की। लुंगी एनगिडी ने शानदार 17वां ओवर फेंका और फिर नटराजन ने अगले ओवर में यॉर्कर डालना शुरू कर दिया। तभी सीएसके ने आयुष को 59 रन पर रिटायर करने का फ़ैसला किया और दुबे को अंदर बुलाया। सैमसन ने 52 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और फिर दुबे ने जब भी गेंद उनके स्लॉट में आई, कुछ बाउंड्री लगाईं।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

**212/2** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 115 |
| रुतुराज का निसंका बो अक्षर | 15 |
| आयुष महात्रे रिटायर्ड आउट | 59 |
| शिवम दुबे नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त** : 03, **गेंदबाजी** : नबी 2-0-17-0, मुकेश 4-0-37-0, अक्षर 4-0-39-1, नटराजन 4-0-54-0, एनगिड़ी 4-0-41-0, कुलदीप 2-0-24-0

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

**विश्व नंबर एक व गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को तीन गेमों में दी शिकस्त**

# एक और उलटफेर के सहारे आयुष शेट्टी फाइनल में

**निंगबो, एजेंसी**

भारत के आयुष शेट्टी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को शनिवार को तीन गेम के मुकाबले में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन वितिदसर्न पर 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की।

वह दिनेश खन्ना के बाद इस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। खन्ना ने 1965 में पुरुष एकल स्वर्ण जीता था। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में खिताब जीता था। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन आयुष का सामना अब दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के शि यू की से होगा।

भारत के पूर्व मुख्य कोच और 'सेंटर फॉर बैडमिंटन एक्सीलेंस' के निदेशक विमल कुमार ने पीटीआई को बताया, ''आयुष ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला। ऐसा लगा कि उन्होंने अपनी आक्रामक शैली से कुनलावत के दिमाग पर दबाव बनाया और इसका चतुराई से फायदा उठाया। उन्होंने कहा, ''दूसरा गेम जीतना बहुत अहम था। 20-14 के स्कोर पर आयुष शेट्टी पूरी तरह से नियंत्रण में लग रहे थे, लेकिन जब वितिदसर्न ने वापसी करते हुए स्कोर 20-19 कर दिया, तो वह थोड़े चिंतित हो गए। ठीक उसी समय उन्होंने कुछ विशेष किया, जिससे वह गेम अपने नाम करने में कामयाब रहे। कुमार ने कहा'पूरे हफ्ते उन्होंने मुश्किल पलों में सही रणनीति अपनाते हुए और अपने स्मैश का समझदारी से इस्तेमाल करते हुए शानदार वापसी करने की अपनी काबिलियत दिखाई है। उनका यही अनुशासन उन्हें सफलता दिलाने में मददगार साबित हुआ।भारतीय खिलाड़ी ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर कई बड़े नामों को हराया है, जिनमें पेरिस कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू और ब्रायन यांग शामिल हैं। इस सप्ताह आयुष ने विश्व नंबर सात ली शी फेंग और विश्व नंबर चार जोनाथन क्रिस्टी को हराने के बाद वितिदसर्न को मात दी।



### सेमीफाइनल तक एक भी गेम नहीं गंवाया था शेट्टी ने

आयुष ने सेमीफाइनल तक के सफर में एक भी गेम नहीं गंवाया था, जबकि वितिदसर्न ने उन्हें आर्कटिक ओपन में पिछले साल सीधे गेम में हराया था। वितिदसर्न ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली। ब्रेक के समय स्कोर 11-5 था और पहला गेम उन्होंने आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में आयुष ने दमदार वापसी की और कूदकर स्मैश लगाते हुए 3-1 की बढ़त बनाई। यह जल्दी ही 7-1 की हो गई, क्योंकि वितिदसर्न ने कई सहज गलतियां कीं। ब्रेक के समय स्कोर 11-4 था। आयुष ने बीच में कुछ गलतियां कीं, जिससे वितिदसर्न ने 13-11 से वापसी की।

# अंकिता की हार से भारत की विश्व ग्रुप प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म

**बिली जीन किंग कप**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंकिता रैना की शनिवार को यहां दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक के हाथों सीधे सेटों में हार के साथ ही भारत की बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के विश्व ग्रुप के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें खत्म हो गई।

भारतीय टीम दिन की शुरुआत में तालिका में चौथे स्थान पर थी और उसे शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए कोरिया पर 3-0 से जीत की जरूरत थी। कप्तान विशाल उप्पल ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले की शुरुआत के लिए सबसे अनुभवी खिलाड़ी अंकिता को चुना, लेकिन डेयोन बैक ने यह मुकाबला जीत कर भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। विश्व में 581वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 33 वर्षीय अंकिता ने 343वीं रैंकिंग वाली कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की। आखिर में हालांकि उन्हें एक घंटे 55 मिनट तक चले मैच में 1-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंकिता ने इस टूर्नामेंट में इससे पहले कोई एकल मैच नहीं खेला था। वह केवल युगल में ही प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। भारत अब शेष दो मैच जीतने का प्रयास करेगा।



दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक को बधाई देतीं भारत की अंकिता रैना। एजेंसी